राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रोहित शर्मा के नाम दर्ज हैं 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड ...

कप्तानी में धोनी जैसे हैं हार्दिक पांड्या, उसने कुछ अच्छी आदतें ली ... 11

वर्ष : 10 | अंक : 345 | पटना, रविवार, 30 अप्रैल, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

कांग्रेस के लोग जितनी अधिक गालियां देंगे, उतना ही कमल खिलेगा : मोदी

प्रात : किरण संवाददाता

हुमनाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जहरीले सांप संबंधी टिप्पणी पर शनिवार को पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने बीआर अंबेडकर और वीर सावरकर जैसे दिग्गजों को गाली देना भी नहीं बख्शा है लेकिन उसके अपशब्दों को लेकर जनता इस चुनाव में उसे धूल चटा देगी। श्री मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं दिन-रात काम करूंगा, और काम करूंगा। दोस्तों, आपके आशीर्वाद से सभी गालियां धूल में मिल जायेंगी। कांग्रेस के लोग जितनी अधिक गालियां देंगे, उतना ही कमल खिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के दिग्गजों को भी नहीं बख्शा और उसने सभी को गाली दी है। कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर जी और सावरकर जी जैसी हस्तियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा यह जानकर आप चौंक जायेंगे। बाबासाहेब अंबेडकर ने जनसभा में इस बारे में विस्तार से बताया था कि कांग्रेस ने उन्हें राक्षस, राष्ट्र द्रोही और दगाबाज कहा है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने ओबीसी को अपशब्द कहने के अलावा लिंगायत समुदाय को भी चोर करार दिया है। पिछले चुनावों में उन्होंने (कांग्रेस) कहा ह्यचौकीदार चोर है। और बाद में कहा कि मोदी चोर है। उन्होंने ह्यओबीसी को भी चोर कहा। अब कर्नाटक चुनाव के दौरान वे लिंगायत भाइयों और बहनों को चोर कह रहे हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा, मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मुझे इन दिग्गजों के समान माना गया है। वे मुझे गालियां देते रहेंगे। मैं खुद को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करता रहूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस उन

सभी से नफरत करती है जो आम आदमी की बात करते हैं और उनके भ्रष्टाचार को उजागर करते हैं तथा उनकी स्वार्थी राजनीति पर हमला करते हैं। उन्होंने कहा, ह्लअब तक कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें 91 बार अलग-अलग तरह से अपशब्द कहे हैं। दिलचस्प यही है कि कांग्रेस ने मेरे खिलाफ जो गालियां दी हैं, उनकी सूची मुझे मिली है। अब तक 91 बार उन्होंने ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि गालियों की यह डिक्शनरी बनाने के बजाय अगर उन्होंने अपना समय लोगों को सुशासन देने में लगाया होता तो उनकी स्थिति इतनी दयनीय नहीं होती। श्री मोदी ने कहा कि यह चुनाव कर्नाटक को देश का नंबर एक राज्य बनाने का चुनाव है। उन्होंने जोर दिया कि कि राज्य में वास्तविक विकास सुनिश्चित करने के लिए डबल इंजन सरकार की निरंतरता अपरिहार्य है और सिर्फ डबल इंजन और डबल पावर वाली सरकार ही कर्नाटक को नंबर एक बना सकती है। उन्होंने कहा, आप सभी एक ऐसा कर्नाटक चाहते हैं जहां राजमार्ग और एक्सप्रेसवे का विस्तार जारी रहे और मेट्रो सुविधाएं अधिक जिलों तक फैली हों तथा वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें अधिक संख्या में चलती हों। जहां हर खेत में आधुनिक सिंचाई प्रणाली हो। सुविधाएं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक में लोगों के सपनों को पूरा करने की पहल की है। पिछले पांच सालों में कर्नाटक में आम आदमी ने जो विकास की गति देखी है, वह रुकना नहीं चाहिए। यह केवल भाजपा के कार्यकाल में संभव हुआ है कि राज्य में रिकॉर्ड तोड़ विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक आकर्षित हुए हैं। कांग्रेस शासन के दौरान लगभग 30,000 करोड़ रुपये के वार्षिक एफडीआई हुआ जबकि आज यह संख्या लगभग 90,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में राज्य में 100 से अधिक सिंचाई योजनाएं दशकों से लंबित थीं और पिछले नौ वर्षों में भाजपा सरकार ने अधूरी पड़ी 60 से अधिक सिंचाई योजनाओं को पूरा किया है।

मौसम

अधिकतम तापमान 34.0°C

न्यूनतम तापमान 24.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी दल का हो : नीतीश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो टूक में कहा है कि घटना में कोई भी अगर दोषी पाया जायेगा तो चाहे वह किसी दल का हो, उस पर कार्रवाई होगी। किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा के नेता क्या बोलते हैं उस पर मैं ध्यान नहीं देता। उससे हमे कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री शनिवार को दानवीर भामाशाह की जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उक्त बातें कही। सासाराम में भाजपा नेता की गिरफ्तारी को लेकर पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी पर कोई आरोप लगता है तो पुलिस उसकी जांच करती है। जांच में जो दोषी पाया जाता है उस पर कार्रवाई होती है। आज तक हमने इस सब चीजों में कभी इंटरफेयर नहीं किया है। बिहार में जहां कहीं भी घटना होती है। तो उसकी बारीकी से जांच होती है। जिन दो जगहों पर घटनाएं हुई है, वहां पर कड़ी कार्रवाई की गई है। घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन

पूरे तौर पर सतर्क रहता है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से हुई मुलाकात के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी तबीयत खराब थी। दिल्ली में भी हमने उनसे मुलाकात की थी। अब यहां आये हैं तो हमारी उनसे मुलाकात हुई है।

सभी लोग अगर चाहेंगे तो बिहार में जरुर बैठक होगी : बिहार में विपक्षी एकता को लेकर बैठक करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी नेताओं के साथ मिलकर बातचीत कर रहे हैं। अभी कुछ और लोगों से बातचीत होनी है। इसके बाद तय हो जायेगा कि कहां पर बैठक होगी। बहुत लोगों की राय है कि बैठक पटना में होनी चाहिए। सभी लोगों की राय से यह सब तय होगा। सभी लोग अगर चाहेंगे तो बिहार में जरुर बैठक होगी। अभी एक राज्य में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। कई दल उस चुनाव में लगे हैं। चुनाव के बाद यह सब होगा। बिहार में सभी पार्टियों के साथ मीटिंग होगी तो यह खुशी की बात होगी। जो भी होगा वह सभी लोगों की राय से ही होगा।

सूडान से लौटनेवाले बिहारवासियों को नई दिल्ली एवं मुंबई से राज्य सरकार अपने खर्च पर पटना तक लायेगी

पटना। सूडान से लौटनेवाले बिहारवासियों को नई दिल्ली एवं मुंबई से राज्य सरकार अपने खर्च पर पटना तक लायेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सूडान से लौटनेवाले बिहार के निवासियों को मुंबई एवं नई दिल्ली से पटना तक राज्य सरकार ने अपने खर्च पर लाने का निर्णय लिया है। सूडान से लौटनेवाले बिहार के निवासियों के लिये राज्य सरकार के निर्देश पर स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली द्वारा नई दिल्ली एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गयी है ऐसे ही हेल्प डेस्क की व्यवस्था मुंबई एयरपोर्ट पर भी की जा रही है। दरअसल, भारत सरकार ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान में फंसे भारतीयों को स्वदेश वापस ला रही है। सूडान से लौटनेवाले ऐसे भारतीय नागरिक दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह को उनकी जयंती पर किया नमन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को शूरवीर दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, विधान पार्षद ललन सर्राफ, विधायक रणविजय साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य नंद किशोर कुशवाहा, जदयू के व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमल नोपानी, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद, जदयू नेता ओम प्रकाश सेतु सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी शूरवीर दानवीर भामा शाह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये ।

संक्षिप्त खबरें

आईएएस अधिकारी की पत्नी ने आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का किया रुख

नई दिल्ली। बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन के नेतृत्व वाली एक भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मार डाले गये भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी जी. कृष्णैया की पत्नी ने जेल से उनकी (आनंद मोहन की) समय पूर्व रिहाई को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। बिहार की जेल नियमावली में संशोधन के बाद बृहस्पतिवार सुबह आनंद मोहन को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया। जी. कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया ने याचिका में दलील दी है कि गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन को सुनाई गई उम्रकैद की सजा उनके पूरे जीवनकाल के लिए है और इसकी व्याख्या महज 14 वर्ष की कैद की सजा के रूप में नहीं जा सकती।उन्होंने उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा,जब मृत्यु दंड की जगह उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है, तब उसका सख्ती से पालन करना होता है, जैसा कि न्यायालय का निर्देश है और इसमें कटौती नहीं की जा सकती। आनंद मोहन का नाम उन 20 कैदियों में शामिल है, जिन्हें जेल से रिहा करने के लिए राज्य के कानून विभाग ने इस हफ्ते की शुरुआत में एक अधिसूचना जारी की थी क्योंकि वे जेल में 14 वर्षों से अधिक समय बिता चुके हैं। बिहार जेल नियमावली में राज्य की महागठबंधन सरकार द्वारा 10 अप्रैल को संशोधन किये जाने के बाद सजा घटा दी गई, जबकि ड्यूटी पर मौजूद लोकसेवक की हत्या में संलिप्त दोषियों की समय पूर्व रिहाई पर पहले पाबंदी थी।

राजस्थान में विभिन्न सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गयी। वहीं, दो घोड़ियां भी जिंदा जल गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिले के कपासन थाना क्षेत्र के रामथली गांव के पास आज तड़के एक पिकअप वैन सड़क के बीचोंबीच लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि तार से छूते ही वैन में आग लग गई, जिसमें चालक किशन खटीक व घोड़ी मालिक शांति लाल झुलस गए। उन्होंने बताया कि पिकअप वैन में दो घोड़ियां थीं, जिनकी जिंदा जलने से मौत हो गई। घटना के समय सभी एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वहीं चित्तौड़गढ़ के बेंगू इलाके में शनिवार सुबह कोटा-चित्तौड़गढ़ राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकरा गई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

प्रधानमंत्री के मन की बात शुद्ध गैर राजनीतिक, सांस्कृतिक संवाद कार्यक्रम: रविशंकर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लोगों के मनपसंद रेडियो कार्यक्रम प्रधानमंत्री के मन की बात की चर्चा करते हुए कहा कि रविवार को इसका 100 वां संस्करण है। उन्होंने इसे दुनिया का अनोखा कार्यक्रम बताते हुए कहा कि किसी भी देश के नेता का जनता के चर्चा करना संवाद करना इसका कोई और उदाहरण नहीं है। पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला मन की बात कार्यक्रम का 100 वां संस्करण देश में करीब 4 लाख स्थानों पर सुना जाएगा। पटना साहिब के सांसद ने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में इस कार्यक्रम को सुनने के लिए 620 स्थानों पर व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कल के दिन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 52 भाषाओं में प्रसारित किया जाता है, जिसमें दुनिया की 11 भाषाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम के जरिए एक प्रकार

से पूरे देश के लोगों को जोडा है, उनकी भावनाओं, संस्कृति, संस्कार, उनकी उपलब्धि के साथ दुनिया में बैठे भारतीयों को जोडा है। उन्होंने कहा कि रविवार को पटना महानगर क्षेत्र में 406 स्थानों पर मन की बात सुनी जाएगी, जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, आम आदमी शरीक होंगे। उन्होंने कहा कि पटना के प्रत्येक विधानसभा में कम से कम 100 जगहों पर यह कार्यक्रम सुनी जाए, इसकी अपेक्षा की गई है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने रेडियो क्रांति को दोबारा जिंदा किया है।

भाजपा सासंद ने की जवाहर प्रसाद की गिरफ्तारी की निंदा: पटना साहिब के सांसद श्री प्रसाद ने सासाराम हिंसा के करीब एक महीने बाद भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को गिरफ्तार करने की भर्त्सना करते हुए कहा कि एक महीने बाद सरकार को गिरफ्तार करने की याद आई। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार जितना ऐसे दोहरा मापदंड का काम करेंगे, जनता आपको देखती है, समय आने पर जवाब देगी। पत्रकारों के पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 23 अप्रैल को बिहार कारा हस्तक में काम में तैनात सरकारी सेवक की हत्या को विलोपित किया गया है। उन्होनें नीतीश कुमार से सवाल करते हुए कहा कि आपकी सरकार ने यह लाया क्यों और फिर विलोपित क्यों किया। उन्होंने कहा कि जब कोई भी कानून लाया जाता है या विलोपित किया जाता है, तो उसका कोई आधार होता है। सरकार बताए कि कानून लाया क्यों गया था। उन्होंने कहा कि जी कृष्णैया की हत्या नृशंस दुर्भाग्यपूर्ण हत्या है। उन्होंने कहा कि हम उनके परिवार की पीड़ा के साथ हैं। उन्होनें कहा कि जब पुलिस ने केस किया और जब लोअर कोर्ट में ट्रायल हुआ तो लालू प्रसाद की सरकार थी। इसके बाद अपील चला और सर्वोच्च न्यायालय ने सजा बहाल की तो नीतीश कुमार की सरकार थी। आखिर उस समय सरकार ने इसका विरोध क्यों नहीं किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या बिहार सरकार ने कभी कृष्णैया जी के परिवारों को मदद की गई।

मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय कार्यालयों का किया निरीक्षण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को सरदार पटेल भवन स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचकर विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल भवन परिसर का मुआयना भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक का कक्ष, अन्य पदाधिकारियों के कक्ष, ऑडिटोरियम सहित अन्य कक्ष को भी देखा। मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सरदार पटेल भवन के 5वें तल्ले में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सारी व्यवस्थायें यहां सुनिश्चित कर दी जायें। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अब यहीं से अपने कार्यों को संपादित करेगा। इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी, अपर मुख्य सचिव, गृह चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य पी एन राय, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य मनीष कुमार वर्मा, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित गृह विभाग, पुलिस मुख्यालय एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार सहित अन्य पूर्वी राज्यों में मई में लू चलने की संभावना

नई दिल्ली/ एजेंसी। बिहार, झारखंड और ओडिशा समेत पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मई में तापमान सामान्य से अधिक रहने और कुछ दिन लू चलने का पूवानुर्मान है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने मई के लिए तापमान और बारिश संबंधी मासिक पूवानुर्मान के तहत बताया कि पश्चिमोत्तर और पश्चिम-मध्य भारत के कुछ हिस्सों में रात में मौसम गर्म रहने और दिन में सामान्य से कम तापमान रहने की संभावना है। विभाग ने बताया कि कि मई में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों सहित देश के पश्चिमोत्तर और पश्चिम-मध्य हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने के आसार हैं। इसके अलावा, पूर्वोत्तर क्षेत्र, केरल, आंध्र प्रदेश और दक्षिण कर्नाटक के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है।

आईएमडी के अनुसार, मई में 61.4 मिलीमीटर की लंबी अवधि के औसत (एलएपी) की 91-109 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मई में बिहार, झारखंड, ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तथा पूर्वी मध्य प्रदेश, तेलंगाना और तटीय गुजरात के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्म हवाएं चलने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मई में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मौजूद तटस्थ अल नीनो का प्रभाव रहने की संभावना है और मौसम संबंधी अधिकतर मॉडल मई से मानसून के दौरान क्षेत्र के गर्म होने का संकेत दे रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि अल नीनो या भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के गर्म होने का भारत में मानसूनी बारिश पर प्रभाव पड़ता है।

सासाराम उपद्रव मामले में भाजपा के पूर्व विधायक गिरफ्तार

डेहरी। बिहार में सासाराम से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को सासाराम में रामनवमी में हुए उपद्रव के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि सासाराम नगर थाना क्षेत्र के लश्करीगंज मुहल्ला स्थित आवास से शनिवार को सुबह पुलिस ने राम नवमी के अवसर पर सासाराम में हुए उपद्रव मामले में पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। इनके अलावा एक अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद पर सासाराम व्यवहार न्यायालय से गैर जमानतीय वारंट जारी हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। श्री कुमार ने बताया कि सासाराम दंगा मामले में अबतक 65 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 12 नामजद आरोपितों पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। 38 पर गैर जमानतीय वारंट जारी है, जिसके लिए छापेमारी अभियान चल रहा है।

उद्घाटन मुख्यमंत्री ने शास्त्रीनगर में नवनिर्मित वरीय पदाधिकारियों के आवास का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित योग एवं ध्यान केंद्र परिसर का किया उद्घाटन

प्रशिक्षकों के रहने-खाने व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था ठीक ढंग से हो

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के शास्त्रीनगर में नवनिर्मित वरीय पदाधिकारियों के आवास का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन के पहले एवं सातवें तल्ले का निरीक्षण किया।

इस दौरान बेडरूम, ड्राइंगरूम, किचन और बालकॉनी सहित अन्य कमरों आदि को देखा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शास्त्रीनगर में ही नवनिर्मित योग एवं ध्यान केंद्र परिसर का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान विश्व योग पीठ, मुंगेर के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती एवं बिहार योग विद्यालय मुंगेर के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने योग एवं ध्यान केंद्र परिसर में स्थित पुस्तकालय एवं अन्य योग-कमरों को भी देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग एवं ध्यान के लिए यहां आनेवाले प्रशिक्षकों के रहने-खाने, आवागमन एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो और ठीक ढंग से लोगों का प्रशिक्षण हो सके। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वामी शिवानंद सरस्वती एवं परमहंस सत्यानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विश्व योग पीठ, मुंगेर के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती को अंग वस्त्र, हरित पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को विश्व योग पीठ, मुंगेर के

परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने अंग वस्त्र, हरित पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित योग एवं ध्यान केन्द्र के परिचालन हेतु भवन निर्माण विभाग एवं बिहार योग विद्यालय, मुंगेर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। मुख्यमंत्री ने योग एवं ध्यान केंद्र परिसर में पौधारोपण भी किया। योग एवं ध्यान केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि योगाभ्यास के लिए पटना में भी इंतजाम किया गया है। इनसे हमारी बातचीत एक जमाने से होती रहती है। इनसे हमने कहा कि योग का एक केंद्र पटना में रहेगा तो बहुत अच्छा होगा। उन लोगों ने इस पर अपनी सहमति दे दी। पटना में योग केंद्र बनाया गया है। उनकी तरफ से लोग यहां आकर योग की ट्रेनिंग देंगे। उन लोगों के यहां रहने और मुंगेर से पटना आने जाने की सुविधा सरकार के द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। यह लोगों के हित में है। हमलोग तो योग करते ही हैं। पटना में योग केंद्र खुलने से मुझे काफी खुशी हुई है। मुंगेर के योग केंद्र में जो भी आवश्यकता थी, हमलोगों ने उसमें सहयोग किया है। भवन निर्माण विभाग एवं बिहार योग विद्यालय, मुंगेर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होने के पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक औपचारिकता है।

वरीय पदाधिकारियों के लिये बने नवनिर्मित आवास से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों के लिए यहां पर भवन का निर्माण कराया गया है। अभी और आवास का निर्माण किया जाना है। किसी भी अधिकारियों को रहने में कोई दिक्कत नहीं होगी। नया भवन दिखने में काफी सुंदर लगता है। पुराने भवनों को हटाकर उनके जगहों पर नया भवन बनाना है। इसको लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दे दिया है।

ये रहें मौजूद : इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

संगतों ने तख्त साहिब की मान मर्यादा को ले सौंपा पत्र

पटना सिटी (प्राकि)।तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष व महासचिव को समर्पित एक ज्ञापन संगतों की ओर से सौंपा गया है. सौंपे गये ज्ञापन में तख्त साहिब की मान मयार्दा को बनाये रखने और ज्ञानी रणजीत सिंह की ओर से हुकूमनामा का पालन नहीं किये जाने के साथ हाई पावर जांच कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने में दोषी व सहयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।डिस्पैच में पत्र सौंपने वालों में राजेश सिंह अकाली, आशीष कपूर, त्रिलोक सिंह निषाद, इंद्रजीत सिंह, अमरजीत सिंह शम्मी, मोहन सिंह, जगजीत सिंह पप्पू अन्य सिख संगत शामिल थे। इन लोगों ने तख्त साहिब में ज्ञानी की सेवा बहाल नहीं करने और कमरे को खाली कराने सहित अन्य मांगों को उठाया है।

साइकिल व मोबाइल चोरी में तीन गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना की पुलिस ने चंद्रशेखर पार्क से साइकिल चोरी करने वाले को दबोचने का काम किया।सुबह में सैर के लिए साइकिल से आने वाले की साइकिल चोरी करते हुए एमआइजी बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी निवासी रोहित कश्यप को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार की निशानदेही पर साइकिल खरीदने वाले बोलबम प्रसाद को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार साइकिल खरीदार गौरीचक थाना क्षेत्र के लहलादपुर बोलबम प्रसाद के पास से चोरी की दो साइकिल बरामद की गई है।दूसरी ओर जीरो माइल बड़ी पहाड़ी से ट्रक चालक की मोबाइल चोरी करते हुए राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार के पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद किया गया है।पुलिस पकड़े गए तीनों गिरफ्तार को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

फतुहा। शनिवार का दिन बहुत ही खराब रहा। फतुहा रेलवे स्टेशन अंतर्गत अलग-अलग घटना में ट्रेन के चपेट में आने से एक वृद्धा व एक नवविवाहिता की मौत हो गयी।पहली घटना प्लेटफार्म नम्बर तीन की है जब एक वृद्धा अपनी झोला लेकर प्लेटफार्म नम्बर चार से रेलवे ट्रैक पार करते हुए प्लेटफार्म नम्बर तीन पर आ रही थी।जैसे ही वृद्धा प्लेटफार्म नम्बर तीन पर चढ़ने की कोशिश की तभी वह कटिहार इंटरसिटी एक्सप्रेस नन स्टॉपेज ट्रेन के चपेट में आ गयी तथा करीब दो सौ मीटर तक घसीटा गयी। वृद्धा का शव क्षत- विक्षत हो गया। वृद्धा की पहचान खबर लिखे जाने तक नही हुई है।रेल पुलिस के मुताबिक वृद्धा के झोले से मिले कम्बल व चादर से भिखारन प्रतीत होती है।वहीं दूसरी घटना स्टेशन से आगे पूर्वी केबिन के पास डाउन ट्रैक पर ट्रेन के चपेट में आने से एक नवविवाहिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।घटनास्थल पर मिले नवविवाहिता के मोबाइल से उसकी पहचान मोमिन्दपुर गांव निवासी राजेश कुमारी की पुत्री चंचला कुमारी के रुप में हुई है।

नेत्रहीन विद्यालय को दिया दान

पटना सिटी (प्राकि)।बिहार नेत्रहीन परिषद के द्वारा संचालित अंतर्ज्योति बालिका विद्यालय में बैंक ऑफ इंडिया के एजीएम ओपी कालरा एवं जनरल मैनेजर राकेश सहगल (बिहार एवं झारखंड) डिप्टी मैनेजर नवीन कुमार, अंचल कार्यालय प्रमुख रुचिर सिन्हा का आगमन हुआ।समारोह में आए अतिथियों का स्वागत परिषद के महासचिव विजय कुमार सिंह ने किया।अतिथियों ने विद्यालय को दो इनवर्टर और बैटरी दान में दिया। साथ ही बच्चों से प्रभावित होकर भविष्य में भी मदद करने का आश्वासन दिया। मंच का संचालन कोषाध्यक्ष जसवंत सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष श्रीमती अनुराधा सिंह ने किया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, छात्राएं एवं कर्मचारी मौजूद थे।

विनोद यादव बने राजद के प्रदेश महासचिव

पटना सिटी (प्राकि)।राजद नेतृत्व ने मालसलामी के रहने वाले विनोद यादव को प्रदेश महासचिव बना कर उन पर फिर राजद नेतृत्व ने भरोसा जताया है।पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी, नागेश्वर सिंह मुखिया, पंकज रजक, सनी यादव, गौतम कुमार तांती, मुन्ना जायसवाल, कमाल अशरफ, साबिर अली, संतोष जायसवाल, गुड्डू यादव, बिट्टू यादव, कालू सिंह, नीतीश कुमार, कुणाल राय, सलमान अख्तर, प्रदीप मेहता, दीपक चौधरी, सोनू गुप्ता, अनिल शर्मा, दिलीप यादव आदि ने खुशी व्यक्त करते कहा है कि विनोद यादव को महासचिव बनाने से राष्ट्रीय जनता दल में मजबूती आएगी और इसके लिए वह सब राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को बधाई दिया है।

हाई पावर जांच कमेटी की रिपोर्ट को स्वीकार नहीं कर लौटाया

तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष रिपोर्ट नहीं लिए, तो स्पीड पोस्ट से भेजा गया था

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के द्वारा एक हाई पावर जांच कमेटी का गठन तत्कालीन अध्यक्ष अवतार सिंह हित के द्वारा किया गया था। इसकी जरूरत है तब पड़ी जब तख्त श्री पटना साहिब में यहां सोने का बना श्री साहिब भेंट किया गया और इसकी जांच में सवा शेर की जगह महज 50-60 ग्राम सोना ही पाया गया। इसकी रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही को रिपोर्ट प्राप्त करने के बाबत मौखिक और लिखित तौर पर कमेटी के चेयरमैन के द्वारा भेजा गया। जब वह रिपोर्ट को प्राप्त नहीं किए और टालमटोल की नीति अपनाई, तब जांच कमेटी के चेयरमैन और दिल्ली हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आरएस सोढ़ी ने संयोजक चरणजीत सिंह को कार्यालय में जमा कराते हुए इसे मीडिया के द्वारा संगत के बीच जारी करने को कहा। इसके बाद 26 अप्रैल को अपराह्न में प्रेस कांफ्रेंस कर तख्तश्री कमेटी के सदस्य और हाई पावर जांच कमेटी के संयोजक चरणजीत सिंह ने उजागर कर दिया। इसके बाद भी वे इस रिपोर्ट को कार्यालय के डिस्पैचर रूम में रिसीव कराने गए, मगर वहां भी लेने से इनकार कर दिया गया। अंततः इन्होंने 26 अप्रैल को झाऊगंज डाकघर से तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही को प्रेषित कराया। इसके बाद 29 अप्रैल को यह स्पीड पोस्ट वापस चरणजीत सिंह के पटना के बोरिंग रोड स्थित आवासीय पते पर लौट आया। इसमें डाकिया के द्वारा लिखा गया कि बंद लिफाफे को लेने से इनकार कर दिया गया। इस संबंध में बात किए जाने पर हाई पावर कमेटी के संयोजक चरणजीत सिंह ने कहा कि उन्होंने जांच कमेटी के चेयरमैन के आदेश का पालन किया है।

चेयरमैन के निर्देश पर ही उन्होंने पटना साहिब में कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही को जांच रिपोर्ट की प्रति सौंपना चाहते थे, मगर वह नहीं आए। इसके बाद वे कमेटी के कार्यालय में रिसीव कराना चाहा, तो वहां भी उसे लेने से यह कह कर मना कर दिया कि कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा उसे आपके द्वारा कोई भी कागजात प्राप्त नहीं करने का निर्देश दिया गया है। अंततः चेयरमैन ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस पूरे रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया, जिसका उन्होंने पालन किया है। कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह ने कहा कि दरअसल 22 मार्च को एक पत्र महासचिव इंद्रजीत सिंह और सचिव हरबंश सिंह के हस्ताक्षर से जारी किया गया था। इसमें हाई पावर जांच कमेटी के चेयरमैन सह रिटायर्ड जस्टिस आरएस सोढ़ी को संबोधित करते हुए कहा गया था कि कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही के निदेर्शानुसार कमेटी आपसे आग्रह करती है कि अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द तैयार कर सौंपें। इसके बाद 18 अप्रैल को मौखिक तौर पर श्री सोही को सूचित किया गया। 19 अप्रैल को प्रधान जगजोत सिंह सोही को लिखित तौर पर सूचित किया गया। जब उन्होंने 25 अप्रैल तक रिपोर्ट को प्राप्त करने में कोई रुचि नहीं दिखाई, तब 26 अप्रैल को रिपोर्ट कार्यालय में जमा करने की बात कही गई। जब यहां भी लेने से इनकार कर दिया गया, तब उन्होंने इसे सार्वजनिक करते हुए स्पीड पोस्ट के द्वारा भेजने का काम किया। मगर उस लिफाफे पर भी डाकिया ने रिफ्यूज टू एक्सेप्ट लिख कर उनके पटना के आवासीय पता पर लौटा दिया। संयोजक सह सदस्य चरणजीत सिंह ने कहा कि दरअसल हाई पावर जांच कमेटी की ओर से सर्विस हो गई। पहले उन्होंने मौखिक और लिखित तौर पर 18 और 19 अप्रैल को पत्र भेजा था। इसके बाद 26 जनवरी को हाथों-हाथ रिपोर्ट की प्रति देने के प्रयास विफल होने पर रिपोर्ट को सार्वजनिक किया और उसी दिन स्पीड पोस्ट के द्वारा रिपोर्ट की प्रति भेजा। इसे भी उन्होंने स्वीकार करने से इनकार कर दिया। एक तरह से हाई पावर जांच कमेटी की ओर से सर्विस हो गई और यह कानूनन तय हो गया कि तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष की रुचि जांच कमेटी की रिपोर्ट को प्राप्त करने और उस पर विचार कर कमेटी की बैठक में निर्णय लेने में कोई रुचि नहीं है। इस संबंध में जब हाई पावर जांच कमेटी के चेयरमैन सह दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरएस सोढ़ी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि उन सबों ने अपना काम पूरा कर दिया गया है। अब कमेटी रिपोर्ट नहीं लेना चाहती है, तो वह इसमें क्या कर सकते हैं। इसमें तो सबसे बुरा निर्दोष करार दिए गए ज्ञानी रणजीत सिंह को ही भुगतना पड़ रहा है। कारण कि यदि जांच रिपोर्ट कमेटी को चाहिए ही नहीं थी, तो उसे 22 मार्च को जांच कमेटी के चेयरमैन को पत्र भेजकर जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के बाबत पत्र नहीं भेजा जाना चाहिए था।

शहर में विकास के लिए व्यापार जरूरी : टुनटुन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। नगर परिषद् क्षेत्र के रायपुरा में शनिवार को मीरा इंटरप्राइजेज का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सह समाजसेवी टुनटुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बब्बन यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर टुनटुन यादव ने दुकान संचालक को बधाई दिया साथ ही कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। ऐसे में फतुहा जैसे क्षेत्र में मीरा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अमित कुमार के द्वारा बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों का दुकान खोला जाना बहुत ही गर्व की बात है। इस दुकान में बेहतरीन एवं किफायती दर पर सामान मिलेंगे। मौके पर पार्षद मोहम्मद मिंटू, समाजसेवी सुधीर यादव, सूरज यादव, अनिल कुमार उर्फ कारू, सुमित कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

कोविड के स्वस्थ हुए दो मरीज को भेजा घर, जांच में दो और मिले

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में आरटीपीसीआर से हुई कोरोना की जांच में दो और मरीज मिले हैं। दूसरी ओर संक्रमित दो मरीज के ठीक होने के बाद दोनों को अस्पताल से घर जाने कोछुट्टी दे दी गई है।अस्पताल के अधीक्षक डॉ राजीव रंजन व नो बस व पदाधिकारी डॉ मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को माइक्रो बॉयोलॉजी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार की देखरेख में 242 सैंपल की जांच हुई। इसमें वैशाली से आए 230 सैंपल की जांच में एक और अस्पताल के 12 सैंपल की जांच में एक संक्रमित मरीज मिला है। दूसरी ओर अस्पताल के एमसीएच भवन में कोविड मरीज के भर्ती करने के लिए 100 बेड की व्यवस्था है। यहां भर्ती 27 वर्ष के युवक और 52 वर्ष की महिला को ठीक होने के बाद घर भेजा गया है। वार्ड में एक भी मरीज भर्ती नहीं है।

तख्तश्री कमेटी चुनाव : वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की तिथि 10 मई तक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के चुनाव को लेकर मतदाता सूची बनाने का काम किया जा रहा है। इसे लेकर लगातार पांचवीं बार तिथि बढ़ाई गई है। कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने 29 अप्रैल को पत्रांक तपस3/4922/23 जारी किया है। इसमें कहा गया है कि तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की चुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित पटना के तीन निर्वाचन क्षेत्र के अलावा दक्षिणी बिहार और उत्तरी बिहार के चुनाव से संबंधित वोटर लिस्ट फाइनल करने के लिए निर्धारित जिम्मेदार व्यक्तियों और वोटरों के द्वारा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल को 10 दिनों के लिए बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया था। इस बाबत कमेटी के द्वारा बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के सचिव को पत्र भेजा गया था। उनसे सहमति मिलने के बाद अब कमेटी के चुनाव को लेकर तैयार किए जा रहे मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए नई तिथि 10 मई को अपराह्न पांच बजे तक निर्धारित की गई है। इसके बाद किसी तरह का कोई फॉर्म नाम जोड़ने और हटाने का स्वीकार नहीं किया जाएगा। दरअसल बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार ने पहले मार्च में दो तिथि कमेटी के महासचिव को वोटर लिस्ट भेजने के लिए दिया था, मगर दोनों तिथि 14 और 30 मार्च तक प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारीगण वोटर लिस्ट भेजने में सफल नहीं हुए। इसके बाद फिर 22 अप्रैल, फिर 30 अप्रैल और अब 10 मई की तिथि निर्धारित की गई है।

शतचंडी महायज्ञ में कन्या पूजन व धार्मिक अनुष्ठान हुआ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री भगवती सीता स्थान प्रबंधक समिति की ओर से जानकी नवमी पर आयोजित शतचंडी महायज्ञ किया जा रहा है। यह अनुष्ठान बक्शी मुहल्ला स्थित सीता स्थान मंदिर पर किया जा रहा है। काशी से आए पंडित नित्यानंद त्रिपाठी के आचार्यात्व में पाठ के समापन के बाद ध्वजारोहण और हवन का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद कन्या पूजन करने के बाद प्रसाद का भंडारा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुआ। प्रवचन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्री राघवेंद्र की माधुर्य अधिष्ठात्री महालक्ष्मी ही माता सीता हैं। मंदिर परिसर में शाम को भजन कीर्तन किया गया। आयोजन में उपाध्यक्ष रतनदीप प्रसाद, सचिव प्रभात बहादुर माथुर, कोषाध्यक्ष इंद्र बिहारी प्रसाद, सदस्य प्रो विनय कृष्ण प्रसाद, नितेश कुमार सिन्हा, शत्रुघ्न यादव, सुजीत कसेरा, नितेश तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी, रंजीत वर्मा, समीर माथुर आदि सक्रिय थे। आयोजकों के अनुसार रविवार को विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

स्कूली छात्रों को जूनियर रेडक्रास से जोड़ने की कोशिश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा पटना सिटी के विभिन्न विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी की शाखाओं की स्थापना के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लगभग आधा दर्जन प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी परिसर में संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधि डॉ श्रवण कुमार के संबोधन से हुआ। उन्होंने जूनियर रेडक्रॉस के महत्व की चर्चा की और इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि बिहार को छोड़ कर अनेक राज्यों में इसकी स्थिति काफी बेहतर है। डॉ कुमार ने बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच प्राथमिक उपचार से संबंधित बुनियादी बातों की भी चर्चा की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सहभागी विद्यालयों से 50-50 छात्र-छात्राओं को जूनियर रेडक्रॉस का वॉलिंटियर बनाया जाएगा। इन बच्चों को न केवल रेडक्रॉस के किट उपलब्ध कराए जाएंगे, बल्कि इनके बीच प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रकाशित सामग्री का भी वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही, इनके बीच इन विषयों से संबद्ध प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे कि इनकी रुचि इन विषयों में बनी रहे। जूनियर रेडक्रॉस की गतिविधियों के संचालन एवं विद्यालयों में परस्पर समन्वय के लिए सोसाइटी के सक्रिय सदस्य सरोज जायसवाल को संयोजिका बनाया गया। बैठक में नगर के अधिक विद्यालयों को इस अभियान में शामिल करने पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए शाखा चेयरमैन गोविंद कानोडिया ने यह उम्मीद जाहिर की कि जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी की विभिन्न विद्यालयों में स्थापना से छात्र-छात्राओं को भविष्य में एक जिम्मेवार नागरिक बनने में अवश्य ही सहायता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि बिहार के राज्यपाल -सह-अध्यक्ष, बिहार रेडक्रॉस सोसाइटी के पटना सिटी में आगामी कार्यक्रमों में इन बच्चों का साक्षात्कार कराया जाएगा तथा इस दिशा में उनसे आवश्यक मार्गदर्शन भी प्राप्त किया जाएगा। बैठक में विद्यालय प्रतिनिधियों में अलफ्रेड अल्फांसो, अभिषेक पैट्रिक, सरोज जायसवाल, अमरेंद्र कुमार ठाकुर, सच्चिदानंद मिश्र, आशुतोष कुमार, राकेश कुमार, समाजसेवियों में संजय गुप्ता, विजय कुमार सिंह, संजीव कुमार यादव, श्वेता कनोडिया, पप्पू वर्मा, नरेश सुलतानिया आदि ने भाग लिया।

अनुमंडल स्तरीय आंबेडकर परिचर्चा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर । नगर के अंतर्गत शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल की ओर से तकियापर स्थित मैरेज हॉल में अनुमंडल स्तरीय आंबेदकर परिचर्चा का आयोजन जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक दीनानाथ यादव की अध्यक्षता में की गई. इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निदेर्शों पर राजद कार्यकताओं अपने -अपने क्षेत्र में संविधान के रचयिता डा भीमराव आंबेदकर पर परिचर्चा के माध्यम से राज्य के हर तबके के लोगों को संविधान के बारे में बताया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आज बाबा साहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान खतरे में है विधायक भाई बीरेंद्र ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा की भाजपा द्वारा संविधान की हत्या की जा रही है. लगातार संविधान को तोड़ने की कोशिश की जा रही है. भाजपा संविधान को तोड़ मरोड़ कर डा आंबेदकर का अपमान कर रही है. आजादी की लड़ाई हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी मिलकर देश के लडकर शहीद हुए थे. उस समय भाजपा जनसंघ के नाम से जानी जाती थी. अंग्रेजों की दलाली कर रही थी और आजादी के दीवानों को सजा दिलवाने का काम किया करते थे. जनसंघ के ही सदस्य थे. उन्होंने कहा कि नाथूराम गोड ने महात्मा गांधी की हत्या की थी. संविधान की हत्या उसी वक्त हो गई थी. महात्मा गांधी के हत्या करने वाले हत्यारे नाथूराम गोडसे का जयंती और पुण्यतिथि भाजपा मना कर कानून की हत्या कर रहा है. इनके अलावे विधायक रीत लाल यादव , राजद प्रदेश महासचिव सुभाष प्रसाद यादव , कमल देव यादव उर्फ केडी यादव , मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव , मुकुंद सिंह , रामपन्नी सिंह यादव ,जिला उपाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, अफरोज आलम उर्फ गुड्डू , प्रखंड अध्यक्ष सत्यानंद सिंह यादव ,युवा प्रखंड अध्यक्ष पप्पू यादव , अर्जुन पासवान , पूर्व प्रमुख सुनील राय , पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश यादव , पूर्व पार्षद ललन कुमार यादव समेत आदि ने विचार व्यक्त की . इससे पूर्व बाबा साहेब के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया .

श्री अकाल तख्त के जत्थेदार से ज्ञानी रणजीत सिंह की सेवा बहाल का अनुरोध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार सिंह ज्ञानी रणजीत सिंह और व फर्जी डॉक्टर गुरविंदर सिंह सामरा करतारपुर के एक प्रमुख तख्त के जत्थेदार पद पर आसीन स्कॉलर पर गलत आरोप लगाए गए इसके बाद से हाई पावर जांच कमेटी के गठन होने और उसकी रिपोर्ट आने तक यानी रंजीत सिंह ने खासा मानसिक यंत्रणाएं झेली हैं। जांच कमेटी के चेयरमैन और दिल्ली हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आर एस सोडी एवं संयोजक चरणजीत सिंह के द्वारा रिपोर्ट तैयार कर सील बंद लिफाफे में रहने और इसकी सूचना तख्त श्री कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही को दिए जाने के बाद भी जब उन्होंने इसे प्राप्त करने में खासा देर किया इसके बाद चेयरमैन के निर्देश पर संयोजक ने तख्त श्री पटना साहिब कमेटी के कॉन्फ्रेंस हॉल में मीडिया के माध्यम से इसे सार्वजनिक कर दिया। इस रिपोर्ट में ज्ञानी रंजीत सिंह को पूरी तरह से निर्दोष करार दिया गया है। इस आधार पर आपसे आग्रह करना चाहते हैं कि सिंह साहिब एक धार्मिक व्यक्ति हैं। इस दौरान कोरोना काल और खासकर लॉकडाउन के दौरान हम सभी सेवादारों का काफी ध्यान रखा है। हमारा वेतन नहीं काटा गया। हम सबों को पूरी तनख्वाह की व्यवस्था की गई। तख्तश्री कमेटी के कार्यालय में करोड़ों रुपए जमा भी इन्होंने संगत से अपील करकराई।

बड़ी मात्रा में सोना जमा कराया गया। सभी सेवादारों को लगता है कि ऐसा जत्थेदार आगे मिल पाएंगे या नहीं। हमारी यही विनती है कि आप इस मामले में दखल दें और सिंह साहेब ज्ञानी रणजीत सिंह की सेवा बतौर जत्थेदार बहाल करने का आदेश तख्तश्री कमेटी के प्रधानऔर महासचिव को दें।

संवेदना व अनुभूतियों का स्वाभाविक प्रस्फुटन है सृजन संगम : डॉ शिवनारायण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सृजन, अंतःकरण से अंकुरित भाव व संवेदनाओं का अनोखा संगम है, जो अनुभवों के सोपान से गुजरते हुए सृजनात्मकता की ओर अग्रसर होती है क यह बात शनिवार को कवि एवं साहित्यिक पत्रिका नई धारा के संपादक प्रो शिवनारायण ने कही। महेंद्रू स्थित व्योम सभागार में 48 रचनाकारों के साझा काव्य संग्रह सृजन संगम के लोकार्पण के बाद उन्होंने कहा कि हर मनुष्य के अंदर अनुभवों का अथाह भंडार है, जिसे सृजनात्मकता के स्तर पर प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। उन्होंने संग्रह में शामिल चार दर्जन कवि और कवयित्रियों को उनकी बेहतर रचनाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रसिद्ध शायर कासिम खुर्शीद ने कहा कि 150 से अधिक रचनाओं का यह अनूठा संकलन देश और समाज के लिए प्रेरणादायी है। गौरतलब है कि गोविंद अनुज एवं सत्यम सिंह बघेल के संयुक्त संपादन में श्री नर्मदा प्रकाशन, लखनऊ द्वारा प्रकाशित इस साझा काव्य संकलन में पटना के डॉ ध्रुव कुमार और अनिल रश्मि की तीन-तीन रचनाएं शामिल हैं।अनिल रश्मि ने अपनी कविता नव बिहार हूं प्रकृति तुमसे ही और बेटी कविता का पाठ किया। डॉ ध्रुव कुमार ने आओ एक दीया अंतर्मन में जलाएं, सावन की हरियाली और होली के रंग शीर्षक से अपनी कविताओं का पाठ किया। पंकज प्रियम ने अपनी कविता डॉल्फिन का पाठ किया।

इस दौरान स्वरांजलि की ओर से हाल ही में फिजी में संपन्न विश्व हिन्दी सम्मेलन में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने वाले प्रो शिवनारायण और उर्दू साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिए शायर कासिम खुर्शीद को सम्मानित किया गया। स्वरांजलि की ओर से डॉ ध्रुव कुमार और अनिल रश्मि ने अंगवस्त्रम से दोनों विभूतियों को सम्मानित किया क श्रोताओं के विशेषण अनुरोध पर प्रो शिवनारायण और कासिम खुर्शीद ने अपनी रचनाओं का पाठ कर उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर मनीष श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

पीएम के मन की बात सुनने को पटना साहिब में खास व्यवस्था : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक नंदकिशोर यादव के नेतृत्व में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में सौ जगहों पर रविवार को मन की बात सुनने की विशेष व्यवस्था की गयी है। भीषण गर्मी को देखते सभी जगहों पर पीने का पानी एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। श्री यादव ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात की सौवीं कड़ी का प्रसारण होगा। इस गौरवशाली समय के साक्षी बनने के लिए अधिक से अधिक लोग मन की बात को सुनकर अपने जीवन को फलीभूत करें। मन की बात ने लोकप्रियता का नया मिसाल कायम किया है। सात समंदर पार भी लोग मन की बात को सुनकर अपने जीवन को सफल तथा सार्थक बना रहे हैं। विधायक श्री यादव ने कहा कि मन की बात की सौवीं कड़ी के प्रसारण को लेकर पटना साहिब के लोगों में गजब का उत्साह है। लोग एक दिन पहले ही पूरी तैयारी कर चुके हैं, ताकि किसी भी सूरत में वे मन की बात की सौवीं कड़ी के ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने से न चूकें। गौरतलब है कि भाजपा ने ने देश भर के हर विधानसभा क्षेत्र में औसतन सौ स्थानों पर ऐसी सुविधाएं बनाई हैं, जहां लोग मन की बात को सुविधापूर्वक सुन सकें। पीएम मोदी के संबोधन को सुनने के लिए भाजपा विदेशों सहित लगभग चार लाख स्थानों पर व्यवस्था की है। भाजपा के इस विशेष अवसर को 'ऐतिहासिक बनाने की हर तैयारी पूरी कर ली है।

पटना महानगर के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के टेकारी महाराज मंडल मे पीएम मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम पांच बूथ भवन के स्थानों पर सुना जाएगा` यह जजनकारी टेकारी महाराज मंडल के मंडल अध्यक्ष मुन्ना कुमार राउत ने दिया। उन्होंने कहा कि मन की बात सरल, सहज और सफल जीवन मंत्र है, जो देश दुनिया में लोकप्रियता का आयाम हासिल कर रहा है। कार्यक्रम में विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पटना महानगर के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, टेकारी मंडल अध्यक्ष मुन्ना कुमार राउत, शेखर सिंह गुडडू, सत्य प्रकाश बिहारी, अरविंद कुमार, उत्तम कुमार, विरेन्द्र कुमार, कमला वर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

आईपीएल के लिए एलजी ने जियो सिनेमा के साथ की साझेदारी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए विशेष डिजिटल पार्टनर जियो सिनेमा के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी का उद्देश्य लाखों भारतीय उपभोक्ताओं के क्रिकेट देखने के अनुभव को बेहतर बनाना है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले मनोरंजन समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जियो सिनेमा, जो हाई-ऑक्टेन आईपीएल को सभी इंटरनेट नेटवर्क ग्राहकों के लिए मुफ्त में स्ट्रीम कर रहा है, अब एलजी ओएलईडी टीवी पर उपलब्ध होगा।

इस साल, आईपीएल को जियो सिनेमा पर 12 अलग-अलग भाषाओं में 16 यूनिक फीड्स में स्ट्रीम किया जा रहा है, जिसमें इनसाइडर फीड, हैंगआउट फीड, फैंटेसी फीड और फैनजोन फीड शामिल हैं और यूजर्स इसे एलजी स्मार्ट टीवी पर जियो सिनेमा ऐप के जरिए एक्सेस कर सकते हैं। एलजी की उन्नत डिस्प्ले तकनीक और जियोसिनेमा की विविध सामग्री के साथ, दर्शक इस आईपीएल सीजन में एलजी 4के टीवी ग्राहकों के लिए उपलब्ध 4के स्ट्रीमिंग और मल्टी-कैम प्रेजेंटेशन के साथ एक शानदार अनुभव का आनंद ले सकते हैं।

मन की बात के 100वे संस्करण को लेकर प्रदेश भाजपा की जोरदार तैयारी

मन की बात को अवश्य सुने प्रदेश के युवा : ऋतुराज

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं मन की बात के पांच राज्यों के प्रभारी ऋतुराज सिन्हा ने रविवार को को होने वाले 100वे मन की बात को सुनने का आह्वान हर देशवासियों से किया है। उन्होंने विशेष रूप से बिहार के युवाओं से आह्वान किया है कि वे मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुने क्योंकि मन की बात के प्रसारण से सम्पूर्ण देशवासियों में एक सकारात्मक उर्जा का संचार होता है, विशेषकर युवाओं में युवाओं को उचित मार्गदर्शन से लेकर उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में मनाये जाने वाले पर्व त्यौहार, स्थानीय महापुरुषों और अन्य विशेष उपलब्धियों के बारे में जानने का सुअवसर मिलता है। 3 अक्टूबर 2014 , विजयादशमी के दिन को प्रसारित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का कार्यक्रम इस बार इसलिए विशेष है कि 30 अप्रैल को अपने 100वें एपिसोड तक पहुंच रहा है श्री सिन्हा मन की बात के 100वे एपिसोड को पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के फतुआ विधानसभा के कटैया घाट, बूथ संख्या 257 में स्थानीय नागरिकों और नाविको के साथ सुनेंगे। श्री सिन्हा ने प्रभारी होने के नाते विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मन की बात हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होने वाला एक मासिक संबोधन है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से संवाद करते हैं। मन की बात की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, की 27 जनवरी 2015 को प्रसारित हुए कार्यक्रम में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भाग लिया था और भारत की जनता के पत्रों के उत्तर दिए थें। प्रधानमंत्री मन की बात के हर प्रसारण में भारत के सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, लोकसंस्कृति, देशके नागरिकों के द्वारा की जाने वाली उपलब्धियों के बारे में बताते हैं। उन्होंने सभी देशवासियों और खासतौर पर सभी बिहारवासी से 100 वें मन की बात को अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों, पड़ोसियों के साथ सुनने और दुसरे सभी लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया है।

सौवां एपिसोड होगा ऐतिहासिक : मंगल पांडेय

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि 30 अप्रैल को रेडियो एवं दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले मन की बात के 100वें एपिसोड को यादगार माना जाएगा। पीएम श्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 100 वें एपिसोड को लेकर हम सभी उत्साहित हैं। मोदी दुनिया के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जो बिना किसी अवरोध के किसी कार्यक्रम को सौवीं बार संबोधित करने जा रहे हैं। ये अपने आप में विश्व कीर्तिमान है। उन्होंने देश की आम आवाम से जुड़कर सीधे संवाद किया। रेडियो को भी प्रचलित किया और जनता की समस्याओं का जिक्र सीधे तौर पर संवाद के जरिये किया। विभिन्न आयामों के जरिए जनता से जुड़ने की कला उनकी व्यक्तित्व व कृति की प्रमुख खासियत है श्री पांडेय ने कहा कि पार्टी की तरफ से सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं में तो मन की बात की लोकप्रियता है। साथ ही इस कार्यक्रम ने समाज के हर वर्ग को अपना मुरीद बनाया है। आम लोगों से लेकर बुद्धिजीवियों और गणमान्य लोगों ने भी इसे खूब सराहा। समाज के हर वर्ग को मन की बात से जोड़कर विकसित समाज बनाने की दिशा में सार्थक पहल की गयी। मन की बात का पहला प्रसारण 2014 में 3 अक्टूबर को हुआ था। अब तक किए गए प्रसारण में घरेलू खिलौनों को प्रोत्साहन और कोविड के समय की गई प्रधानमंत्री की अपील बेहद सफल साबित हुई है। एक सर्वे के मुताबिक पीएम की ओर से मन की बात में उठाए गए सबसे लोकप्रिय विषयों में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि, आम नागरिकों के किस्से, सशस्त्र बलों की वीरता, युवा संबंधित मुद्दे और पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

विश्व में सर्वाधिक सुनने वाला कार्यक्रम साबित होगा : सुशील

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष महामंत्री सुशील चौधरी ने कहा है कि 30 अप्रैल को दिन के 11 बजे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 100वां मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया जायेगा। जो सभी समाचार के माध्यमों, सभी चैनलों, सोशल मीडिया आदि से प्रसारित होगा। सभी बिहारवासियों से विनम्र अनुरोध है कि मन की बात कार्यक्रम में अपने प्रधानमंत्री को ससमय सुनें। बिहार के सभी 243 विधानसभा के 26000 स्थालों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम में लाखों लोगों की उपस्थिति रहने वाली है। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, सभी केन्द्रीय मंत्री, गिरिराज सिंह, राजकुमार सिंह, नित्यानंद राय, अश्विनी कुमार चौबे एवं सभी सांसदगण, सभी सम्मानित विधायक, विधान पार्षद, अपने अपने विधानसभा एवं संसदीय क्षेत्र के बूथ पर मन की बात कार्यक्रम सुनने वालें है। संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, विधानसभा व मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केन्द्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष भी इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं। यह कार्यक्रम विश्व में किसी भी राष्ट्र अध्यक्ष का सर्वाधिक सुनने वाला कार्यक्रम साबित होगा।

भाजपा की नकारात्मक राजनीति को खत्म करेगा कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड : आदित्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

धर्म व जाति के आधार पर भाजपा द्वारा देश को सत्ता के लिए विभाजित किया जा रहा है, अमीर और गरीब की बीच की खाई बढ़ाई जा रही है, महंगाई चरम सीमा पर है, महिलाओं की सुरक्षा तार-तार हो रही है, इन सारे मसले से निजात दिलाने के लिए कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड लोगों के बीच जाएगा और उनके हक की लड़ाई लड़ेगा। उक्त बातें कांग्रेस सेवा दल के यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य पासवान ने शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवा दल के यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मुझे अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी देसाई के द्वारा दायित्व सौंपा गया है। राज्य, समाज, समुदाय और अल्पसंख्यकों के विकास का पर्याय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। कहा कि सेवा दल का मूल उद्देश्य था भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय में कांग्रेस पार्टी के विचारों और आदर्शों को लोगों तक पहुंचाना और लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के लिए तैयार करना था। सेवा दल ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जागरूकता फैलाई और लोगों को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सेवा दल के सदस्यों को नियमित रूप से शिक्षा और ताकत का विकास करने के लिए तैयार किया जाता है और इस संगठन के सदस्य दूसरों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और देश में अनेक जनसेवा कार्यों में शामिल होते हैं। एक तरफ डॉ. कुमार ने बताया कि जल्द ही 9 प्रमंडल का 9 कैम्प कि शुरूआत की जा रही है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक भी उपस्थित थे।

सत्यपाल मलिक के बयान पर कब जवाब देंगे पीएम : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद ने कहा है कि15 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक द्वारा एक इंटरव्यू में फरवरी 2019 में पुलवामा में हुए लोमहर्षक आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों की शहादत के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराने संबंधी विस्फोटक आरोप पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को हैरत अंगेज है। श्री राजीव ने कहा कि यह आरोप इसलिए भी अत्यंत गंभीर हो जाता है कि श्री मलिक ने कहा कि पीएम मोदी को जब यह कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय से सीआरपीएफ द्वारा पूर्व में ही केंद्रीय गृह मंत्रालय से 5 एयरक्राफ्ट माँगे थे, क्योंकि उनकी दृष्टि में, जवानों को पाक सीमा से अत्यंत निकट के संवेदनशील राजमार्ग से ले जाना सुरक्षित प्रतीत नहीं होता था, क्योंकि 18 इंटेलिजेंस इन्पुट्स हिजबुल मुजाहीदीन की गतिविधियों की उस क्षेत्र में आशंका जाहिर कर रहे थे। इसीलिए सीआरपीएफ जवानों को सड़क मार्ग की बजाय माँगे गये 5 एयरक्राफ्ट के जरिए सुरक्षित गंतव्य तक पहुँचाने की माँग सीआरपीएफ अधिकारियों द्वारा की गई थी। यदि यह 5 एयरक्राफ़्ट उन्हें मिल गया होता, तब आतंकवादी भारत की सार्वभौमिकता पर हमले में कामयाब नहीं हो पाते, तो श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें चुप रहने को कहा, साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी मलिक से यही नसीहत साझा किया। श्री प्रसाद ने हैरानी व्यक्त करते हुए पीएम मोदी, तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह एवं एनएसए अजीत डोभाल कब जवाब देंगे क्योंकि मलिक के द्वारा 15 अप्रैल 2023 यानि आज से दो सप्ताह पहले ही यह संगीन आरोप लगाया गया है, साथ ही पूर्व थल सेनाध्यक्ष शंकर राय चौधरी द्वारा भी इस मामले में कोलकाता के एक प्रमुख दैनिक को साक्षात्कार में श्री मलिक के बयान से सहमति जताते हुए कहा गया कि पुलवामा में जानमाल के नुकसान की प्राथमिक जिम्मेदारी प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार की है, जिसे एनएसए द्वारा सलाह दी जाती है। श्री प्रसाद ने कहा जिस सरकार की लापरवाही से 40 जवान शहीद हुए, उसे भी बीजेपी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भुनाया, पूरे देश में उन्होंने शहीदों के पोस्टर्स लगाकर वोट माँगे, स्वयं पीएम मोदी ने भी चुनाव सभाओं में शहादत के लिए वोट माँगे। श्री प्रसाद ने कहा कि यदि बीजेपी में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो पब्लिक डोमेन में आकर अपना पक्ष स्पष्ट करे।

मोदी सरकार का बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा ढकोसला : अंजुम

पटना। बिहार प्रदेश जनता दल यू की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, डॉ भारती मेहता एवं अनुप्रिया ने बयान जारी कर कहा कि देश को ओलंपिक में अनेकों मेडल दिलाकर सभी भारतीयों को गौरान्वित करने वाली बेटियां विगत कई दिनों से भाजपा सांसद सह रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठी हुई है। लेकिन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने चहेते सांसद को बचाने के उद्देश्य से कोई करवाई नहीं कर रहे हैं। सियासत और सत्ता का रसूख ऐसा है कि पुलिस कुछ भी नहीं कर सकती। ऐसी परिस्थिति इस देश में कभी नहीं थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक साल में ना ही तो जांच शुरू करने का आदेश दिए गये तथा ना ही तो प्राथमीकी दर्ज की गई। भाजपा का आरोपी सांसद खुले में घूम रहा है। मोदी सरकार की महिला खिलाड़ियों के प्रति संवेदनहीनता, अकर्मण्यता और अपराधियों के प्रति कृपा का भाव देखकर सर्वोच्च न्यायालय ने मामलें में हस्तक्षेप कर दिल्ली पुलिस को ब्रजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश किया है। हमारा सवाल केन्द्र की मोदी सरकार से है की उनके चहेते ब्रजभूषण शरण सिंह को दिल्ली पुलिस कब गिरफ्तार करेगी? तथा हमारी पहलवान बेटियों का बिजली-पानी कटवाने के बजाय उन्हें तत्काल न्याय दे। मोदी सरकार का यह नारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ मात्र ढकोसला है बल्कि उनकी असली नीति बेटियों के बारे में बेटी रुलाओ-बेटियों को धरने पर बैठाओ है।

कांग्रेस की मजबूती के लिए प्रकोष्ठों का प्रभावी और सक्रिय होना जरूरी : अखिलेश सिंह

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने लिया विभिन्न विभागों की बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह ने पार्टी को और मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को विभिन्न प्रकोष्ठों के साथ बैठक की। प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने अनुसूचित जाति विभाग, रिसर्च विभाग और पंचायती राज विभाग के चेयरमैन व उनकी टीम के साथ अहम बैठक लेकर इन तीनो विभागों को धार देने को लेकर कई जरूरी सुझाव दिया और निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने बूथ लेवल तक इन विभागों के टीम को गठित करने का निर्देश दिया जिसमें आगामी चुनाव तक सभी प्रभागों को मजबूती से जमीनी स्तर पर कार्य करने को लेकर कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए इसके प्रकोष्ठों का प्रभावी और सक्रिय होना जरूरी है। इस दिशा में पूरी सक्रियता से काम करने की जरूरत है। हर प्रकोष्ठ को अपनी भूमिका के अनुरूप काम करना होगा संगठनात्मक स्तर पर इसे दुरूस्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य की रूपरेखा तैयार करें, कार्यक्रम रखें और अपने प्रकोष्ठ की पूरी भागीदारी सुनिश्चित करें एव अधिक से अधिक लोगों को सम्बन्धित प्रकोष्ठ से जोड़कर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक के बाबत प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में भी विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक सम्पन्न की जाएगी। सभी विभागों को धारदार बनाने को लेकर आगे भी समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के विभिन्न विभागों की कल भी अहम बैठक होने वाली है। कांग्रेस की मजबूती के लिए इसके प्रकोष्ठों का प्रभावी और सक्रिय होना जरूरी है। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के मुख्य सचेतक व अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन विधायक राजेश कुमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा कांग्रेस के सभी आनुषंगिक विभागों की बैठक सम्पन्न कर उनको सांगठनिक तौर पर मजबूती देने की कवायद का स्वागत है और सभी विभाग के चेयरमैन अपनी टीम को मजबूती देने को कमर कसना होगा। इस बैठक में रिसर्च विभाग के चेयरमैन आनन्द माधव ने रिसर्च विभाग के क्रियाकलापों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रिसर्च विभाग मुख्य रूप से इनपुट टीम है जो अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस को डाँटा एवं कंटेंट के रूप में प्रदान करता है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रपौत्र और सामाजिक कार्यकर्ता तुषार गांधी कल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेसजनों को सम्बोधित करेंगे। बैठक में अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन विधायक राजेश कुमार, रिसर्च विभाग के चेयरमैन आनंद माधव, पंचायती राज विभाग के चेयरमैन असफर अहमद,पूर्व विधान पार्षद लाल बाबु लाल, सोशल मीडिया के अध्यक्ष सौरभ सिन्हा, रिसर्च विभाग की सचिव डा मधुबाला एवं स्टेट कॉरडिनेटर प्रत्युष गौरव,शंकर स्वरूप,उमेश कुमार राम,धीरेन्द्र कुमार सिंह सहित तीनो विभागों के सभी प्रमुख नेतागण मौजूद रहें।

आनंद विहार से पटना व पुणे से दानापुर के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से अब तक 20 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सूचना पूर्व में दी जा चुकी है । इसी क्रम में आनंद विहार से पटना, पुणे से दानापुर एवं उधना से मालदा टाउन के लिए एक-एक जोड़ी समर स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

04066/04065 आनंद विहार-पटना- आनंद विहार सुपरफास्ट एसी स्पेशल एक्सप्रेस - गाड़ी सं. 04066 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एसी स्पेशल एक्सप्रेस 01 मई से 26 जून तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को आनंद विहार से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 12.55 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., 14.50 बजे आरा, 15.15 बजे दानापुर रूकते हुए 16.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 04065 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट एसी स्पेशल 02 मई से 27 जून तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को पटना से 17.45 बजे खुलकर 18.05 बजे दानापुर, 18.40 बजे आरा एवं 21.10 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. रूके हुए अगले दिन 10.40 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 01121/01122 पुणे-दानापुर-पुणे अनारक्षित स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी- जबलपुर के रास्ते)- गाड़ी सं. 01121 पुणे-दानापुर अनारक्षित स्पेशल 30 अप्रैल से 21 मई तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को पुणे से 16.15 बजे खुलकर अगले दिन 19.00 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., 20.35 बजे बक्सर, एवं 21.55 बजे आरा रूकते हुए 23.15 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 01122 दानापुर-पुणे अनारक्षित स्पेशल 02 मई से 23 मई तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 00.15 बजे खुलकर 01.45 बजे आरा, 02.48 बजे बक्सर एवं 05.15 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए अगले दिन 12.05 बजे पुणे पहुंचेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 20 कोच होंगे । 09011/09012 उधना-मालदा टाउन-उधना समर स्पेशल गाड़ी सं. 09011 उधना-मालदा टाउन समर स्पेशल 04 मई से 22 जून तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को उधना से 23.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 22.35 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., 23.50 बजे बक्सर तथा शनिवार को 00.35 बजे आरा, 01.40 बजे पटना रूकते हुए 09.30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 09012 मालदा टाउन-उधना समर स्पेशल 07 मई से 25 जून तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को मालदा टाउन से 09.05 बजे खुलकर उसी दिन 18.10 बजे पटना, 19.13 बजे आरा, 20.15 बजे बक्सर एवं 22.40 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए मंगलवार को 01.20 बजे उधना पहुंचेगी । इसके साथ ही आनंद विहार से पटना एवं दिल्ली से बरौनी के लिए एक-एक फेरा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है : 01684/01683 आनंद विहार-पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस - 01684 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस 29 अप्रैल को आनंद विहार से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 12.55 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., 14.50 बजे आरा, 15.15 बजे दानापुर रूकते हुए 16.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 01683 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 30 अप्रैल को पटना से 17.45 बजे खुलकर 18.05 बजे दानापुर, 18.40 बजे आरा एवं 21.10 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. रूके हुए अगले दिन 10.40 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 04062/04061 दिल्ली-बरौनी-दिल्ली समर स्पेशल (शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 04062 दिल्ली-बरौनी समर स्पेशल 30 अप्रैल को दिल्ली से 08.05 बजे खुलकर अगले दिन 02.20 बजे छपरा एवं 03.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए 06.30 बजे बरौनी पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 04061 बरौनी-दिल्ली समर स्पेशल दिनांक 01 मई को बरौनी से 08.30 बजे खुलकर 10.00 बजे हाजीपुर, 11.40 बजे छपरा रूकते हुए अगले दिन 05.50 बजे दिल्ली पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 15 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे । उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार के द्वारा दी गई है।

दलित-पिछड़ों को बलि का बकरा बनाया जा रहा : निखिल

पटना। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ निखिल आनंद ने सासाराम दंगा मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सासाराम में सांप्रदायिक हिंसा और दंगा पूरी तरह से राज्य सरकार द्वारा निर्देशित और प्रायोजित था। भाजपा सम्राट अशोक की जयंती सासाराम में मनाने जा रही थी जिसमें गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि थे, नीतीश कुमार ने अपनी निजी प्रतिष्ठा का सवाल बना कर रोकने की कोशिश की। निखिल आनंद ने कहा कि नीतीश सरकार दलित- पिछड़ों को बलि का बकरा बना रही हैं। सासाराम और नालंदा के दंगों में पीड़ित समाज से ही आरोपी भी घोषित करवाकर नीतीश कुमार मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। निखिल ने दावा करते हुए कहा कि नालंदा और सासाराम के राज्य प्रायोजित दंगे में मारे गए व्यक्ति ओबीसी समाज से संबंधित थे, दंगे के बाद भयवश शहर से पलायन करने वाले लोग दलित, ईबीसी और ओबीसी समुदाय के थे। और अब साफ हो चुका है कि नीतीश सरकार पिछड़ा और अति- पिछड़ा नेताओं को इस मामले में बलि का बकरा बनाना चाहती है। निखिल आनंद ने कहा कि भाजपा नेता जवाहर प्रसाद एक पिछड़े समाज के राष्ट्रवादी नेता हैं जो सासाराम विधानसभा का 5 बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। नीतीश सरकार जवाहर जी को और अन्य पिछड़े- अति पिछड़े समाज के नेताओं को अपराधी के रूप में दर्ज करना चाहती है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने के लिए बिहार सरकार इतने निचले स्तर का सहारा ले रही है।

बिहार में दंगाईयों के लिए कोई स्थान नहीं : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा नेता की गिरफ्तारी पर सुशील मोदी और अन्य भाजपा नेताओं द्वारा दिए गए बयान पर राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कहा है कि भाजपा धर्म और जाति से उपर उठ हीं नहीं सकती है। चूंकि जातिय वैमनस्यता और साम्प्रदायिक उन्माद हीं भाजपा का चारित्रिक बुनियाद है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि उन्मादियों और दंगाइयों की कोई जात नहीं होती। पर भाजपा नेता उसे भी जातीय और साम्प्रदायिक चश्मे से देखती है। सासाराम और बिहारशरीफ दंगे में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हो चुका है कि वे कौन लोग हैं जो बिहार को बदनाम करने के लिए बिहार में साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की साजिश में शामिल थे और बिहार के शांतिपूर्ण माहौल को तबाह करना चाह रहे थे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि काफी गहनता पूर्वक जांच के बाद दंगा में संलिप्तता के आधार पर गिरफ्तार भाजपा के एक पूर्व विधायक को जाती से जोड़ना सुशील मोदी जैसे नेता के संकीर्ण मानसिकता को दशार्ता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि यह बिहार है यहां दंगाइयों के लिए कोई स्थान नहीं है। महागठबंधन की सरकार न तो किसी को फंसाती है और न किसी को बचाती है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सासाराम और बिहारशरीफ में साम्प्रदायिक माहौल को बिगाड़ने वाले लोगों की हो रही गिरफ्तारी से भाजपा बौखला गई है। और इसे जातिय रंग देने की कोशिश कर रही है जो कामयाब होने वाली नहीं है। भाजपा के पूर्व विधायक की गिरफ्तारी से यह भी स्पष्ट हो गया कि गृहमंत्री अमित शाह जी के निर्धारित कार्यक्रम के पूर्व साम्प्रदायिक माहौल को खराब करने के लिए एक उच्चस्तरीय साजिश रची गई थी।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यानिक फसलों के उत्पादन पर देना होगा जोर : कृषि निदेशक

सरकार लीची उत्पादन एवं विपणन को बढ़ावा देने हेतु प्रयासरत : निदेशक उद्यान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लीची क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2023 का आयोजन

किसानों की आय बढ़ाने के लिए हमें उद्यानिक फसलों के उत्पादन पर जोर देना होगा। उक्त बातें कृषि निदेशक डॉ आलोक रंजन घोष ने शनिवार को बामेती पटना के सभागार में आयोजित लीची क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2023 के उद्घाटन के मौके पर कही। इस मौके पर संयुक्त सचिव अनिल कुमार झा तथा निदेशक, उद्यान अभिषेक कुमार मौजूद रहे। कृषि निदेशक ने कहा कि उत्पादन लागत में वृद्धि होने के कारण किसानों की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही है। इस क्रम में आज का यह कार्यक्रम सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब 37,000 हेक्टेयर क्षेत्र में करीब 3.08 लाख मेट्रिक टन लीची का उत्पादन होता है, जो पूरे देश में उत्पादित लीची का 42 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से देश तथा विदेश में किसानों उनके उत्पाद के लिए सीधे उद्यमियों से जुड़ने के साथ-साथ उत्पाद की गुणवत्ता के लिए बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी प्राप्त होती है। संयुक्त सचिव ने कहा कि हमारी ताकत बिहार की मिट्टी है। शाही लीची बिहार में होता है। अपनी अच्छी गुणवत्ता के कारण इसकी माँग अधिक है। उपजाऊ जमीन एवं सिंचाई के पानी की उपलब्धता तथा मेहनती किसान को दृष्टिगत रखते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम के द्वारा कृषि को बिहार का कोर कॉम्पिटेंस कहा गया। निदेशक उद्यान ने कहा कि देश में लीची के उत्पादन में बिहार शीर्ष स्थान पर है। उत्तर बिहार की मिट्टी और जलवायु परिस्थितियाँ लीची उत्पादन के लिए अनुकूल है। हालाँकि, राज्य में लीची का उत्पादन करीब 26 जिलों में होता है, जबकि बुढ़ी गंडक के किनारे वाले मुजफ्फरपुर एवं आस-पास के क्षेत्रों में नमी की स्थिति एवं कैल्शियम की अच्छी मात्रा वाली जलोढ़ मिट्टी होने के कारण इन क्षेत्रों में लीची का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सर्वाधिक है। यही कारण है कि मुजफ्फरपुर एवं आस-पास के क्षेत्र यथा वैशाली, पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, समस्तीपुर एवं सीतामढ़ी को लैंड ऑफ लीची के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि लीची की खेती एवं व्यवसाय में आजीविका सृजन के साथ निर्यात की व्यापक संभावनाएँ हैं। राज्य में मुजफ्फरपुर जिला की शाही लीची को भौगोलिक संकेतक (जीआइटैग) वर्ष 2018 में प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार एवं एपीडा के सहयोग से विगत वर्षों में शाही लीची अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में महत्वपूर्ण स्थान बना पायी है। गत वर्ष शाही लीची का निर्यात मध्य-पूर्व देशों जैसे बहरीन, दुबई एवं यूरोप के देशों में हुआ है। हाल के वर्षों में लीची की माँग राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में काफी बढ़ी है। आवश्यकता है कि शाही लीची के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ इसके फसलोत्तर प्रबंधन हेतु आधारभूत संरचना का विकास करना, ताकि इसके उत्पादन उपरांत हानि को कम किया जा सके एवं स्वस्थ तथा ताजा लीची फल को दूरस्थ बाजार तक पहुँचाया जा सके। निदेशक उद्यान ने आगे बताया कि राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर एवं राज्य स्थित कृषि विश्वविद्यालयों में लीची के उन्नत प्रभेदों को विकसित करने के लिए अनुसंधान किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ बिहार सरकार लीची उत्पादन एवं विपणन को बढ़ावा देने हेतु प्रयासरत है। राज्य में लीची के लिए बाजार और निर्यात के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने हेतु उद्यान निदेशालय, बिहार के द्वारा दरभंगा जिला में एपीडा के सहयोग से निर्यात पैक हाउस विकसित किया जा रहा है। साथ ही, पटना और बिहटा में निर्यात पैक हाउस भी कुछ महीनों में चालू हो जाएगा। ये सभी पैक हाउस अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे, जहाँ पर फल एवं सब्जियों के ग्रेडिंग, सॉर्टिंग एवं पैकेजिंग की सुविधाएँ एक जगह पर ही प्राप्त हो जायेंगी, जो निर्यात के लिए एक नया आयाम साबित होगा। श्री कुमार ने कहा कि बिहार में लीची आधारित 4 फार्मर प्रोडूसर कंपनी का गठन मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, शिवहर और सीतामढ़ी जिलों में किया गया है, किसान के इन समूहों को विभाग की ओर से लीची में मूल्य-संवर्धन हेतु 90 प्रतिशत सहायतानुदान दिया जा रहा है। लीची के विपणन को नई ऊँचाई देने हेतु यह लीची क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन उद्यान निदेशालय के द्वारा गया। यह आयोजन प्रगतिशील उत्पादकों, खरीदारों और निर्यातकों को एक साझा मंच पर लाने के साथ ही, लीची की बढ़ती विपणन एवं निर्यात क्षमता के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। राज्य के किसानों और उद्यमियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय बाजार की पहुँच अभी सीमित

संक्षिप्त खबरें

24 घंटे के अंदर मृतक के परिजनों को दिया गया चार लाख का चेक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 10 निवासी विक्की कुमार व कौशल्या कुमारी के 5 वर्षीय पुत्र की मौत अगलगी की घटना में झुलस कर हो गई थी। घटना के 24 घंटे बाद मृतक के परिजनों को जिला आपदा के द्वारा सहायता राशि के रूप में चार लाख का चेक सौंपा गया। यह चेक स्थानीय विधायक अजय कुमार, उप प्रमुख सुजीत कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव के हाथों संयुक्त रूप से सौंपा गया। मौके पर आर ओ मकसूदन चौरसिया, कर्मचारी प्रमोद कुमार, कर्मी मनोज साहनी, पूर्व मुखिया पति विद्यानंद विद्यार्थी सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भुसवर वार्ड 15 में जमीनी विवाद में हुई मारपीट की दोनों पक्षों ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करवाई है। एक और जहां प्रेम लाल महतो की पत्नी राजकुमारी देवी ने जमीनी विवाद में हुई मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए हरिनारायण महतो, रामदुलारी सिन्हा, गुंजन कुमारी, अर्पण कुमारी को नामजद एवं दो अज्ञात को आरोपित किया है। वहीं दूसरी ओर हरि नारायण महतो ने राकेश कुमार, मुकेश कुमार, पुजा कुमारी, प्रेमलाल महतो, राजकुमारी देवी को नामजद किया है।

डेढ़ माह बाद भी अपहर्ता की गिरफ्तारी नहीं

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के मनिका गांव से डेढ़ माह पूर्व शादी की नीयत से एक किशोरी का अपहरण हो गया था। इस बाबत अपहृत किशोरी की मां के बयान पर सरायरंजन थाना कांड संख्या 92/23 के तहत एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में गांव के ही सुनील राम के पुत्र अमरजीत राम को आरोपित किया गया था। बावजूद इसके पुलिस अपहर्ता को गिरफ्तार करने में विफल रही है, जबकि अपहर्ता बेखौफ घूमते नजर आ रहे हैं। बाध्य होकर अपहृत किशोरी की मां ने पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर को एक आवेदन देकर उनकी पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

उपप्रमुख ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, सेविका को चयनमुक्त करने की मांग

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड उपप्रमुख सुजीत कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 154 का औचक निरीक्षण ने किया। उपप्रमुख ने बताया कि स्थानीय पंचायत समिति एवं वार्ड सदस्य के द्वारा बार-बार आंगनबाड़ी केंद्र में गड़बड़ी की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। जहां काफी अनियमितता पाई गई। जिसकी जानकारी संबंधित महिला पर्यवेक्षिका रेणू कुमारी को उक्त केंद्र पर बुलाकर स्थिति से अवगत कराया गया। वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका को निर्देश दिया गया कि केंद्र संख्या 154 की सेविका पर कार्रवाई करते हुए चयन मुक्त किया जाए। विभाग के द्वारा भी उक्त सेविका को बार-बार हिदायत दिया गया था। लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। जनता के द्वारा भी उक्त केंद्र के सेविका को कार्यभार से हटाने की मांग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि उक्त केंद्र की समस्या को लेकर एक विभागीय बैठक कर कार्रवाई के लिए अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

प्रवासी मजदूर के बच्चों के बीच खेल कुद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समस्तीपुर। जिले उजियारपुर प्रखंड के रेवाड़ी गाँव के राकेश ब्रिक्स ईंट भट्ठा केंद्र के परिसर में मुजफ्फरपुर डायोसीसन सोशल सर्विस सोसाइटी द्वारा संचालित चिराग परियोजना के एनएफई अंतर्गत सेंटर के प्रवासी मजदूरो के बच्चो के बीच वार्षिक खेल-कूद का सफल आयोजन किया गया। आयोजन में प्रवासी मजदूररों के बच्चों ने काफी संख्या में उपस्थित होकर सुई-धागा, चम्मच-गोली दौर एवं अन्य आयोजित खेल-कूद में उत्साह के साथ भाग लिया। तत्पश्चात प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय सफल छात्रों को कम्युनिटी मोबिलाईजर अमित कुमार पंकज कुमार एवं एडुकेटर कृष्ण कुमार ने बच्चों को पुरस्कृत किया। मौके पर ईंट भट्ठा के मालिक राकेश कुमार, चिराग प्रोजेक्ट के कोडिनेटर सुशील कुमार के साथ काफी संख्या में प्रवासी मजदूर और ग्रामीण भी उपस्थित थे।

शराब कारोबारियों के साथ थी संलिप्तता, निलंबित की गई कपूरीग्राम थानाध्यक्ष

अपर थानाध्यक्ष के रूप में एसआई प्रियंका कुमारी को दी गई थाने की कमान

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने कपूरीग्राम थाना की थानाध्यक्ष एसआई अनिशा सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच में कपूरीग्राम थानाध्यक्ष अनिशा सिंह के ऊपर लगे शराब माफियाओं के साथ सांठगांठ और उन्हें बचाने का आरोप प्रमाणित होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। शनिवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए एसपी विनय तिवारी ने बताया कि कपूरीग्राम थानाध्यक्ष के शराब माफियाओं के साथ सांठगांठ और उन्हें बचाने की सूचना मिलने के बाद उनके निर्देश पर सदर डीएसपी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था। सदर डीएसपी के द्वारा समर्पित किए गए जांच रिपोर्ट के अनुसार कपूरीग्राम थानाध्यक्ष पर लगे आरोप प्रमाणित होने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, एसपी श्री तिवारी ने कहा कि कपूरीग्राम थानाध्यक्ष के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बता दें कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और समस्तीपुर जिले में सरकार के साथ-साथ जिला व पुलिस प्रशासन शराब कारोबारियों व इसका सेवन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। एक सब-इंस्पेक्टर रैंक की थानाध्यक्ष के द्वारा शराब माफियाओं के साथ मिलकर शराबबंदी के विरुद्ध कार्य किया जा रहा था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद समस्तीपुर एसपी के द्वारा जांच कराकर दोषी थाना अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसपी की इस कार्रवाई को अन्य थानों के थानाध्यक्षों व पुलिस कर्मियों के लिए स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि शराबबंदी एवं अन्य कार्यों में नियमानुकूल के विरुद्ध जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, कपूरीग्राम थाना में पदस्थापित एसआई प्रियंका कुमारी को अपर थानाध्यक्ष के रूप में थाना की कमान दी गई है। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार पटना के तर्ज पर जिले के सभी थानों में दो-दो थाना अध्यक्ष होंगे। सभी थानों में एक-एक अपर थाना अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए जिले को क्राइम कंट्रोल के तीन जोनों में बांटा गया है। ताकि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने के बाद जिले और शहर से बाहर जाने वाले रास्तों को सील किया जा सके। इसके लिए बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आज इसके पहले जोन की शुरूआत की जा रही है। पहले जोन में शहरी क्षेत्र को लिया गया है। दूसरा जोन जिले के मध्य का भाग है एवं तीसरा और अंतिम जोन जिले का बॉर्डर है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के तहत एक आदेश में 15 मिनट के अंदर जिले को सील कर दिया जाएगा। ताकि आपराधिक वारदात को अंजाम देकर अपराधी क्षेत्र से बाहर न भाग सकें और उन्हें दबोचा जा सके।

हथौड़ी और शिवाजीनगर ओपी पुलिस ने 4 शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजी नगर प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र के भटोरा मठ से पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे फूलो मंडल पिता भूखल मंडल और जुलुम सिंह पिता देव नारायण सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 37-सी के तहत अभियुक्त फूलो मंडल पिता भूखल मंडल और जुलुम सिंह पिता देव नारायण सिंह को पुरन्दाही गांव निवासी को भटोरा मठ से गिरफ्तार किया गया है। वहीं शिवाजीनगर ओपी क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर से पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे पप्पू मंडल पिता राम बहादुर मंडल और नीतीश कुमार पिता रमेश मंडल दोहट निवासी थाना बहेड़ी जिला दरभंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ओपी अध्यक्ष कमल राम ने की जानकारी देते हुए बताया कि शराब के नशे में वह हंगामा कर रहे दो युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मौके पर एसआई रमेश कुमार, सामपति प्रसाद सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

श्रीराम कथा महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के ताजपुर रोड शंभूपट्टी में शनिवार से शुरू हो रहे श्रीराम कथा व महायज्ञ को लेकर वैदिक मंत्रोचार के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 501 कन्याओं के द्वारा शहर के खाटू श्याम मंदिर के पास बूढ़ी गंडक नदी के प्रसाद घाट से जल भरकर शहर के मुख्य ओवर ब्रिज होते हुए भोला टॉकीज चौक, धरमपुर, दूधपुरा व बाजोपुर जेल चौक के रास्ते शंभूपट्टी यज्ञ स्थल तक पैदल पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न की गई। इससे पूर्व पांच यजमान को महायज्ञ के लिए वैदिक विधान के अनुसार नदी में स्नान कर तैयार कराया गया। जिसके बाद बारी-बारी से सभी कन्याओं के कलश में पवित्र जल भरा गया। कलश यात्रा के दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह, विनय सिंह, अनुरंजन, अनोज सिंह, मनोज सिंह, विजय सिंह, सतेंद्र सिंह कारी बाबू, अजित सिंह, अर्जुन सिंह, अभय सिंह, राकेश सिंह, अमरेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह छोटे, आलोक सिंह, राजेश सिंह, कृष्ण सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। बताया गया कि शनिवार शाम से सात मई तक शम्भूपट्टी बचपन प्ले स्कूल से निकट श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। जहां वृंदावन के कथावाचक अंकुश तिवारीजी महाराज रोज शाम में कथा वाचन करेंगे। वहीं इस दौरान महायज्ञ व मेले का वृहत आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे से पूरा शहर व गांव गुंजायमान होता रहा। श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ के पहले दिन वृंदावन से आए कथावाचक अंकुश तिवारीजी महाराज ने जानकी नवमी होने के कारण माता के नाम की कथा से श्रीराम को जोड़ते हुए कथा की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 9 दिनों तक चलने वाली इस श्रीराम कथा में जानकी माता के माध्यम से ही श्रीराम कथा चलेगी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण से ग्रामीणों में उत्साह

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सिंघिया प्रखंड के कुंडल सीमान से होकर हसनपुर प्रखंड के नकुनी पंचायत के लव टोलिया तक 89 लाख की लागत से हो रहे सड़क निर्माण का स्थानीय पुरोहित श्रीमन नारायण झा के द्वारा वैदिक विधि विधान से शुक्रवार को निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर मौजूद रहे पूर्व मुखिया जवाहर प्रसाद सिंह, संवेदक रविंद्र कुमार रवि, पंचायत समिति सदस्य अमरजीत पासवान, ब्रजेश सिंह, विनोद कुमार मुन्ना, विदेही शरण सिंह फीता काटकर निर्माण का विधिवत शुरूआत की गई। वर्ष 2007 में आई भीषण बाढ़ के बाद जर्जर हुई सड़क में जगह-जगह खड्डे के कारण आए दिन स्थानीय लोग दुर्घटना का शिकार होते रहें, वर्ष 2019 में उक्त रास्ते से होकर गुजर रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर के चपेट में आने से कुंडल गांव के दो युवकों की मौत हो गई थी। सड़क के निर्माण को ले स्थानीय ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग के बावजूद इस ओर ना तो स्थानीय जनप्रतिनिधि ना तो स्थानीय प्रशासन का ध्यान जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों की मांग तथा पूर्व विधायक राजकुमार राय के प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण होना संभव हुआ है। मौके पर संवेदक रविंद्र कुमार रवि, पूर्व मुखिया जवाहर प्रसाद सिंह, वार्ड संख्या 3 के सदस्य रीना देवी, वार्ड संख्या 11 के सदस्य पंकज कुमार सिंह, वार्ड संख्या 12 के सदस्य जितेंद्र कुमार सिंह, वार्ड संख्या 4 के सदस्य विनोद कुमार ठाकुर, पूर्व पंचायत समिति के प्रतिनिधि रहे विनोद कुमार मुन्ना, जदयू पंचायत अध्यक्ष विदेही शरण सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य अमरजीत पासवान, सुधीर कुमार सिंह, वार्ड संख्या 13 सदस्य प्रतिनिधि अनिल पासवान, पंडित श्रीमन नारायण झा, नारायण शाह के अलावे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जेईई मेंस की परीक्षा में अंतिम रूप से हुआ चयन होने पर बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के नरहन निवासी पुर्व मुखिया विपिन कुमार सहनी व महिला गृहणी सुनिता देवी के छोटे पुत्र हर्ष कुमार उर्फ रोहन निषाद ने जेईई मेंस के परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित हुए हैं इससे पहले जेईई मेंस के प्रथम परीक्षा को पास कर चुके है और इस बार बार फिर अपनी मेहनत से बिना किसी कोचिंग से, घर पर रहकर खुद से पढ़ाई कर उत्तीर्ण हुए है और अब जेईई एडवांस के परीक्षा के तैयारी में लग गए है। अपनी प्राथमिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल नरहन और इंटर सैनिक स्कूल बटहा से किए है। साथ ही अपने पढ़ाई से समय निकालकर समाजसेवा में लगा रहता है। सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अच्छे दोस्तों को दिया है। मौके पर दादा सुंदर सहनी, डॉ राजभूषण चौधरी, संजीत सहनी, रंजीत सहनी, रोहित कुमार, अभय निषाद, सोनू शिवांश आदि लोगो ने बधाई दी।

मन की बात के 100वां संस्करण का गिनीज बुक में दर्ज होगा नाम : रामसुमिरन

सरायरंजन, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण के प्रसारण का गिनीज बुक ऑफ रेकॉर्ड में नाम दर्ज कराने को भाजपा पूरी शक्ति लगा रही है। इस सिलसिले में विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा प्रो अमरेन्द्र कुमार एवं लोकसभा संयोजक सह पूर्व जिला अध्यक्ष रामसुमिरन सिंह ने क्षेत्र दौरा एवं कार्यकताओं के साथ बैठक करना प्रारम्भ कर दिया है। बैठक में प्रत्येक पंचायत से कम से कम तीन बूथों पर 100 से अधिक संख्या के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिएकार्यकताओं को प्रेरित किया। इस बैठक में प्रत्येक पंचायत से शक्तिकेन्द्र प्रमुख को एक रेडियो के साथ-साथ बैनर भी उपलब्ध करवाया गया है। इस अवसर पर रामसुमिरन सिंह द्वारा नवमनोनित मंडल अध्यक्ष बबलू झा को अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया गया। मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री शशिधर झा, रामनारायण सिंह, रामउदित सिंह, रामसागर सिंह कुशवाहा, रामयाद शांडिल्य, बिनोद बाजपेयी, शिवकुमार झा, मुखिया बिरजू राय, किशोर सिंह, चंदेश्वर राय, गुंजन सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित मंडल के सभी पदाधिकारी एवं शक्तिकेन्द्र प्रभारी, शक्तिकेन्द्र प्रमुख उपस्थित थे।

सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर पंचायत वार्ड 4 दैता पोखर के उत्तरी भाग में सड़क हादसे में एक ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के कमराअंव बुलाकीपुर वार्ड 9 निवासी शिवजी पासवान के लगभग 32 वर्षीय पुत्र अजय पासवान के रूप में किया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक अजय पासवान गांव के ही जीवन लाल प्रकाश का ट्रैक्टर एक चिमनी में चला रहा था। मिट्टी गिराकर लौटने के क्रम में संतुलन खो बैठा एवं ट्रैक्टर के नीचे पहिए की चपेट में आ गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों एवं विभूतिपुर थाना को दी। सूचना पर पहुंची मृतक के पिता शिवजी पासवान, माता गीता देवी, पत्नी रूबी देवी सहित रिश्तेदार एवं परिजन चित्कार मारकर रो-रोकर बेसुध हो रहे थे। वहीं विभूतिपुर थाना घटनास्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक कागजी प्रक्रिया के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। बता दें कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़े था। मझले भाई अजीत कुमार एवं छोटे भाई अमित कुमार का भी रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। वहीं मृतक के तीन पुत्री निधि कुमारी 8 वर्ष, अनीषा कुमारी 6 वर्ष एवं नेहा कुमारी लगभग 06 माह तथा 1 पुत्र रितिक कुमार 3 वर्ष जो विकलांग है। मृतक अजय पासवान ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। उनकी मौत से जहां परिवार में कोहराम मचा हुआ है वहीं गांव में मातमी सन्नाटा छाई हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, कल्याणपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मंटून ठाकुर, पूर्व उप प्रमुख सह वर्तमान पंचायत समिति सदस्य रामनाथ राय, उप मुखिया अशोक कुमार, सहित अन्य गणमान्य लोग घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए उचित मुआवजा दिलवाने की आश्वासन दिया।

अंतरराष्ट्रीय पैराशूटिंग स्पर्धा के लिए सरायरंजन के संजीव हुए रवाना

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के हरसिंगपुर निवासी दिवंगत सैन्य अधिकारी गणेशानंद गिरि के दिव्यांग पुत्र संजीव कुमार गिरि का अंतरराष्ट्रीय स्तर की पैराशूटिंग स्पर्धा के लिए चयन हुआ है। संजीव फिलहाल चेन्नई में भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग में ऑडिटर के पद पर कार्यरत हैं। इस विभाग से ये प्रथम खिलाड़ी हैं जो इस प्रतियोगिता में चयनित हुए हैं। वह बताते हैं कि बचपन में ही वह पोलियो का शिकार हो गया था। इसके बावजूद उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई नियमित रूप से पूरी की। इसके बाद बीए एवं एमए की पढ़ाई जिन्होंने दूरस्थ शिक्षा से की। सर्वप्रथम 2012 में इनकी नौकरी रेलवे आईओडब्ल्यू के पद पर हुई। वहीं 2014 में इनकी नौकरी एसएससी के माध्यम से भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग में ऑडिटर के पद पर हुई। बता दें कि श्री गिरि को पैराशूटिंग के अलावा शिक्षण, चित्रकला, तैराकी, संगीत एवं पर्यटन में गहरी अभिरुचि है। पर इन अभिरुचियों में पैराशूटिंग प्रथम स्थान पर है। नौकरी के दौरान शुरूआत में इन्हें सुबह और रात को ही अभ्यास करने का अवसर मिलता था। पर एक दर्जन राष्ट्रीय पदक जीतने के पश्चात इन्हें विभागीय स्तर पर भी पूरा सहयोग मिलने लगा। नतीजतन इनका चयन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। 29 अप्रैल की सुबह ये चेन्नई से जर्मनी के लिए रवाना हो गए, जहां वे पहली बार अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। पैराशूटिंग स्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर इनके कार्य स्थल एवं पैतृक गांव में उत्सवी माहौल है।

विशाल व विद्याकर मिले मुख्यमंत्री से, दिया बधाई विकास के कई मुद्दों पर हुई चर्चा

सरायरंजन, प्रात :किरण संवाददाता

सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर युवा टोलियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री अशोक चौधरी से मिलकर बधाई दिया है। साथ ही युवा टोलियों ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में इतना विकास हुआ है, जो कि इस क्षेत्र के लिए अविस्मरणीय है। वहीं मुख्यमंत्री से सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र भ्रमण करने की अपील की है। जिसपर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आश्वासन दिया है कि हम लोग जरूर सरायरंजन का मुआयना करेंगे। साथ ही मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के अलावा भी उस क्षेत्र के विकास के लिए और भी कार्य करने की बात कही है। जिसपर युवा टोलियों ने बधाई दिया। साथ ही क्षेत्र के समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है। वहीं मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हर समस्याओं को समय रहते दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरायरंजन एवं समस्तीपुर से मुझे काफी लगाव है, और उस क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव हमलोग तैयार रहते हैं। उन्होंने वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी को उस क्षेत्र के लिए विकास पुरुष भी बताया है। युवा टोलियों में जदयू जिलाउपाध्यक्ष विशाल कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता विद्याकर झा, रितेश यादव, भोलानाथ सिंह, अभिषेक कुमार शामिल थे।

बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ बैठक कर सरकार की योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति का दिया निर्देश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के तत्वावधान में जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ सरकार की योजनाएं जैसे पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, पीएम स्व निधि, जन सुरक्षा योजना, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई, वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक योजना के लक्ष्य प्राप्ति, किसान क्रेडिट कार्ड फसल पशुपालन एवं मत्स्य से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक पीके सिंह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने एवं ऋण आवेदनों का निष्पादन समय-सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया। एलडीएम श्री सिंह ने सभी बैंकों के समन्वयक को बताया कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जन सुरक्षा योजना का कैंपेन एक अप्रैल से तीस जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें जिले के सभी बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप कर के आवेदन संग्रह करना है। इसके लिए सभी बैंकों से आग्रह है कि इसका प्रचार-प्रसार पंचायत स्तर पर करना सुनिश्चित करें। यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख समीर कुमार साईं ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि सरकार प्रायोजित योजनाओं को सफल बनाना हम बैंकों की प्राथमिकता है। जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमें आगे बढ़कर मुद्रा योजना, पीएम स्वरोजगार योजना, पीएम खाद्य सुरक्षा प्रसंस्करण योजना, फुटकर विक्रेताओं के लिए पीएम स्वनिधि योजना, किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि योजनाओं में अधिक से अधिक ऋण देकर स्वरोजगार को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

मुसरीघरारी से 20 दिनों पूर्व अपहृत विवाहिता समेत दो नाबालिग बच्चे का सुराग नहीं

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप किराए के मकान से गायब एक विवाहिता समेत उसके दो नाबालिग बच्चे का सुराग पाने में पुलिस विफल रही है। इस संबंध में गायब बच्चे के पिता ने विगत 7 अप्रैल को मुसरीघरारी थाने में एक प्राथमिकी भी दर्ज करवाई थी। बावजूद इसके अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बाध्य होकर गायब विवाहिता के पति ने पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर को एक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में उजियारपुर थाना क्षेत्र के पचपैका निवासी बिलट पासवान का कहना है कि वह विगत 2019 से मुसरीघरारी बस स्टैंड के समीप एक किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर रहे हैं। उनके साथ में उनकी पत्नी कंचन कुमारी एवं दो नाबालिग पुत्र साहिल कुमार 7 एवं पियूष कुमार 2 भी रह रहे थे। इस बीच 6 अप्रैल की सुबह वह सातनपुर की ओर मजदूरी करने चला गया था। करीब 7:30 बजे जब वह अपनी पत्नी की मोबाइल पर कॉल किया तो उसकी मोबाइल बंद मिली। वहीं एक घंटे बाद वह सातनपुर से अपना डेरा लौटा तो उसके डेरा में ताला लटका मिला। स्थानीय लोगों से इस संबंध में पूछताछ के बाद भी उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया तो उसने डेरा का ताला तोड़ दिया। उसे अंदर जाने पर पता चला कि घर में रखे 56 हजार रुपए एवं उनकी पत्नी के कपड़े भी गायब थे। घटना के दूसरे दिन उनकी पत्नी ने एक दूसरे के मोबाइल से उनके भाई की मोबाइल पर बात की। बाद में वह मोबाइल भी बंद पाई गई। आवेदक को आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने गलत नीयत से उनकी पत्नी एवं दो दोनों नाबालिक बच्चे को बहला-फुसलाकर गायब कर दिया है। इस घटना की प्राथमिकी विगत 7 अप्रैल को मुसरीघरारी थाने में दर्ज कराई गई थी। बावजूद इसके अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

राजद का अनुमंडल स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के एक निजी विवाह भवन में शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल द्वारा अनुमंडल स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा आयोजित किया गया। अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती तथा संचालन जिला प्रधान महासचिव विपीन सहनी ने की। समारोह का उद्घाटन राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ० तनवीर हसन, बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, राजद के प्रांतीय प्रधान महासचिव रणविजय साहू तथा राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ० एज्या यादव ने संयुक्तरूप से की। आगत अतिथियों का स्वागत पाग, चादर, माला तथा मोमेंटो से किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक थे। भारत के सबसे प्रमुख समाज सुधारकों में से एक, अंबेडकर को भारत की जाति व्यवस्था द्वारा उत्पन्न असमानताओं के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए जाना जाता है। बाबा साहेब की पहचान एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में रही हैं। उन्होंने कहा था कि मैं ऐसे धर्म को मानता हूं, जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाए। हम सबसे पहले और अंत में भी भारतीय हैं। भाग्य में विश्वास रखने के बजाए अपनी शक्ति और कर्म में विश्वास रखना चाहिए। बुद्धि का विकास मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि बाबासाहेब डॉ अंबेडकर ने हमें संविधान दिया जो आज खतरे में है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिये संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है संविधान का मखौल उड़ाया जा रहा है। आज देश का संविधान खतरे में है, उसको बचाना है, संविधान से हम छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। इसलिये संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने वाली मोदी सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलनों की शंखनाद करेंगे। कार्यक्रम को राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद डॉ० तनवीर हसन, बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक सह स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, राजद के प्रांतीय प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू, राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक डॉ० एज्या यादव, राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश महासचिव राजेन्द्र सहनी, प्रदेश महासचिव फैजुर रहमान फैज, प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, राजद एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, राजद नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, जिला राजद महासचिव ललन यादव, राम विनोद पासवान, जितेन्द्र सिह चंदेल, मन्नू पासवान, विश्वनाथ राम, युवा राजद के प्रदेश महासचिव पप्पू यादव, युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ० सूरज दास, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, प्रांतीय नेता हरेन्द्र कुमार, तारकेश्वरनाथ गुप्ता, रिजउल इस्लाम उर्फ टीटी बाबू, राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय, विष्णुदेव प

संक्षिप्त खबरें

ताड़ के पेड़ से गिरकर अधेड की मौत

जिले के कुचायकोट थाने के भेड़ियारी गांव में शुक्रवार की रात 40 फीट ऊंचे ताड़ के पेड़ से गिरकर एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक गिरगिट मांझी का पुत्र छोटे लाल पासवान बताया गया है। बताया जाता है कि मृतक पेशे से सफाई कर्मी था और ताड़ के पेड़ से ताड़ी निकाल कर बेचता था और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार की देर शाम व ताड के पेड से ताडी उतारने के लिए चढा था इसी दौरान पेड़ से गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। इस हादसे के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दलित उत्पीड़न मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जिले के भोरे थाना क्षेत्र के बनतरिया धूर गांव में दलित उत्पीड़न मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बंतरीया धुर गांव निवासी रंगीला चैधरी एक मामले में फरार चल रहे थे। थाने के पुलिस पदाधिकारी प्रभात कुमार को यह गुप्त सूचना मिली कि फरार आरोपी अपने घर पर हैं। पुलिस पदाधिकारी प्रभात कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते उसे गिरफ्तार कर लिया।

बांस काटने के विवाद में तीन लोगो को बेरहमी से पीटा

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के चिउटांहा गांव में बांस काटने के विवाद को लेकर तीन लोगो की बेरहमी से पीटायी की गयी। आसपास के लोगो की मदद से घायलो को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि चिउटांहा गांव के मिंटु राय और कृष्णा राय किसी काम के लिए बांस काट रहे थे। इसी दौरान पडोसियों ने लाठी डंडे से हमला बोल दिया। और तीन लोगो की बेरहमी से पीटायी कर दी। आसपास के लोगो की मदद से घायलो को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर पंहुची पुलिस घायलो का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। इस संबध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच कर दोषियो पर कडी कारवाई की जाएगी।

बैंक के पीछे छिपाकर रखा गया देसी शराब बरामद

जिले के फुलवरिया थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम एक गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के कोयला देवा बाजार स्थित संचालित भारतीय स्टेट बैंक के पीछे झाड़ी में छुपा कर रखे गए भारी मात्रा में देसी शराब को बरामद कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि कोयला देवा बाजार स्थित संचालित भारतीय स्टेट बैंक के पीछे झाड़ी में छुपा कर रखे गए 90 बोतल बंटी बबली नामक देसी शराब को पुलिस ने बरामद किया है। हालांकि कारोबारी फरार हो गया। पुलिस कारोबारी को चिन्हित कर लिया है। कारोबारी के विरुद्ध पुलिस बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उक्त कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी मार रही है। कारोबारी अति शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

मिसेज बिहार का खिताब नीतू गुप्ता व बिंदिया जयसवाल ने किया अपने नाम

छपरा। बिहार के सारण जिला निवासी नीतु गुप्ता व बिंदिया जयसवाल मिसेज बिहार बनीं है।राजधानी पटना में शाइनिंग आइकॉन के ग्रैंड फिनाले में प्रतियोगिता का आयोजन किया था. जिसमें बिहार सहित 28 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था।इस कार्यक्रम में देश के नामचीन निर्णायकों की मंडली बनाई गई थी।जिसके द्वारा फैसला लेकर नीतु गुप्ता युवा क्रांति रोटी बैंक जंगल प्लानेट अध्यक्ष मिसेज बिहार आइकॉनिक दिवा व बिंदिया जयसवाल उपाध्यक्ष को मिसेज बिहार आइकॉनिक पर्सनालिटी का ताज पहनाया गया।मिसेज बिहार का ताज पहनने वाली नीतू गुप्ता ने कहा कि मुझे इस बात से काफी गर्व है कि मैं मिसेज बिहार दिवा आइकॉनिक बनी हूं।इसके लिए मैं अशोक अलंकार छपरा अपने घर वालों का काफी धन्यवाद देना चाहूंगी। जिनलोगों के हौसला आफजाई करने के बाद मुझे यहां तक पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।उन्होंने बताया कि उनका सफर सिर्फ यहीं खत्म नहीं हुआ है।आगे मिस इंडिया की तैयारी करेंगी। बिंदियां जयसवाल ने कहा की जीतने के मुख्य उपदेश यह है की हमारे छपरा शहर के जो भी प्रतिभाशाली बच्चे है जो इस क्षेत्र में आगे आकर अपना नाम देश में करना चाहते है उनके लिए हर साल एक टैलेंट शो कराया जायेगा। मौके पर युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई. विजय राज उपस्थित रहें।

गोपालगंज में दिनदहाडे हथियार के बल पर आभूषण दुकान से लूट

- ग्राहक बनकर आये लूटेरो ने दिया घटना को अंजाम
- हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित की गयी एसआइटी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के कटेया थाना क्षेत्र के बहेरवा बाजार स्थित एक आभूषण दुकानदार से शनिवार की दोपहर बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर व्यवसायी से करीब पांच लाख रुपये के आभूषण लूट लिए। लूट को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। सूचना पाकर पंहुची पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर श्री गौरी ज्वेलर्स एवं वर्तन भंडार के व्यवसायी हरिलाल वर्मा अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान बाइक से ग्राहक बनकर आए दो अपराधियों ने सोने की चैन लेने की बात कही। व्यवसायी के द्वारा चैन दिखाने पर अपराधियों ने पिस्टल के बल पर सोने की चैन लूट ली और हथियार लहराते हुए फरार हो गए। दिनदहाडे हुयी इस लूट की घटना के बाद व्यवसायियों में दहशत क माहौल है। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। वही इस संबध में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि कटेया के बहेरवा बाजार स्थित आभूषण दुकान से दो सोने की चैन की लूट हुयी है। इस मामले को लेकर हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है। गठित एसआइटी की टीम में मीरगंज इंस्पेक्टर ललन कुमार, कटेया थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पाण्डेय, विजयीपुर थाने के पुलिस अवर निरीक्षक नागेन्द्र कुमार सहनी, भोरे थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव, मीरगंज थानाध्यक्ष छोटन कुमार, फुलवरिया थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद, प्रभारी आसूचना शाखा दिनेश कुमार यादव और सिपाही प्रवीण कुमार को शामिल किया गया है। गठित एसआइटी की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ताबडतोड छापेमारी कर रही है। जल्द ही लूट का खुलासा कर लूटकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फुलवरिया में विधिक जागरूकता कार्यशाला आयोजित

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय माड़ीपुर के प्रांगण में शनिवार के दिन विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अल्ताफ हुसैन के देखरेख में हुई। इस कार्यशाला में लोगों को निशुल्क कानूनी परामर्श व न्याय की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति को निशुल्क विधि सम्मत कानूनी परामर्श और न्याय मिल सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला से पहुंचे अधिवक्ता हैदर अली ने भारतीय संविधान व सरकार द्वारा निशुल्क कानूनी परामर्श व न्याय के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गरीब से गरीब व्यक्ति को बिना किसी खर्च के द्वारा न्याय व परामर्श मिल सकता है। बशर्ते उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व्यवहार न्यायालय गोपालगंज में केवल आवेदन देने की आवश्यकता है साथ ही साथ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लोगों को जानकारी देने के लिए जिले से लेकर प्राथमिक स्तर के चिकित्सकों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक किया। अपने संबोधन में डॉक्टर शशि रंजन ने लोगों को बताया कि कान में सनसनाहट की आवाज आना नींद ना आना बच्चों का मंदबुद्धि होना विभिन्न नशीले पदार्थों का आदि होना मिर्गी जैसे झटके आना इत्यादि मानसिक रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर डॉ हसमुख देव पांडे, डॉक्टर गोविंद राय, डॉक्टर नागेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

विवाहिता की गला दबाकर हत्या, कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव के एक लड़की की उसके ससुराल में बाइक नहीं मिलने पर गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर मृतका के पिता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, तो कोर्ट के आदेश पर मामले में पांच साल के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव निवासी जयराम यादव ने अपनी पुत्री की शादी एक मई 2018 को मथौली गांव के राज किशोर यादव के साथ की थी। दहेज में बाइक को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी बीच 17 अगस्त 2018 को उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई और शव को जला दिया गया। मामले को लेकर जयराम यादव ने कई बार पुलिस के अधिकारियों के पास गुहार लगाई और स्थानीय थाने में शिकायत की। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जयराम यादव ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट में 5 साल बाद भोरे थाना को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। जिसके आलोक में शनिवार को गंगजली देवी, मिट्ठू यादव, राजकिशोर यादव सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कुचायकोट में संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

- मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप
- मामले की जांच में जुटी पुलिस

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में संदिग्ध अवस्था में विवाहिता का शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। मायके वालों ने पति समेत ससुराल के अन्य सदस्यों पर महिला की हत्या का आरोप लगाया है। ससुराल के सभी सदस्य फरार बताए जा रहे। मृतक महिला की पहचान खजूरी गांव के पिंकू कुशवाहा की पत्नी मनीषा देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है की यूपी के तरेया सुजान थाने के हबीरपुर गांव निवासी मनीषा की शादी कुचायकोट थाना क्षेत्र के खजूरी गांव के पिंकू कुशवाहा के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों को दो बच्ची है। महिला के परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। शनिवार को मायके में देवर ने फोन करके मौत होने की बात कही। सूचना के बाद मृतका के मायके वाले ससुराल पहुंचे, जहां ससुराल पक्ष द्वारा शव के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई थी। लड़की वालों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही ससुराल के अन्य सदस्य फरार हो गये। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। महिला के परिजनों का कहना है कि पति समेत उसके ससुराल वालों द्वारा गला दबा कर हत्या की गई है।

रंगदारी नहीं देने पर की मारपीट, कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे थाना क्षेत्र के लामीचैर में एक व्यक्ति द्वारा अपनी खरीदगी जमीन पर मकान बनाया जा रहा था। जिसका विरोध कर लामीचैर के ही कुछ लोगों ने मकान बना रहे शख्स के साथ मारपीट की और रंगदारी की मांग की। साथ ही दहशत फैलाने की नियत से कथित तौर पर फायरिंग भी की। मामले को लेकर पीड़ित के बयान के आधार पर कोर्ट ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। जिसके आलोक में तीन नामजद व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बसदेवा गांव के जितेंद्र प्रसाद ने लामीचैर में जमीन खरीद रखी है। जिस पर वे मकान बना रहे थे। इसी दौरान लामीचैर के ही नथुनी अंसारी, मुन्ना अंसारी, हैदर अंसारी सहित पांच अज्ञात लोग वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट कर मकान बनाने एवज में रंगदारी की मांग की। साथ ही दहशत फैलाने की नियत से फायरिंग भी की। मामले को लेकर स्थानीय थाने में आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

भाजपा विधायक को झटका: जिला जज ने अपील की याचिका को किया खारिज

एमपी, एमएलए की विशेष कोर्ट के आदेश के विरूद्ध दायर की गयी थी याचिका

- कोर्ट ने विधायक पर लगाया था एक हजार रुपए का आर्थिक दंड

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जुमार्ना केस में पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक रामप्रवेश राय को झटका लगा है। भाजपा विधायक की तरफ से दायर याचिका को जिला जज राकेश मालवीय की अदालत ने खारिज कर दिया है। बरौली विधानसभा के भाजपा विधायक रामप्रवेश राय के द्वारा एमपी, एमएलए की विशेष न्यायाधीश मानवेन्द्र मिश्रा के आदेश के विरूद्ध जिला जज की अदालत में अपील याचिका दायर की गयी थी। शनिवार को सुनवाई के दौरान जिला जज ने एमपी, एमएलए कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए दायर याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब हो कि पूर्व मंत्री सह बरौली के वर्तमान भाजपा विधायक रामप्रवेश राय पर वर्ष 2010 में विधानसभा चुनाव के दौरान बरौली के तत्कालिन बीडीओ उदय कुमार तिवारी के लिखित आवेदन के आधार पर बरौली थाने में प्राथमिकी दर्ज हुयी थी। कांड संख्या 148/2010 में भारतीय दंड संहिता की धारा -171-एफ के तहत आर्दश आचार संहिता उलंघन का आरोपित बनाया गया था। प्राथमिकी के अनुशार 10 सितंबर की दोपहर ड़ेढ बजे सेमरिया स्थित सारण तटबंध पर बाढ निरोधात्मक कार्य कार्यपालक अभियंता के द्वारा कराया जा रहा था। इसी दौरान तत्कालिन पर्यटन मंत्री रामप्रवेश राय पंहुच गए और जनता की उपस्थिति में कार्यपालक अभियंता एंव अन्य विभागीय कर्मचारियों को कई निर्देश दिए थे। इस मामले की सुनवाई के दौरान एमपी, एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मानवेन्द्र मिश्रा की कोर्ट ने आचार संहिता के मामले में दोषी पाते हुए एक हजार रुपए की अर्थदंड की सजा सुनायी थी। इसी आदेश के विरूद्ध विधायक के द्वारा जिला जज के न्यायालय में अपील दायर किया गया था। जिसे जिला जज के न्यायालय ने खारिज कर दिया।

धूमधाम से मनायी गयी दानवीर भामाशाह की जयंती

पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम, राजद जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह हुए शामिल

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले में विभिन्न राजनैतिक दलों के द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। राजद जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह की अध्यक्षता में शहर के हजियापुर चैक स्थित दानवीर भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि राजस्थान के कुम्भलगढ़ गांव में वैश्य परिवार में जन्मे भामाशाह मुगल वंश के विरोध में लड़ाई लड़ते रहे। अकबर के कार्यकाल में भामाशाह ने महाराणा प्रताप को पर्याप्त धन और साहस प्रदान कर देश में मुगलों का शासन खत्म करने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

इस मौके पर गोपालगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहन गुप्ता, सुरेश चैधरी, सचिन सिंह सहित कई राजद नेता मौजूद थे। वही दुसरी तरफ तैलिक समाज के द्वारा शहर के हजियापुर रोड स्थित एक मैरेज हॉल में दानवीर भामाशाह की जयंती बडे ही धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नरायण साह, जनक राम, पूर्व एमएलसी लालबाबू प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने शिरकत की।

180 बोतल शराब व बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे थाने की पुलिस ने खलवा लक्ष्मीपुर तिनमुहानी पर कार्रवाई कर 180 बोतल शराब और एक बाइक जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को गिरफ्तार दोनो तस्करों को न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेज दिया गया। बताया जाता है कि थाने के अवर निरीक्षक संजय कुमार त्रिवेदी पुलिस बल के साथ गश्ती पर थे, तभी सूचना मिली कि यूपी की तरफ से खलवा लक्ष्मीपुर के रास्ते बाइक से दो व्यक्ति शराब लेकर जाने वाले है। सूचना पर पहुंची पुलिस खलवा लक्ष्मीपुर तिनमुहानी के पास छिपकर तस्करों के आने का इंतजार करने लगी। इसी बीच एक बाइक आती दिखी। रुकने का इशारा करने पर तस्कर बाइक लेकर भागने लगे जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। बाइक पर रखे बोरे की तलाशी लेने पर उसमें से 180 बोतल देसी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान थाना क्षेत्र के लूहसी गांव निवासी जैनुद्दीन मंसूरी एवं लामीचैर गांव निवासी पंकज कुमार राम के रूप में की गई है। मामले में पुलिस उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पूर्व जीप अध्यक्ष की आज मनायी जाएगी पुण्यतिथि

कार्यक्रम में दिग्गज नेताओं का होगा जुटान

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज जिला परिषद की प्रथम महिला अध्यक्ष स्वः उर्मिला पांडेय की सातवीं पुण्यतिथि खोरमपुर में जेपी सेनानी स्व। अमरकांत पांडेय के निवास पर रविवार को मनाई जाएगी। इसकी तैयारी जोरो पर चल रही है।

इसकी जानकारी जदयू के पूर्व जिला महासचिव अभय पांडेय ने दी। उन्होने बताया कि जिला परिषद् की प्रथम महिला अध्यक्ष स्वः उर्मिला पांडेय एक मृदुभाषी एवं न्यायप्रिय महिला थी। वो सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को लेकर हमेशा मुखर रहती थीं। उनका अध्यक्षीय कार्यकाल स्वर्णिम एवं बेदाग था। उनके असमय निधन से सामाजिक एवं राजनैतिक जगत में अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। जदयू के पूर्व जिला महासचिव अभय पांडेय ने कहा कि वो हर वर्ष स्व। उर्मिला पांडेय की पुण्यतिथि अपने पैतृक आवास पर मनाते हैं एवं उनसे हमसभी का एक भावनात्मक लगाव था। उनका आकस्मिक निधन से हमसभी ने एक अभिभावक को खोया हैं। जिसकी कमी पूरी नहीं हो सकती है। पुण्यतिथि पर उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सामाजिक एवं राजनैतिक व्यक्तियों का जुटान होने की संभावना है।

अवतार नगर मे ट्रक की ठोकर से एक महिला की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। अवतार नगर थाना क्षेत्र के मौजमपुर गाँव के सामने छपरा पटना मुख्य पथ पर एक ट्रक की ठोकर से शादी का कार्ड देने जा रही एक महिला की मौत हो गयी वही साथ जा रहा उसका पुत्र जख्मी हो गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार मौजमपुर गाँव निवासी विजेन्द्र पंडित की 38 वर्षीय पत्नी सोनी देवी अपने पुत्र के साथ स्थानीय मुखिया को शादी कार्ड देने पैदल ही जा रही थी उसी दरम्यान रोड क्रॉस करने के क्रम मे दिघवारा की तरफ जा रही एक ट्रक ने ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया । घटना के बाद मौके पर ही सोनी देवी की मौत हो गयी और उनका पुत्र निकेश कुमार जख्मी हो गया । घटना की सुचना पर दलबल के साथ पहुँचे अवतार नगर थाना के एएसआई रामकुमार रंजन ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल निकेश को इलाज के लिए दिघवारा हॉस्पिटल भेजवाया वही शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया । मई मे ही सोनी देवी के पुत्र का शादी होने वाला था । उनकी मृत्यु से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है । घटना की सुचना पर पहुँचे स्थानीय मुखिया धर्मदेव राय , शिक्षक राजकिशोर राम , दिनानाथ पंडित , कपील राम , मनोज सिंह ने परिजनों को सान्त्वना दी और ढ़ाढ़स बधाया ।

भाजपा के राहुल हुए जदयू मे शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

जदयू मुख्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी डॉ राहुल परमार ने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में जदयू की सदस्यता ग्रहण की और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कार्य करने की इच्छा जताई। प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास नीतियों से आज देश और प्रदेश की जनता बेहद प्रभावित है। विगत 17 वर्षों से बिहार के विकास में जो ऐतिहासिक कार्य हुए है उसकी चर्चा आज पूरे भारत में है और इसी के फलस्वरूप आज डॉ राहुल परमार के नेतृत्व में सैकड़ों लोग भाजपा छोड़कर जदयू की सदस्यता ग्रहण का निर्णय लिया हैं। हम सभी इस बात से अवगत है कि भाजपा के अंदर पुराने नेताओं के साथ किस प्रकार से सलूक किया जाता है। वरिष्ठ नेताओं को किनारे करना भाजपा की पुरानी परंपरा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश का लोकतंत्र और सविंधान आज खतरे में है। भाजपा ने देश की जनता के साथ वादाखिलाफी करने का काम किया है। मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि प्रदेश के नवनिर्माण में मुख्यमंत्री का योगदान अविस्मरणीय है। हम सभी जानते हैं कि आज अपना बिहार विकास के पथ पर किस गति से आगे बढ़ रहा है। समाज के सभी वर्गों की उत्थान के लिए नीतीश कुमार जी ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसका सकारात्मक परिणाम आज सभी को दिख रहा होगा। डॉ राहुल परमार ने कहा कि बिहार की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासकार्यों और उनके समाजवादी विचारों से प्रेरणा लेकर जदयू से जुड़ने का फैसला लिया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप जदयू के सांसद कौशलेंद्र कुमार, मुख्य प्रवक्ता सह विधान पार्षद नीरज कुमार, पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ, कार्यालय महासचिव चन्दन कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव सेतु सिंह, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा आदि उपस्थित रहें। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से नन्द किशोर यादव, विजय कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, डॉ संजीव कुमार थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा व संचालन प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा ने की।

जलवायु परिवर्तन विषय पर कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नेहरू युवा केन्द्र सारण युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में यूनिसेफ परियोजना अंतर्गत जलवायु परिवर्तन विषय एवं मुख्य थीम जल संरक्षण को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन केंद्र कार्यालय में किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के 50 युवाओ ने भाग लिया और इस महत्वपूर्ण विषय पर जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगो तक संदेश पहुचाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित राजेन्द्र कॉलेज के सहायक प्राध्यापक अनुपम कुमार सिंह ने मिशन लाइफ के विभिन्न बिंदुओ पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण और मुख्यतः जल संरक्षण, जल प्रबंधन, हाल ही में हुए देश के प्रथम जल स्त्रोतों के सर्वे एवं स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता से समृद्धि, मौसम और जलवायु में अंतर, ग्रीन हाउस गैस इफेक्ट आदि विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला। नेहरू युवा केन्द्र सारण के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने उपस्थित युवाओं से जलवायु परिवर्तन के लिये किये जा रहे कार्यों में उनकी अधिकतम सहभागिता के लिये आवाह्न किया साथ ही सभी से जल के विवेकपूर्ण उपयोग, परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित एवं संरक्षित करना, धूसर जल के पुनः उपयोग एवं कैच द रेन अभियान को ग्राम स्तर तक पहुचाने के लिये सामूहिक रूप से कार्य योजना के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों के संचालन से व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी युवाओं ने जलवायु परिवर्तन के कारण, प्रभाव, सुझावों एवं जल संरक्षण पर अपने अपने सुझावों का भी प्रस्तुतिकरण किया और नेहरू युवा केन्द्र द्वारा पी पी टी के माध्यम से भी इस विषय पर एवं मिशन लाइफ पर प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सत्यनारायण प्रसाद यादव, नमामि गंगे डी पी ओ नीतीश कुमार, एम टी एस गोविंद दास, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रीत कुमार, राजू विवेक साह, विवेक कुमार सिंह, स्मृति कुमारी, ललिता कुमारी, प्रिंस कुमार, लाडली कुमारी,मिक्की कुमारी, ममता कुमारी, महावीर प्रसाद, विकास कुमार सिंह,अमन कुमार, रितेश यादव, सुमित पंडित, धीरज कुमार, रविकांत सिंह, पूर्व स्वयंसेवक धर्मेंद्र कुमार, पीयूष राठौर, सोनू कुमार सिंह समेत सम्बद्ध कई युवा मंडल के सदस्यगण उपस्थित रहे । अंत मे सभी को जल शपथ भी दिलाई गई एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

मशरक में गैस कटर से एटीएम काट चोरी , 300 मीटर दूरी पर है थाना , पुलिस जांच-पड़ताल शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम शुक्रवार की रात गैस कटर से काटकर चोरी की वारदात हुई। मशरक थाना पुलिस प्रशासन से अपराधी किस कदर बेखौफ हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जहां वारदात हुई है वह एटीएम पुलिस थाने से तीन सौ मीटर की दूरी पर मशरक सिवान पटना छपरा मुख्य पथ एस एच 73 के किनारे अवस्थित है। हमेशा छोटे बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते है। इसके बाद भी अपराधी गैस कटर से एटीएम को काटकर कैश निकालकर आराम से भाग गए।इतनी बड़ी वारदात का पता पुलिस को तब चला जब सुबह 8 बजे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। एटीएम में शटर में लगें दोनों ताले गैस कटर से काट एटीएम के मशीन को गैस कटर से काट एटीएम में रखे सारे रुपए लेकर चले गए हैं वही मौके पर स्थानीय लोगों ने बताया कि एक दिन पहले ही एटीएम में रुपए डाले गए हैं। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। हालांकि बैंक सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार के शाम में 24 लाख रुपए एटीएम में डाले गए थे। वही एटीएम में पहले से भी राशि होने की बात बताई गई है। इसकी आधिकारिक पुष्टि कंपनी के अधिकारी के पहुंचने एवम प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ही संभव है।वही मौके पर पहुँच मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान मामले की छानबीन कर रहे है। पुलिस आसपास के दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज से सुराग ढूढने में लगी है । घटना को लेकर जब पत्रकारों ने स्थानीय पुलिस एवम मौके पर पहुंचे डीएसपी से जानकारी लेनी चाहा किंतु कुछ भी बताने से परहेज किया। संवाद प्रेषण तक बैंक और एटीएम में राशि डालने वाली एजेंसी एटीएम में मौजूद रुपए का आकलन करने में जुटी है जिस कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है।

सारण के लाल बने लेफ्टिनेंट डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा

छपरा। चन्द्र प्रकाश शर्मा ने 2018 में ए एफ एम सी में सफलता हासिल किया, आज उनके साढ़े चार साल पूरे होने पर आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशंड आफिसर बनाया गया। डॉ. शर्मा मूल रूप से बनियापुर पिठौरी गांव से है और इनकी प्रारम्भिक पढ़ाई छपरा में घोष कालोनी में स्थित मकान पर रहकर हुई।वर्ष 2016 में इन्होंने सी एच एस(बी एच यू) वाराणसी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर 12वी की पढ़ाई पूरी की और वही से पहली ही प्रयास में नीट परीक्षा पास करके आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज,पुणे में दाखिला लिया।

सम्पादकीय

चुनाव आया, जहर लाया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री मोदी को गाली दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री को जहरीला सांप करार दिया है और कहा है कि यदि आप इसका विष चखेंगे, तो आपकी मृत्यु हो जाएगी। खडगे ने बाद में सफाई भी दी कि उन्होंने प्रधानमंत्री की विचारधारा को सांप कहा है। यदि फिर भी किसी को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। यह प्रवृत्ति किसी को मार कर पुचकारने वाली है। कांग्रेस की गाली देने और अपमानित करने की परंपरा पुरानी है। मार्च, 2023 में ही कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को तानाशाह कहा था। उससे पहले गुजरात चुनाव के दौरान नफरती अंदाज में खडगे ने कहा था कि मोदी 10 सिर वाला रावण है क्या? वह प्रधानमंत्री मोदी को झूठों का सरदार तो कई बार कह चुके हैं। 2014 में नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने ही गए थे कि एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने उन्हें सांप कहा था।

कई कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री के लिए अभद्र, अश्लील, गरिमाहीन और मयार्दाहीन अपशब्दों का प्रयोग किया है। हम बार-बार विश्लेषण कर चुके हैं कि यह अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। शब्दों, भाषा और जुबान का संयम तो रहना ही चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी कुछ आपत्तिजनक विशेषणों का प्रयोग किया था, लेकिन वे चुनाव तक ही सीमित रहे। अलबत्ता वे गाली के स्तर के शब्द नहीं थे। वे व्यंग्यात्मक जरूर थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने उन शब्दों को दोहराया नहीं है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इसे नफरती एजेंडा ही तय कर लिया है। राजनीति प्रतिशोध से नहीं की जा सकती। यह लोकतंत्र का अवमूल्यन है। कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने कर्नाटक चुनाव के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री की तुलना जहरीले सांप से की। क्या इसी आधार पर चुनाव लडकर कांग्रेस जीतना और सत्ता हासिल करना चाहती है? प्रधानमंत्री मोदी भी 142 करोड़ से अधिक की आबादी के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। क्या जनता ने जहरीले सांप को जनादेश दिया था? क्या प्रधानमंत्री को गाली देने के मायने देश की जनता और लोकतंत्र को अपशब्द कहना नहीं हैं? क्या लोकतंत्र और संविधान में ऐसी गालियों की कोई गुंजाइश है? हम लगातार देख रहे हैं कि जब भी चुनाव आता है, तो कांग्रेस अध्यक्ष समेत पार्टी के नेता और प्रवक्ता जहर उगलना शुरू कर देते हैं। यह उनकी राजनीतिक कुंठा भी हो सकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी को मौत का सौदागर कहकर गाली दी थी। पूरा चुनाव साफ हो गया। खून की दलाली और ह्यजहर की खेती तक भी कहा गया। पार्टी प्रमुख के तौर पर ही राहुल गांधी ने 2019 लोकसभा चुनाव का पूरा अभियान इसी नारे पर चलाया- चौकीदार चोर है। प्रधानमंत्री मोदी खुद को देश का चौकीदार और प्रधान सेवक मानते रहे हैं। इन नेताओं के अलावा मणिशंकर अय्यर, जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी, शशि थरूर, सुबोधकांत सहाय, संजय निरुपम, रेणुका अय्यर सरीखों की लंबी फेहरिस्त है, जिन्होंने प्रधानमंत्री के लिए नफरती और जहर-बुझे शब्दों का लगातार इस्तेमाल किया है। नतीजा यह रहा कि कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। कुछ राज्यों में सरकारें हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो इसी साल चुनाव होने हैं। कर्नाटक बेहद संवेदनशील राज्य है। यदि यहां कांग्रेस चुनाव जीतने में नाकाम रही, तो देश भर में अप्रासंगिक हो जाएगी। सवाल यह है कि क्या कर्नाटक की गुत्थियां और समस्याएं प्रधानमंत्री को गाली देने से हल हो सकती हैं? लोकसभा में कांग्रेस के इतने सांसद भी नहीं हैं कि कांग्रेस संसदीय दल के नेता को प्रतिपक्ष के नेता का दर्जा दिया जा सकता। हम सभी पक्षों को सवाल कर रहे हैं कि क्या चुनाव में जहरीली जुबान और जहरीले बयान की कोई जरूरत है। चुनाव तो सार्वजनिक मुद्दों पर लड़े जाते हैं। कांग्रेस अपने मुद्दों पर धुआंधार प्रचार करे। चुनावी भदेसपन वर्जित हो।

मटरगश्ती और विवशता के बीच झूलते हम

पंकज शर्मा

पिछले एक दशक में राजकीय संवेदनाएं जितनी तीखी ढलान पर जितनी तेजी से रपटी हैं, वैसी कभी नहीं लुढ़कीं। हमारे हुक्मरानों के कानों पर जूं के रेंगने का असर जब पड़ता होगा, पड़ता होगा, अब तो नगाडों की आवाज भी कान के परदों से टकरा कर जस-की-तस लौट जाती है। आपको जंतर-मंतर पर बैठना है, बैठे रहिए। आपको हाइवे पर बैठना है, बैठे रहिए। आपको संसद में मुद्दे उठाने हैं, उठाते रहिए। आपको राजघाट पर अनशन करना है, करते रहिए। आपको गांधी प्रतिमा से राष्ट्रपति भवन तक जुलूस निकालना है, निकालते रहिए। आपको जो करना है, करते रहिए। सरकार की संवेदनाएं भोथरी हैं। समाज के, व्यक्ति के, जन-मन के दुःख-दर्द से पिघल जाएं झ्र वे सरकारें अब नहीं रहीं।

हमारे अब के हुक्मरान अपने में व्यस्त हैं। वे अपने चुंधियाते संसार में मस्त हैं। वे अपने चारों तरफ उछल-कुद मचा रहे नारों की तरंगों पर तैर रहे हैं। वे अपने बरामदे और छतों पर बज रही तालियों-थालियों की धुन पर थिरक रहे हैं। वे अपनी प्रायोजित-आरती उतरते देख प्रफुल्लित हैं। उनके आसपास एक नकली दुनिया सृजित हो गई है। वे उस दुनिया की चकाचौंध को असली मान बैठे हैं। बाकी के गली-कूचों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उनके संसार में जो हो रहा है, वही सकारात्मक है। बाकी जगत में जो कुछ भी हो रहा है, सब नकारात्मक है। सो, नत्वर्थक बातों पर ध्यान देने की फुर्सत हमारे शासकों को नहीं है।

मैं इसमें अपने हाकिमों का कोई कुसूर नहीं मानता। यथा प्रजा, तथा राजा। अपने नियंता हम ने खुद चुने हैं। उन्हें चुनने में हम ने कोई कंजूसी भी नहीं बरती है। उन्हें हम ने भरभरा कर समर्थन दिया है। उन पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने में हम ने कोई कोताही नहीं की है। दस साल में हम ने कभी सोचा ही नहीं कि वे कितने के अधिकारी हैं? भक्तिभाव से आंखें बंद किए हम आराधक बने हुए हैं। हमारे इस अर्चक-भाव से सियासत के फर्जी बागेश्वर, पंडोखर और करौली बाबा नहीं जन्मेंगे तो क्या ब्रह्मा-विष्णु-महेश आविर्भूत होंगे? हम ने जो बोया है, वही हम काट रहे हैं। आगे भी जो हम बोएंगे, वही काटेंगे। इस में किसी और को कुसूरवार मत ठहराइए। यह पतंग आप ने ही उड़ाई है। इसे उड़ाते वक्त अगर आप छत की मुंडेर से गिर पड़े हैं तो इल्जाम दूसरों पर क्यों मढ़ रहे हैं? कोई मूढ़ ही मानेगा कि मौजूदा हुकूमत को बने रहने का हक है। मैं तो मानता हूं कि मौजूदा शासक-मंडली को रायसीना-पहाड़ी पर यह मटरगश्ती करने का हक ही नहीं था। उसे वह मिल गया या उस ने झक्कू दे कर हासिल कर लिया या समाज को बांटबूंट कर झपट लिया झ्र इसका विश्लेषण ता-उम्र करते रहिए। सकल-परिणाम तो सामने है। दस साल से उसका नतीजा हम-आप भुगत रहे हैं। जो समझते हैं कि वे नहीं भुगत रहे, वे जिस दिन असलियत समझेंगे, हक-बक रह जाएंगे। ढोल की पोल सामने आने पर वे छाती पीटेंगे, दीदे बहाएंगे और सन्निपाती हो जाएंगे। तब तक उनके लिए बहुत देर भी हो चुकी होगी। लेकिन वे समय से पहले नहीं जागंगे, क्योंकि यही उनकी नियति है।

सो, सिंहासन पर जो हैं, उनकी अवसान-तिथि तो बहुत नजदीक आ गई है। लेकिन मुसीबत तो यह है कि ताजपोशी किस की करें? बचपन से सुनते आए हैं कि सरकारें बदलने से क्या हो जाएगा? व्यवस्था बदले बिना सरकार बदलना बेमानी होता है। एक शासक-मंडली को हम विदा करते हैं और दूसरी तकरीबन वैसी को ही अपने सिर पर बिठा लेते हैं। चेहरे बदलते हैं, तौर-तरीके तो बदलते नहीं। एक विचारधारा जाती है, दूसरी आ जाती है, मगर सत्ता का चरित्र तो मूलतः वही रहता है। वैकल्पिक राजनीति के बड़े-बड़े पुरोधाओं को सियासी पतनाले के जल का आचमन करने के बाद बेतरह सड़ांध मारते क्या हमने-आपने नहीं देखा है? सो, जब हम छोटे थे तो बहुतों को यह कहते सुनते थे कि सरकारों में नहीं, व्यवस्था में बदलाव लाना है, हमारा संघर्ष व्यवस्था बदलने के लिए है। कहने वाले कहते रहे, कहते-कहते चले भी गए, व्यवस्था वहीं की वहीं रही, वैसी की वैसी रही।

तो साल भर बाद अब सरकार बदल भी जाए तो क्या व्यवस्था बदल जाएगी? मुझे लगता है कि अब तो व्यवस्था बदलने का पहला कदम ही यह है कि मौजूदा सरकार बदले। बदल गई तो आधी व्यवस्था अपने आप ही बदल जाएगी। बाकी आधी को नए सूरमा न भी बदल पाएं तो आधी के बदलाव से भी देश चैन की सांस लेने लगेगा। देश को थोड़ी-सी सांस भर मिल जाए तो वह फिर अपने शाश्वत पथ पर चल पड़ेगा। अभी उसे जिस रास्ते पर धकेल दिया गया है, वह तो कांकड़ाखोह की तरफ जाता है। उस खाई में गिरने के बाद तो मुल्क की हड्डी-पसली एक हो जाएगी। मगर इस पतन-यात्रा को रोकने वाले कहां हैं? समूचा दृश्य इतना गड्डमड्ड है कि किसी की कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है। सियासी चलचित्र के एक दृश्य में चालीस चोरों की टोली के साथ अर्रा रहा एक अलीबाबा है।

नक्सलियों की कमर तोड़ने में क्यों नहीं मिल रही पूरी सफलता

हमले में एक चालक सहित डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 10 जवान शहीद हो गए। माना जा रहा है कि नक्सलियों की मुखबिरी के कारण ही नक्सली इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने में सफल हुए। हालांकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कह रहे हैं कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम दौर में चल रही है और नक्सलियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, सरकार योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवाद को खत्म करेगी लेकिन हकीकत यही है कि इसी प्रकार के बयान हर नक्सली हमले के बाद सुनने को मिलते रहे हैं। वास्तविकता यही है कि नक्सल समस्या बहुत पुरानी है, जिस पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। सरकारें भले ही बदलती रही हों पर जमीनी हकीकत यही है कि नक्सली हमले नहीं रुके हैं। यदि छत्तीसगढ़ में पिछले 13 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2010 से अब तक 10 बड़े नक्सली हमले हुए हैं, जिनमें हमारे करीब 200 जवान शहीद हो चुके हैं।

योगेश कुमार गोयल
लेखिक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बड़ा हमला करते हुए आईईडी से निशाना बनाकर सुरक्षाबलों की गाड़ी को विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में एक चालक सहित डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 10 जवान शहीद हो गए। माना जा रहा है कि नक्सलियों की मुखबिरी के कारण ही नक्सली इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने में सफल हुए। हालांकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कह रहे हैं कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम दौर में चल रही है और नक्सलियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, सरकार योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवाद को खत्म करेगी लेकिन हकीकत यही है कि इसी प्रकार के बयान हर नक्सली हमले के बाद सुनने को मिलते रहे हैं। वास्तविकता यही है कि नक्सल समस्या बहुत पुरानी है, जिस पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। सरकारें भले ही बदलती रही हों पर जमीनी हकीकत यही है कि नक्सली हमले नहीं रुके हैं। यदि छत्तीसगढ़ में पिछले 13 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2010 से अब तक 10 बड़े नक्सली हमले हुए हैं, जिनमें हमारे करीब 200 जवान शहीद हो चुके हैं।

डीआरजी के जवान नक्सलियों के निशाने पर सबसे ज्यादा होते हैं क्योंकि 2008 में पहली बार गठन के बाद से नक्सलियों के खिलाफ वे कई अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुके हैं, इसीलिए वे नक्सलियों के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। ह्यडीआरजीह्न छत्तीसगढ़ पुलिस के स्पेशल जवान हैं, जिनकी भर्ती विशेष रूप से नक्सलियों से लड़ने के लिए ही की गई है। डीआरजी के जवानों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली और बस्तर के ही वातावरण में पले-बढ़े लोग शामिल होते हैं और यही कारण है कि नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी सफलता अभी तक इन्हीं जवानों को ही मिली है।

हालांकि बार-बार हो रहे नक्सली हमलों और इनमें जवानों की शहादत को देखते हुए सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम कसने में कौन-सी मुश्किलें सामने आ रही हैं, क्यों नक्सली हमलों पर पूरी तरह लगाम कसने में सफलता नहीं मिल पा रही? केन्द्र सरकार द्वारा 2021 में लोकसभा में बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में 2020 तक कुल 3722 नक्सली हमलों में हमारे 489 जवान शहीद हो चुके हैं। हालांकि गृह मंत्रालय का दावा है कि वर्ष 2018 के मुकाबले 2022 में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 39 फीसदी की कमी आई है और सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी 26 फीसदी घटी है लेकिन कुछ समय से नक्सली जिस प्रकार अपनी ताकत का अहसास कराते हुए बेलगाम नजर आ रहे हैं, ऐसे में उन्हें कुचलने के लिए सरकार द्वारा रणनीतियों में बड़े बदलाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि नक्सली अब अत्याधुनिक हथियारों और शक्तिशाली विस्फोटकों का भी खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा होता है कि जंगलों में उन तक ये खतरनाक हथियार और शक्तिशाली विस्फोटक कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं? सवाल यह भी है कि सुरक्षा बलों की टीम के किसी अभियान की जानकारी नक्सलियों को कई बार पहले ही कैसे मिल जाती है? नक्सलियों की गतिविधि की भनक पाकर जंगल में उन्हें तलाशने के अभियान पर निकलने वाले जवान खुद कैसे उन्हीं के शिकार बन जाते हैं? कैसे नक्सलियों को जवानों की मुहिम की पल-पल की खबर होती है? जाहिर-सी बात है कि बगैर स्थानीय लोगों के समर्थन के यह संभव नहीं है।

दरअसल नक्सली गुट अपनी सक्रियता वाले इलाके के चप्पे-चप्पे से वाकिफ होते हैं और स्थानीय लोगों से सम्पर्क भी उनके काम आता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि नक्सली समूहों के खिलाफ सुरक्षा के प्रत्यक्ष मोर्चों के साथ-साथ एक मजबूत और सुगठित खुफिया तंत्र गठित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि नक्सलियों को प्रायः स्थानीय स्तर पर समर्थन मिलता रहा है और इन्हीं में उनके कुछ खास मुखबिर भी शामिल होते हैं। ऐसे में इस सवाल का जवाब भी तलाशा जाना चाहिए कि नक्सलियों को स्थानीय स्तर पर मिलते इस समर्थन के आखिर कारण क्या हैं?

नक्सलवाद की जड़ों का सफाया न हो पाने का एक कारण पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा सर्च के नाम पर स्थानीय आदिवासियों का उत्पीड़न किया जाना भी है। दरअसल कई बार ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जब नक्सली होने के संदेह में स्थानीय लोगों को प्रताड़ित किया जाता है और कभी-कभी तो जान से मार दिया जाता है। कहने का तात्पर्य यही है कि पुलिस की छवि लोगों का भरोसा जीतने के बजाय उन्हें डराने वाली ज्यादा रही है, जिसका नुकसान नक्सल विरोधी अभियान को होता रहा है। सरकार द्वारा प्रायः नक्सल विरोधी अभियान को और गति देने के लिए जवानों की तैनाती बढ़ाने पर विचार किया जाता है जबकि मूल समस्या कार्रवाई बल की संख्यात्मक कमी नहीं बल्कि रणनीतिक खामियां हैं, जिससे नक्सल विरोधी रणनीति पर सवालिया निशान लगते रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो नक्सली समस्या का पूरी तरह समाधान तब तक संभव नहीं है, जब तक सरकारें ऐसे इलाकों में लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करते हुए विकास कार्यों को बढ़ावा देने को लेकर नीतियां बनाकर उन पर दृढ़तापूर्वक अमल नहीं करती।

आतंकी और नक्सली हिंसा बड़ी चुनौती?

अब तक हमने काफी कुछ खोया है। लेकिन अभी यह जंग जीतना काफी मुश्किल है। हम आंकड़ों के ग्राफ में ऐसी हिंसा की समीक्षा करते हैं। यह हमारे लिए मुनासीब नहीं है। आतंकी और नक्सल हमले कम पिछली सरकारों से कम हुए हैं या अधिक यह सोचने के बजाय समस्या को समूल नष्ट करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। दोनों ही स्थितियों में हमारे निर्दोष जवान मारे जा रहे हैं। हमारी सेना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। तकनीकी विकास के बावजूद भी हम लगातार सैनिकों को खोते जा रहे हैं। शहीद होने वाले जवानों की तादाद कम कम है या ज्यादा यह खास नहीं। महत्वपूर्ण यह है कि आतंकी और नक्सली मुठभेड़ के दौरान हम कम से कम जोखिम उठाएं। ऐसे हालात में कहीं ना कहीं से हमारी आंतरिक सुरक्षा से संबंधित खुफिया तंत्र भी विफल होता दिखता है। क्योंकि ऐसे हमलों की वह समय पर सही और सटीक सूचना उपलब्ध नहीं करा पाता है या कराता है तो उस पर अमल नहीं होता है।

प्रभुनाथ शुक्ल
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पाकिस्तान परस्त आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ हम लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक हमने काफी कुछ खोया है। लेकिन अभी यह जंग जीतना काफी मुश्किल है। हम आंकड़ों के ग्राफ में ऐसी हिंसा की समीक्षा करते हैं। यह हमारे लिए मुनासीब नहीं है। आतंकी और नक्सल हमले कम पिछली सरकारों से कम हुए हैं या अधिक यह सोचने के बजाय समस्या को समूल नष्ट करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। दोनों ही स्थितियों में हमारे निर्दोष जवान मारे जा रहे हैं। हमारी सेना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। तकनीकी विकास के बावजूद भी हम लगातार सैनिकों को खोते जा रहे हैं। शहीद होने वाले जवानों की तादाद कम कम है या ज्यादा यह खास नहीं। महत्वपूर्ण यह है कि आतंकी और नक्सली मुठभेड़ के दौरान हम कम से कम जोखिम उठाएं। ऐसे हालात में कहीं ना कहीं से हमारी आंतरिक सुरक्षा से संबंधित खुफिया तंत्र भी विफल होता दिखता है। क्योंकि ऐसे हमलों की वह समय पर सही और सटीक सूचना उपलब्ध नहीं करा पाता है या कराता है तो उस पर अमल नहीं होता है।

पुलवामा हमले के बाद भी नक्सली और आतंकी हमले में हमारे जवानों की शहादत जारी है। यह हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। तकलीफ इस बात की होती है कि हमारे जवान युद्ध के बजाय आतंकी और नक्सली साजिश का शिकार बन शहीद होते हैं। हमें अपनी सेना और जवानों पर गर्व है। राष्ट्रीय सुरक्षा में हमारा जवान प्राणों की आहुति दे देता है। एक सप्ताह पूर्व जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे। उस घटना से सात दिन बाद भी हमने सबक नहीं लिया और छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हमारे 11 जवान शहीद हो गए।

कश्मीर में जहां जवानों की गाड़ी पर ग्रेनेड से हमला किया गया था वहीं दंतेवाड़ा में जवान नक्सली ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे जब आईईडी ब्लास्ट में मारे गए। दोनों घटनाओं से जहां देश और सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ा है वहीं शहीद परिजनों के सपने टूट गए हैं। उनकी नींद उचट गई। मां-बाप पत्नी और बच्चों के भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है कि जिंदगी कैसे चलेगी। क्योंकि ऐसी घटनाओं से परिवार टूट जाता है। जिस बेटे के कंधो पर परिवार के सपने पलते हों जब वहीं अलबिदा कह जाय तो क्या होगा। सरकार और रक्षा मंत्रालय को सैन्य सेवा करते हुए शहीद होने वाले जवानों के लिए एक अलग से विशेष प्रकार का मंत्रालय और आयोग गठित करना चाहिए। शहीद सैन्य परिवारों को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। उनकी धर्मपत्नी भाई या खून के रिश्ते में आने वाले लोगों को लम्बी कानूनी प्रक्रिया के बगैर सरकारी नौकरी में रखा जाना चाहिए। पीड़ित परिवारों के लिए भरपूर आर्थिक सहायता के साथ-साथ दूसरी सरकारी सहायता भी मिलनी चाहिए। सेना के जवान का वेतन उस दौरान तक जारी रखना चाहिए जब तक उसके परिवार के लिए मुकम्मल व्यवस्था नहीं हो जाती। शहीद परिजनों को गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए। शहीद होने वाले हर जवान को सेना का विशिष्ट सेवा पदक मिलना चाहिए।

सरकारी खर्च पर शहीद होने वाले जवान के गांव में भव्य स्मारक बनना चाहिए। ऐसे जवान के नाम पर सड़कें, स्कूल कॉलेज या सरकारी संस्थाओं के नाम होने चाहिए। सेना के जवानों की शहादत पर सरकार को खुलकर आगे आना चाहिए। हालांकि सरकार की तरफ से इस तरह की काफी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। लेकिन इन कार्यों में इतना विलंब होता है कि पीड़ित परिवार टूट और बिखर जाता है। क्योंकि पूरी प्रक्रिया बेहद लंबी और उबाऊ होती है। इस तरह की खबरें मीडिया में सुर्खियां बनती हैं। ऐसी स्थिति में एक स्वतंत्र मंत्रालय या सेना आयोग पूरी तरह ऐसी घटनाओं के लिए समर्पित होना चाहिए। पीड़ित जवान के परिवार की ए-टूजे मानिटरिंग होनी चाहिए।

हमारे देश में आम तौर पर राजनीतिक बयानबाजी मीडिया की सुर्खियां बनती है। अपराधियों का महिमामंडन किया जाता है। दुर्दांत अपराधी सांसद और विधायक बन जाते हैं। आम लोगों की जमीन हड़प कर भू-माफिया का काम करते हैं। राजनीति में आने के बाद बेशुमार दौलत बना ली जाती है। अपराधी, गुंडों और माफियाओं पर टीवी चैनल 24 घंटे लाइव रिपोर्टिंग करते हैं। यहां तक कि बेशर्म मीडिया अपराधी की तरफ से किए जा रहे है मूत्र विसर्जन को भी लाइव रिपोर्टिंग का हिस्सा बना दिया जाता है। राजनेताओं के अनाप-शनाप बयानबाजी पर लाइव डिबेट आयोजित होती है। लेकिन सेना के जवानों की शहादत पर 24 घंटे लाइव रिपोर्टिंग क्यों नहीं होती। ऐसी दुखद घटनाओं पर डिबेट क्यों नहीं आयोजित की जाती। जबकि इस तरह की शहादत से बढ़कर कोई घटना नहीं हो सकती। यह हमारे लिए बेहद शर्म की बात है।

छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल के दौरान नक्सली हिंसा में 175 जवान शहीद हो चुके हैं। हालांकि इस दौरान जवानों की तरफ से सर्च ऑपरेशन और मुठभेड़ में 328 नक्सली भी मारे गए हैं। लेकिन नक्सली हिंसा में 345 आमनागरिकों को भी जान गवानी पड़ी है। लोकसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की तरफ से दिए गए एक जवाब में बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में साल 2018 से फरवरी 2023 तक इतनी जवानों के साथ आम आदमी को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जबकि आतंक प्रभावित जम्मू-कश्मीर में पुलवामा हमले के बाद 1067 आतंकी हमले में 182 जवान शहीद हुए। जबकि 729 आतंकवादी मार गिराए गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से घटना के संबंध में जानकारी ली है। दोनों नेताओं ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपना कर्नाटक दौरा रद्द कर दिया है। लेकिन ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सरकार और सेना को ठोस नीति बनाने की जरूरत है। आतंकी और नक्सली हमले में सेना के जवानों की शहादत हर हाल में रुकनी चाहिए। सेना हमारे देश अहम है। आतंकी और नक्सली हिंसा में सेना की शहादत चिंता का विषय है। ऐसी हिंसा का आखिर खात्मा कब होगा। देश कब तक ऐसी हिंसा को झेलता रहेगा।

विदेशों में भारतीयों की सफलता में हमारे संस्कारों का सबसे अहम योगदान है

प्रह्लाद सबनानी

अमेरिकी जनगणना ब्यूरो (यूएस सेंसस ब्यूरो) द्वारा अमेरिका में निवास कर रहे विभिन्न देशों के मूल के अमेरिकी नागरिकों की औसत आय एवं अन्य कई मानदंडों पर जारी की गई जानकारी के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 119,858 अमेरिकी डॉलर है, जो अमेरिका में निवासरत समस्त अन्य देशों के मूल के अमेरिकी नागरिकों की औसत आय में सबसे अधिक है। दूसरे क्रमांक पर ताईवान मूल के अमेरिकी नागरिक आते हैं जिनकी वार्षिक औसत आय 95,736 अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। इसी प्रकार चीनी मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 81,497 डॉलर, जापानी मूल के अमेरिकी नागरिकों की वार्षिक औसत आय 80,036 एवं अमेरिकी मूल के गोरे नागरिकों की वार्षिक औसत आय 65,902 आंकी गई है।

इसी प्रकार, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे अमेरिकी मूल के नागरिकों की संख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या का 13 प्रतिशत है, एशिया के समस्त देशों का औसत 10 प्रतिशत है जबकि भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों में केवल 6 प्रतिशत नागरिक ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों का दबदबा पाया गया है। वर्ष 2021 के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 25 वर्ष की आयु की कुल जनसंख्या में से 33 प्रतिशत अमेरिकी मूल के नागरिक स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त करते हैं, जबकि भारतीय मूल के 25 वर्ष की आयु के अमेरिकी नागरिकों में 80 प्रतिशत नागरिक स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त करते हैं। इनमें से 49 प्रतिशत भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों ने व्यावसायिक डिग्री (डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधन) प्राप्त की थी जबकि अमेरिकी मूल के केवल 13 प्रतिशत नागरिकों ने व्यावसायिक डिग्री प्राप्त की थी।

अमेरिकी मूल के कई नागरिक स्नातक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त करने पर भारी खर्च करने के उपरांत भी उच्च आय वाले क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं। जबकि अधिकतर अमेरिकी नागरिकों का सोचना है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु उन क्षेत्रों को चुना जाना चाहिए जिससे स्नातक डिग्री प्राप्त करने हेतु किए गए खर्च को उच्च निवेश की श्रेणी में परिवर्तित कर उच्च आय वाले क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त किया जा सके। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों द्वारा व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते समय उक्त बात पर विचार किया जाता है। इसी कारण से 36 प्रतिशत भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक इंजीनीयरिंग के क्षेत्र में, 35 प्रतिशत गणित एवं कम्प्यूटर साइंस के क्षेत्र में एवं 10 प्रतिशत व्यवसाय एवं प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते हैं। कुल मिलाकर, अमेरिका में निवास कर रहे अप्रवासी नागरिकों में से 37 प्रतिशत नागरिक इंजीनीयरिंग, साइंस एवं प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावसायिक डिग्री हासिल कर पाते हैं एवं अमेरिकी मूल के 43 प्रतिशत नागरिक परंतु भारतीय मूल के 79 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक इन विधाओं में व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करते हैं। अमेरिका में चूंकि उद्योग एवं कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध ही नहीं हैं अतः अमेरिकी मूल के नागरिक सेवा के क्षेत्र में सबसे बड़ी संख्या में कार्य करते हैं। इन क्षेत्रों में वेतन तुलनात्मक रूप से बहुत कम मात्रा में प्रदान किया जाता है। अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की संख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या का केवल एक प्रतिशत है परंतु अमेरिका में प्रारम्भ की जा रही उच्च तकनीकी कम्पनियों के निर्माण में 8 प्रतिशत भागीदारी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की है। साथ ही, अमेरिका में प्रारम्भ किए जा रहे कुल स्टार्ट-अप में से 33 प्रतिशत स्टार्ट-अप भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के सहयोग से प्रारम्भ किए जा रहे हैं। यह समस्त संस्थान बहुत सफल भी हो रहे हैं। इससे भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की बिलिनायर्स (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति) के रूप में संख्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक श्री जय चौधरी की सम्पत्ति 830 करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, इसी प्रकार श्री विनोद खोसला की सम्पत्ति 530 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री रोमेश वाधवानी की सम्पत्ति 510 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री राकेश गंगवाल की सम्पत्ति 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर, श्री नीरज शाह की सम्पत्ति 280 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं श्री अनिल भुरसी की सम्पत्ति 230 करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। यह सूची बहुत लम्बी है। जब अमेरिका में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की उल्लेखनीय सफलता के पीछे कारण खोजने का प्रयास किया जाये तो निम्नलिखित कारण ध्यान में आते हैं। भारतीय संस्कारों के अनुसार, भारतीय माता-पिता अपने बच्चों के लिए अपने हितों का त्याग करते पाए जाते हैं। भारतीय माताएं अपने व्यावसायिक कार्य के प्रति जुनून को अपने बच्चों के हित में त्याग देती हैं। इसी प्रकार, भारतीय पिता अपने व्यवसाय में अपने बच्चों के हित में कई प्रकार के समझौते करते हैं। अतः भारतीय माता पिता के लिय अपने बच्चों का लालन पालन सबसे बड़ी प्राथमिकता बन जाती है। भारतीय माता पिता अपने जीवन के व्यस्ततम पलों में भी सबसे उत्कृष्ट समय अपने बच्चों के विकास पर खर्च करते हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों द्वारा अपने बच्चों को अमरीका में अभी भी भारतीय संस्कारों के अनुसार ही पाला पोसा जाता है। भारतीय माता-पिता अपने बच्चों में बचपन में ही विश्वास का

संक्षिप्त खबरें

अगली में लाखों की सम्पत्ति नष्ट

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर आग जाने के लाखों की संपत्ति जल गई। बीते शुक्रवार की रात लदौर चौक पर आग लग गई। इस घटना में चाय नाश्ता की दूकान समेत एक किराने की गोदाम जलकर राख हो गई। पूर्व मुखिया दीपक झा ने बताया कि आगलगी की घटना में जवाहिर दास की नाश्ता दूकान एवं राजीव कुमार राय की गोदाम में रखे लाखों की संपति जलकर भस्म हो गया। वहीं शोर की आवाज सुन स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। इधर जमालपुर कोदई पंचायत के कल्याणी गांव में असमाजिक तत्वों ने गुरहन की खेत में आग लगा दी। जिससे एक एकड़ में लगे गुरहन जलकर राख हो गया। वहीं मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पंचायत के मुखिया उमाशंकर सिंह ने बताया की गांव के असमाजिक तत्वों ने जानबूझकर आग लगाई है। बताया की आग लगाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है इसके बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

मक्का कटाई दिवस आयोजित

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा प्रखंड अंतर्गत मधुसूदनपुर गांव में मक्का कटाई दिवस का आयोजन किया गया। इस गांव में 5 एकड़ में सिजेंटा कम्पनी के संकर मक्का के एन के 7884 प्रभेद की खेती की गई है। कटाई दिवस पर सिजेन्टा कम्पनी के बिजनेश मैनेजर देवराज बंधन ,एग्रोनामि हेड सोनू बंसल ,एग्रोनामिस्ट अंकिता झा ,टीएम पियूष कुमार ,एमडीओ उदय कुमार समेत बड़ी संख्या में मक्का उत्पादक किसान उपस्थित थे। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से मक्का के प्रभेद 7884के उपज सम्बै फीड बैक भी लिया। डाक्टर बंसल ने इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सिजेंटा कम्पनी का7884 मक्का प्रभेद हर दृष्टिकोण से किसानों के लिए लाभकारी है। उन्होंने मक्का की वैज्ञानिक विधि से किसानों को खेती करने की विस्तार से जानकारी दी।

बाल कला जत्था रंग नीव कार्यशाला में बच्चे सीख रहे कला के गुड़

गढहारा, बेगूसराय। बाल कला जत्था नोनपुर अपने स्थापना वर्ष से ही बच्चों के चहुमुंखी विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यशाला का अयोजन करती आ रही है। इसी क्रम में मध्य विद्यालय नोनपुर के प्रांगण में रंग नीव कार्यशाला का आयोजन 16 अप्रैल से जारी है। जिसका समापन 30 अप्रैल को किया जायेगा। कार्यशाला के निर्देशक सिकंदर कुमार हैं। जो एनएसडी पास आउट है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में बच्चों को गीत, संगीत एवम नाटक का विधिवत रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पारंपरिक लोक गीत एवं नृत्य के बारे में बच्चों को जानकारी दी जा रही है। जैसे समा चेकवा ,जाट जतिन और झिझिया, पर्यावरण से संबंधित नाटक बच्चों को सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षक के रूप में विकाश भागवत, दीपक, सुजीत, राजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। रामाकांत ठाकुर ने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ कला को भी साथ लेकर चलने को बात कही है। उन्होंने बच्चों के बीच कला के अलग-अलग आयामों पर बात की।

जमीन बचाने को लेकर दिया गया थाने में आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली थाना क्षेत्र के ईनरवा पश्चिम गांव निवासी शिक्षक शिव शंकर सिंह के जमीन पर गांव के दबंग लोग बेचन सिंह,अमरनाथ सिंह एव उनके भाई धनिक लाल सिंह द्वारा जोर जबरदस्ती से जमीन को अतिक्रमण कर उंक्त जमीन पर एसवेस्टर घर बनाकर जमीन को अतिक्रमित कर लिया गया है. इस अतिक्रमित जमीनी विवाद को लेकर शिक्षक शिव शंकर सिंह ने जिला पदाधिकारी मधुबनी,सदर एसडीओ , सीओ खजौली एव स्थानीय थाना को आवेदन देकर गुहार लगायी है.उन्होंने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि मेरा निजी जमीन पर मिट्टी भराई कर दबंगो द्वारा घर बनाने की लिखित सूचना थानाध्यक्ष एव अंचल अधिकारी को देने के बाद भी स्थल पर पुलिस पदाधिकारी एव सीओ नही पहुँचने से दबंगो द्वारा मेरा जमीन पर बॉस बल्ला की खूंटे गाड़ कर एसवेस्टर घर बनाकर जमीन को अतिक्रमित कर लिया है.वही पीड़ित शिक्षक शिव शंकर सिंह ने आरोप लगाया है कि मैं दरभंगा जिला के बेनीपुर नगर परिषद वार्ड -8 बसुहाम बहेरा में जे.एन. के.भी. + 2 उच्च विद्यालय नवादा में शिक्षक पद पर कार्यरत है. जिस कारण बराबर घर पर नही रहने से दबंगो द्वारा इसका लाभ उठाकर मेरे जमीन को अतिक्रमण कर लिया है.वही थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह ने बताया कि शिक्षक शिव शंकर सिंह की जमीनी विवाद का आवेदन थाना दिवस में सुनवाई की जाएगी.लेकिन बिहार सरकार द्वारा 29 अप्रैल को अवकाश धोषित रहने से अगले थाना दिवस में सीओ मनीष कुमार एव थानाध्यक्ष द्वारा पक्ष एव विपक्ष को बुलाकर दोनो पार्टी के कागजात का अवलोकन कर जमीनी विवाद की सुनवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में हुआ मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली थाना क्षेत्र के भकुआ नटटोली में दो पक्षो में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में तीन व्यक्ति जख्मी हो गया. मारपीट में घायल व्यक्ति मो.जमील उनकी पत्नी शाहजहां खातून एव दुतीय पक्ष में मो.उलफत गंम्भीर रूप से घायल हो गया.सभी जख्मी व्यक्ति को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया. सीएचसी में डियूटी पर तैनात आयुष चिकित्सक डा. रमेश पासवान ने सभी घायल व्यक्ति को इलाज किया गया. वही थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह ने कहा कि दोनों पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है.दोनो पक्षो पर करवाई की जाएगी।

पत्नी ने प्रेमी के सहयोग से की पति की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा थाना क्षेत्र के बिशनपुर बघनगरी गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने एक युवक का डेड बॉडी पोखर में देखा।

मृतक युवक की पहचान मोहम्मद मुर्तजा के रूप में की गई है।वह मनियारी थाना क्षेत्र के बगड़ा इलाके का रहने वाला था और पिछले कुछ समय से अपने ससुराल विशुनपुर बघनगरई में रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। परिजनों की माने तो मृतक युवक की पत्नी का अपने गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था जिसको लेकर कई बार झगड़ा लड़ाई भी हुआ था। महिला अपने पति को मरवा देने या चुप रहने की बात भी कह चुकी थी। मृतक युवक वर्षों से अपने ससुराल में ही रह कर मजदूरी का काम करता था और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी पत्नी मायके में इसलिए रहती थी कि गांव के ही युवक से उसका प्रेम प्रसंग था। मृतक के 2 बच्चे भी हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग की शंका जाहिर की है। लोगों का कहना है कि प्रेम प्रसंग के कारण ही पत्नी और प्रेमी ने मिलकर उसकी हत्या की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पडताल में जुटी है।

शनिवार को आयुष चिकित्सको की बैठक हुआ

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली के सभागार में शनिवार को असाब के जिला अध्यक्ष डा. रमेश पासवान के नेतृत्व में आयुष चिकित्सको की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान असाब के जिला अध्यक्ष डा. रमेश पासवान ने उपस्थित सभी आयुष चिकित्सको को कहा कि सरकार द्वारा धोषित मानदेय 65 हजार रुपये जो 28 अक्टूबर 022 से भुगतान करने की निर्देश दिया गया है। परंतु सरकार के उच्च पदाधिकारियों के लाह परवाही के चलते आधे मानदेय पर ही आयुष चिकित्सको को कार्य ओपीडी,आपदा एव आपातकालीन सेवा लिया जा रहा है.उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सको की मानदेय हास्यापद हो गया है.वही कहने को सरकार द्वारा उन्हें 65 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है लेकिन उनके खाते मात्र 32 हजार 500 रुपये दिये जा रहे है. उन्होंने कहा कि परिवार एव समाज मे भी कोपभाजन का शिकार बनना पड़ता है.आयुष चिकित्सको की परिवार में कोई बीमार पड़े या शादी विवाह कार्यक्रम हो तो बैंक से ऋण की आवश्यकता हो तो इतनी कम मानदेय में आवश्यक ऋण भी प्राप्त नही होता है.साथ ही बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा ऋण देने में असमर्थ जाहिर करते है.इस लेकर उपस्थित सभी आयुष चिकित्सक ने एक स्वर में सरकार एव उच्च पदाधिकारियों को चेतावनी दी है कि एक माह के अंदर सरकार द्वारा धोषित 65 हजार रुपये मानदेय की भुगतान नही करने पर सभी आयुष चिकित्सक सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन जारी करेगा.इस मौके पर आयुष चिकित्सक सह असाब जिला अध्यक्ष डा. रमेश पासवान, डा. जितेन्द्र कुमार ,डा. विकास कुमार,डा. रवि कुमार चौधरी सहित अन्य आयुष चिकित्सक मौजूद थे।

5 किमी का वॉकथॉन पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में हुआ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सही पोषण के माध्यम से देश के नागरिकों को स्वस्थ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूती देते हुए देश की प्रमुख एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष, 2023 मनाने के लिए अपने दुनिया भर में बिकने वाले नंबर एक विटामिन और आहार पूरक प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट के माध्यम से ईट राइट मिलेट मेला के लिए एफएसएसएआई के साथ सहयोग किया। एमवे इंडिया के महाप्रबंधक, अंशु बुधराजा ने इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, स्वस्थ देश बनने की दिशा में देश के रूप में हमारी प्रगति अभी शुरू ही हुई है। भारत की आबादी वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा है, इसलिए हमारा देश पोषण के बारे में विश्व भर के नजरिए को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमवे ने विज्ञान और प्रकृति दोनों के सर्वोत्तम तत्वों का समावेश करने वाले अपने प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट से, हमेशा सही पोषण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए काम किया है। हम जिन खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं उनसे पोषण संबंधी जरूरतें अक्सर पर्याप्त रूप से पूरी नहीं होती इसलिए आवश्यक पोषक तत्वों को शामिल करने वाला संतुलित आहार हमारे स्वास्थ्य को बहुत बढ़ा सकता है। स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती उत्पादों के शीर्ष निमार्ताओं में से एक के रूप में, कंपनी ने एफएसएसएआई के साथ मिलकर मिलेट वॉकथॉन का आयोजन किया ताकि सक्रिय जीवन शैली तथा संतुलित आहार और पोषक तत्वों की खुराक के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य के दृष्टिकोण का महत्व उजागर किया जा सके। 5 किमी का वॉकथॉन देश की पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जहां यह शुरू हुआ और समाप्त हुआ। पटना के स्वास्थ्य के लिए जागरूक निवासियों ने एमवे इंडिया और एफएसएसएआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया, और वे सही आहार ग्रहण करने का महत्व खुद आत्मसात करते हुए और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करते हुए कदम से कदम मिलाकर चल पड़े। इस कार्यक्रम में चंद्र भूषण चक्रवर्ती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - पूर्व और पश्चिम, एमवे इंडिया सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

बरौनी के मालती में कबीर पंथ संत सम्मेलन आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बरौनी, बेगूसराय। प्रखंड के मालती के वार्ड नंबर दो में एक दिवसीय कबीर पंथ संत सम्मेलन आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता महंथ कपिल देव दास ने की। मुख्य अतिथि विश्व कबीर दिव्य ज्योति संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महंथ धर्म दास साहब ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सांसारिक कार्य करते हुए कुछ देर अध्यात्मिक गुरु के आदेश का पालन करना चाहिए। इससे उनका जीवनपर्यंत सुखमय बना रहता है। मुख्य वक्ता संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षित व्यक्ति से ज्यादा सुखमय जीवन गरीब अध्यात्मिक व्यक्ति जीता है। विशिष्ट अतिथि संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम आजाद ने अपने भजन गुरु दीहलन अमृत के जरिया गाकर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य वक्ताओं में चन्द्र देव दास, गणेश दास आदि संतों, महंथो ने अपने प्रवचन एवं भजन से आध्यात्मिक माहौल उत्पन्न कर दिया। अर्जुन साह की धर्मपत्नी नीलम दासीन ने सभी अतिथियों का चादर ओढ़ाकर सम्मानित कर तथा आए हुए सभी संतों, महंथो का भंडारा करवाकर विदा किया।

आरएलजेडी नेता जयनगर में सामाजिक कार्यकताओं एवं प्रबुद्ध लोगों से की मुलाकात

सियासी पार्टियों के नेता जमीनी स्तर पर जाकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में सियासत गरमा गई है। सियासी गलियारों में हलचल पैदा हो गई है। इसी बीच बिहार का सियासी तापमान भी बढ़ा हुआ है। सभी सियासी पार्टियों के नेता जमीनी स्तर पर जाकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं, उनकी समस्याओं को सुन और समझ रहे हैं।उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल के कद्दावर नेता माधव आनंद इन दिनों मिथिलांचल दौरे पर हैं। माधव आनंद मधुबनी जिले के जयनगर पहुंचे और कई सामाजिक कार्यकर्ता, संगठनों के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात की। जयनगर में माधव आनंद का मिथिला के परंपरा के अनुसार पाग, दोपट्टा एवं महिला विकास मंच का परिचय पुस्तिका प्रदान कर स्वागत किया गया। माधव आनंद ने इस बैठक के दौरान जयनगर और आसपास के क्षेत्र की जमीनी समस्याओं से अवगत और साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी लोगों से बातचीत की। माधव आनंद ने झंझारपुर लोकसभा में विकास कार्यों की बदहाली पर चिंता जताया और कहा कि आज जनता बदलाव चाहती है। बिहार में जातिवाद राजनीतिक पार्टियों का चलन बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि शिक्षक की बहाली होगी, पूर्ण शराब बंदी होगी, डीबी कॉलेज जयनगर का नवीनीकरण होगा लेकिन ये सब दावे हवा हवाई हो गए। झंझारपुर की जनता इस बार बदलाव के लिए अग्रसर है।आगे उन्होंने कहा कि चुनाव के समय नेता जनता का सेवक बने होते हैं लेकिन चुनाव खत्म होते ही नेता जनता के भगवान बन जाते हैं। जनता को दर्शन तक नहीं देते हैं।वहीं बैठक में मौजूद लोगों ने क्षेत्रीय समस्या, शिक्षा की समस्या, कानून व्यवस्था की समस्या सहित सरकारी योजनाओं में लूट-खसोट संबंधी तमाम समस्याओं से माधव आनंद को अवगत कराया।उक्त बैठक में महिला विकास मंच, मधुबनी की जिलाध्यक्ष दीपशिखा सिंह, शोभा देवी, शंभू गुप्ता, अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष राजेश महतो, मनीष सिंह यादव, अधिवक्ता ओमप्रकाश सिंह, सच्चिदानंद उर्फ नीलू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खजौली सीएचसी में ओठ कटे बच्चे का हुआ जन्म

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली सीएचसी के लेबर रूम में शनिवार को सुवह में थाना क्षेत्र के खजौली पंचायत के धुसकीपट्टी गांव निवासी सरोज कुमार दास की पत्नी रीता देवी ने ओठ कटे तीसरी बच्चे को जन्म दिया।

जन्म के बाद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र खजौली के आरबीएस के डा. रमेश पासवान,डा. जितेन्द्र कुमार,एएनएम सीता सुमन के द्वारा वच्चे स्क्रैनिंग कर वेहत्तर इलाज के लिए सदर हास्पिटल मधुबनी रैफर कर दिया गया। वही आरबीएस के डा. रमेश पासवान ने बताया कि किसी भी महिलाएं को गर्भ के दूसरे या तीसरे माह में गर्भ में वच्चों का अंग का जुड़ने का कार्य होता है. ऐसी परिस्थिति में जेनेटिकल कारण या वातावरण में विकृति होने के कारण चमड़े एव मांस पेशियों सही से नही जुड़ने से इस प्रकार के बच्चें जन्म लेता है। उन्होंने कहा ऐसे बच्चें जन्म लेने के बाद स्तन पान में कठिनाई होती है।

इस प्रकार के वच्चों को ऑपरेशन के पश्चायत ही विकृत से निजात पायी जा सकती है.उन्होंने कहा कि कोई ऐसे वच्चों जन्म लिया है तो सीएचसी खजौली के आरबीएस टीम से संम्पर्क स्थापित कर समस्या का हल निकल सकता है.इस प्रशव मौके पर एएनएम रानी कुमारी,ममता दीदी सहित आरबीएस के टीम मौजूद थे।

मासिक टेस्ट में 100 छात्रों ने लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। लोहियानगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को मासिक टेस्ट आयोजित की गई। इस टेस्ट में लगभग 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से 30 छात्रों को शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। बाकी छात्रों को 80 फीसदी से ऊपर अंक आया। शत प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों के नाम सुरभि, खुशबू, सरिस्टा, अस्मिता, सृष्टि, समीक्षा, आनंद, दीपक, प्रेम, ऋषभ, रुपेश, तरुण, संजीव, रोशन आदि हैं।

इस मौके पर संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र, सफल उद्यमी एवं भाजपा जिला प्रवक्ता शुभम कुमार ने सफल छात्रों को पुरस्कृत किया।

अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि आपके परिश्रम का स्वमूल्यांकन परीक्षा के द्वारा होता है।

हालांकि परीक्षा में आये प्राप्तांक मेधा का मापदंड नहीं हो सकता है। परीक्षा में शामिल होना ही बहुत बड़ी बात है।

मैंने भी इसी संस्थान से कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण किया। आप लोग भी मेहनत करें और जीवन में आगे बढ़े। संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि टेस्ट में भाग लेने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है। उनमें मेहनत करने की जिज्ञासा बढ़ती है। इस मौके पर संस्थान के प्रशिक्षक सौरव कुमार, प्रथम परमार, खुशी, खुशबू सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

गुदरी के लाल पूर्व विधायक वासुदेव सिंह की मनी स्मृति दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। सादगी, सरलता, विनम्रता, शालीनता के प्रतिमूर्ति गुदरी के लाल और हम सबों के पथ प्रदर्शन पूर्व विधायक वासुदेव सिंह की 10वीं स्मृति दिवस शहीद सुखदेव सिंह समन्वय समिति की ओर से सुखदेव सभागार सर्वोदय नगर बेगूसराय में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह ने की। अध्यक्षीय संबोधन में शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वासुदेव बाबू का जन्म बेगूसराय जनपद के बासुदेवपुर चांदपुरा में 18 जनवरी 1932 ईस्वी को हुआ था और मृत्यु आज ही के दिन 2013 को हो गई। वासुदेव बाबू विधायक से 1992 तक बेगूसराय के विधायक रहे और उसके बाद दरभंगा विधानसभा क्षेत्र के विधान परिषद भी मरणोपरांत तक रहे। इस अवसर पर दधीचि देहदान समिति के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार राय ने कहा कि बेगूसराय के शैक्षिक और राजनीतिक पटल पर सुलझे हुए मसीहा थे। वह विचार से मार्क्सवादी और भाव से गांधीवादी थे। वासुदेव बाबू की आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत में शून्यता आ गई है। इस सुनीता को भरने के लिए मिलकर भविष्य में कोई संभावना नहीं दिखाई पड़ती है। समाजसेवी अर्चना कुमारी ने कहा कि बासुदेव बाबू अपनी मृदुल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के कारण संपूर्ण बिहार प्रांत के शिक्षक कर्मियों। के प्रिय थे। वह हमेशा बुनियादी सवाल करते थे। जेपी सेनानी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि वासुदेव बाबू गरीबों के मसीहा थे। धरती से जुड़े हुए इंसान थे। छात्र अनिकेत कुमार पाठक ने कहा कि बासुदेव बाबू से मेरा व्यक्तिगत लवर लगाओ था। जब वह वामपंथी थे, हम दक्षिणपंथी थे। उनसे व्यक्तिगत लगाव रहने के कारण मैं उनको भूल नहीं सकता हूं। साथ उनके विचारों को नहीं भूल सकता। साहित्यकार डॉ चंद्रशेखर चौरसिया ने कहा कि वासुदेव बाबू बाबू का जन्म बेगूसराय पूरा जनपद के बासुदेवपुर चंद्रपुरा में 1932 ईस्वी को हुआ था और मृत्यु आज ही के दिन 29 अप्रैल 2013 को हुआ। वह दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के सदस्य रहे। राजू कुमार सिंह बछवारा के युवा नेता ने कहा कि वह गरीब, किसानों एवं शिक्षकों के मसीहा थे।

देशी कट्टा एवं चार मोबाईल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर मधुबनी जिला के जयनगर और खजौली थाना पुलिस को शराब मामले छापेमारी कर करवाई करते हुए बड़ी सफलता मिली है। पुलिस छापेमारी दल को छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में शराब और बियर की खेप लदा हुआ तीन वाहन एवं एक लोडेड देशी कट्टा , चार मोबाईल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। शराब मामले पुलिस छापेमारी दल को मिली सफलता मामले को लेकर शनिवार को जयनगर थाना परिसर में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विपल्व कुमार के नेतृत्व प्रेस वार्ता की गई। डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान दी गई जानकारी मुताबिक उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिली कि योगिया नेपाल बॉर्डर से पिकअप और स्कॉर्पियो दो चार पहिया वाहन पर लादकर शराब का बड़ा खेप पचहर होते हुए कोरहिया जाने वाला है। प्राप्त सूचना को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक द्वारा एक विशेष छापेमारी दल का गठन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विपल्व कुमार के निर्देशन में किया गया। गठित छापेमारी दल में जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार, खजौली थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस सशस्त्र बल के सहयोग से आसूचना संकलन कर थाना क्षेत्र के कोरहिया में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में एक पिकअप तथा स्कोर्पियो दो चार पहिया वाहन पर शराब लदे हुए अवस्था में और एक मोटरसाईकिल पर सवार शराब तस्कर आरोपियों के पास से शराब एवं हथियार की बरामदगी की गई। मामले में गिरफ्तार तीन शराब तस्करों से पूछताछ से पता चला कि नेपला के लगडी बॉर्डर से योगिया पचहर सुक्की पुल होते हुए शराब के उक्त खेप को कोरहिया लाया गया था। शराब की खेप के साथ आगे आगे मोटर साईकिल से सवार शराब तस्करों के द्वारा हथियार के साथ लाईनिंग करते हुए स्कॉट किया जा रहा था। कोरहिया से उक्त शराब को पुनः मधुबनी बाजार एवं आस पास के क्षेत्रों में खपाने की तैयारी थी। लेकिन उससे पूर्व ही पुलिस छापेमारी दल के द्वारा छापेमारी के दौरान वाहनों की जाँच की गई तो भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ साथ ही तस्करों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा चार मोबाईल भी बरामद किया गया और शराब तस्करों के शराब तस्करी के मनसूबे को पुलिस दल ने पानी फेर दिया। भारी मात्रा में शराब समेत तीन वाहनों और हथियार एवं मोबाईल को जप्त करते हुए मामले में गिरफ्तार आरोपियों को आगे की करवाई हेतू थाना लाया गया। जप्त किये गये एक पिकप और एक स्कॉर्पियो एवं एक मोटरसाइकिल कुल तीन वाहनों पर लदी भारी मात्रा में शराब की खेप में 28 बोरियों में 140 कार्टून कुल तीन सौ एम एल का 4200 बोतल कुल 1260 लीटर नेपाली देशी शराब और एक कार्टून 19 बोतल नेपाली अंग्रेजी शराब कुल 7.125 लीटर, दो कार्टून में कुल 24 बोतल बियर कुल 12 लीटर कुल 4243 बोतल लगभग 1279 लीटर शराब एवं एक देशी लोडेड कट्टा कारतूस के साथ चार मोबाईल भी है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में जयनगर थाना क्षेत्र के पचहर वार्ड ग्यारह निवासी श्याम कुमार पूर्वे, थाना क्षेत्र के कोरहिया निवासी वीजय कुमार यादव, लदनिया थाना क्षेत्र के हरही वार्ड एक निवासी दुर्गेश कुमार यादव बताया जाता है। मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, पु.अ.नि. रौशन कुमार , खजौली थाना अध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह, पु.अ.नि. राम कुमार समेत पुलिस बल शामिल थे। वही मामले में फरार आरोपियों में थाना क्षेत्र के पचहर निवासी सुमित यादव, सुभाष साह, योगिया निवासी लक्ष्मण यादव गोबराही निवासी अजित यादव और उज्ज्वल कुमार एवं देवेंद्र कुमार बताया जाता है। शराब की खेप वितरण करने वाले आरोपियों में कोरहिया नवतोली निवासी गगन यादव और राजा यादव , कोरहिया आजाद चौक निवासी छोटू सिंह एवं मधुबनी बाजार निवासी संतोष यादव शामिल बताया जाता है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतू पुलिस छापेमारी कर रही है। प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी विपल्व कुमार के साथ थाना अध्यक्ष अमित कुमार , पुलिस पदाधिकारी बीडी राम समेत अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

2 मई को बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष आएंगे बेगूसराय

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी 2 मई को बेगूसराय आ रहे हैं। वो दोपहर के 12:00 बजे दिन में बेगूसराय के दिनकर कला भवन में पहुंचेंगे।जहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनंदन करेंगे।प्रदेश अध्यक्ष के आने की जानकारी मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत करने के लिए बीजेपी के कार्यकर्ता पलक बिछाए बैठे हैं। कई स्थानों पर बीजेपी के कार्यकर्ता तोरण द्वार उनके स्वागत में लगा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का अभिनंदन समारोह होने के बाद वो जिले के बीजेपी कार्यकताओं के साथ रिफाइनरी टाउनशिप स्थित रशियन गेस्ट हाउस में बैठक कर आगामी 2024 में होने बाले लोकसभा चुनाव और 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के बीजेपी कार्यकताओं के साथ बैठक कर अपना मूल मंत्र देंगे। बैठक करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष फिर पटना के लिए सड़क मार्ग से रवाना हो जाएंगे। बीजेपी के कार्यकर्ता जैसे ही वो पटना से राजेंद्र पुल पर पहुंचेंगे 2 मई को वहीं से उनका बाइक व चार पहिया वाहन से एक जुलूस के रूप में स्वागत करते हुए दिनकर कला भवन तक प्रदेश अध्यक्ष को लाने का काम करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

दबंगों ने घर में घुसकर महिला के साथ किया मारपीट

असरगंज। सजुआ गांव के रंजन यादव की पत्नी अंशु कुमारी के साथ घर मे घुसकर दबंगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। अंशु कुमारी के द्वारा असरगंज थाना में लिखीत आवेदन दिया गया है। आवेदन में लिखा गया है कि वो घर में अकेली थी कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट किया गया व मारपीट में महिला का मंगलसूत्र भी खोने कि कही। इस संबंध में असरगंज थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि महिला के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। जांच कर जल्द कार्रवाई की जायेगी।

अज्ञात अपराधियों ने पति पत्नी को गोलियों से भून डाला, दोनों की हुई मौत

मुंगेर। शुक्रवार की देर शाम नया रामनगर थाना क्षेत्र के समीप चंदनपुरा के पास डकरा सतखजुरिया निवासी 40 वर्षीय दीपक साह उर्फ आशीष राज एलआईसी अभिकर्ता एवं उसकी 35 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी को अज्ञात अपराधियों ने गोलियों से भून डाला। घटना की सूचना मिलते ही नया रामनगर थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहां दीपक की मृत्यु हो चुकी थी।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया। मृतक की पत्नी को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया जहां उनकी भी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दीपक साह उर्फ आशीष राज बरियारपुर पीएचसी में कार्यरत अपनी पत्नी ए एन एम सुनीता देवी को पहुंचाने के लिए बाइक से जा रहे थे। अचानक घात लगाए अपराधियों ने चंदनपुरा के पास दीपक साह उर्फ आशीष राज बाइक पर सवार उसकी पत्नी को रोकते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। जिसमें दीपक साह के सिर में गोली लगी और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी को अस्पताल भेजा गया स्थानीय पुलिस की मदद से पत्नी को अस्पताल लाया गया लेकिन अस्पताल में उनकी भी मृत्यु हो गई। अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। थाना अध्यक्ष कौशल कुमार ने कहा कि अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

72 घंटे का महारुद्र यज्ञ शुभारंभ

संग्रामपुर। शुक्रवार को संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर कमरगामा कठोर दुगार्पुर समिति के तरफ से 72 घंटे का महारुद्र यज्ञ को लेकर शिव मंदिर, बलिया से कलश शोभा यात्रा निकाली गई।कलश शोभा यात्रा बलिया शिव मंदिर से होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचा।इस कलश यात्रा में 151 महिलाओ एवं बालिकाओं ने भाग लिया।कलश यात्रा के दौरान तारापुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजीव कुमार सिंह,प्रखंड जदयू अध्यक्ष कमलनयन सिंह, शुभम कुमार सिंह, भी शामिल हुए।दुगार्पुर कमरगामा कठोर दुगार्पूजा समिति के अखिलेश कुमार आदि ने बताया कि 72 घंटे का महारुद्र यज्ञ को लेकर 151 महिलाओं और बालिकाओं के द्वारा भव्य कलश कलश शोभा यात्रा में शामिल होकर माथे पर कलश लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे।

सुप्रीम कोर्ट के नफरती भाषण वाले निर्देश का अधिवक्ता ने किया स्वागत

पूर्णिया। सुप्रीम कोर्ट का सुप्रीम आदेश जिसमें सभी राज्य और केंद्र शासित राज्यों को यह निर्देश दिया गया है कि नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करें चाहे भले ही उनके खिलाफ पहले से कोई मामले दर्ज किए गए या नहीं। सुप्रीम कोट के न्यायाधीश केएम जोसेफ एवं जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ के इस निर्देश का स्वागत अधिवक्ता विचार मंच के अध्यक्ष दिलीप कुमार दीपक ने किया है। दोनों ही जस्टिस द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यह आदेश हर धर्म के लोगों पर लागू होगा। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि मामला दर्ज करने में किसी भी तरह की वेरी को अदालत की अबमानना मामा जाएगा। श्री दीपक ने कहा है कि यह नफरत की भाषा पूरे देश का मुद्दा बना हुआ है। ऐसे में सुप्रीम कोट के द्वारा व्यापक जनहित में तथा देश में कानून व्यवस्था और संविधान की रक्षा के लिए यह निर्देश काफी प्रभावकारी साबित होगा। साथ ही नफरत की भाषा बोलन वालों पर अंकुश लग सकेगा।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में कुल 35 मामले की हुई सुनवाई

पूर्णिया। पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 6 उजड़े हुए घरों को समझा-बुझाकर फिर से बसा दिया गया। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में कुल 35 मामले सुनवाई हुई जिसमें से 10 मामलों को निष्पादित किया गया। डगरूआ थाना क्षेत्र से आयी एक महिला ने शिकायत की कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पति ने बताया कि उसकी बीबी बार-बार मायके चली जाती थी। इससे तंग आकर उसने दूसरी शादी कर ली है। फिर भी पहली पत्नी अपने पति के साथ रहना चाहती है, लेकिन सौतन के साथ नहीं रहना चाहती है।

एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन को दी चेतावनी

रिजल्ट में गड़बड़ी को जल्द ठीक नहीं किया गया तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। टीएमबीयू के पीजी सेमेस्टर दो का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें कई छात्रों को 0.5, 1.5 एवं 2 नंबर से अधिकांश छात्रों को प्रमोट कर दिया गया। अगर हम पूर्व की परीक्षा परिणाम सेमेस्टर 3 का देखें तो उसमें भी यही हाल किया गया था, पूर्व में भी 0.5 नंबर से छात्रों को फेल दिया गया था। विश्वविद्यालय की अड़ियल रवैया अपनाये जाने और छात्र छात्राओं के मानसिकता को लेकर प्रताड़ित किये जाने का मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष कई बार-बार ऐसे घटनाओं के सामने आने के बावजूद भी विश्वविद्यालय इस पर कोई एक्शन नहीं ले रहा। मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष तोमर, विभाग सह सयोजक कुणाल पाण्डेय, जिला सयोजक रोहित राज एवं अभिषेक कश्यप, द्वारा परीक्षा नियंत्रक से मिलकर अभिलंब परीक्षा परिणाम को ठीक किये जाने की गुहार लगाई है, वही उन्होंने कहा है कि परीक्षा परिणाम में अगर जल्द सुधार नहीं किया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बड़े पैमाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन किये जाने की बात कही है, वही उन्होंने कहा है कि बार-बार ऐसे गलती को ध्यान में रखते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किया जाए जिससे छात्रों को बार-बार ऐसी परेशानियों का सामना करना पर रहा है।

वही विभाग सह संयोजक कुणाल पांडे ने बताया कि पूर्व में अगर भी पार्ट वन कॉमर्स का परीक्षा परिणाम देखेंगे तो उसमें भी पचास परसेंट छात्रों के रिजल्ट में गड़बड़ी पाई गई है। उसे भी अभी तक प्रकाशित नहीं किया गया है, उसे भी जल्द प्रकाशित किये जाने की अपील की। वही साफ तौर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के मानसिक स्थिति के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिसे विश्वविद्यालय ऐसे गलतियों को अभिलंब सुधार करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद इसके लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसका जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन होगा।

स्वक्षता की खोलती पॉल, सौचालय हालत जर्जर

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। एक तरफ केंद्र सरकार स्वच्छता को लेकर तरह-तरह के प्रयास करने में जुटी है तो वहीं नाथनगर प्रखंड परिसर में बने मॉडल सामुदायिक स्वच्छता भवन का हाल काफी जर्जर हालत में पड़ा हुआ है, उक्त भवन की स्थिति ऐसी है कि परिसर का सदउपयोग किया जा सकता है ये मुमकिन नहीं है। वही भवन के आसपास गंदगी के अंबार लगा हुआ है साथ ही इलाके में बने स्वच्छता भवन की हालत बद से बत्तर स्थिति में देखा जा रहा है। आपको बता दें कि वर्ष 2015 में नाथनगर प्रखंड परिसर में मॉडल सामुदायिक स्वच्छता भवन का निर्माण कराया गया था। यह मॉडल सामुदायिक स्वच्छता भवन अनुपयोगी साबित हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक स्वच्छता परिसर का हाल काफी जर्जर हो चुका है, परिसर में निर्मित सौचालय के सेफ्टीक टैंक की हालत पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। प्रखंड परिसर आने वालों को शौच आदि के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ता है, सरकार के द्वारा संचालित स्वक्षता मिशन के तहत लोगों के बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लाखों रुपए की लागत से मॉडल स्वच्छता भवन का निर्माण करवाया गया था। मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी व सीओ द्वारा उक्त दिशा में कोई ठोस जबाब नही दिये जाने पर ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की स्वक्षता मिशन के तहत गांव व समाज का स्वक्ष कर स्मार्ट गांव बनाना सरासर गलत साबित होगा।

अभ्यर्थियों ने होमगार्ड कार्यालय में किया जमकर प्रदर्शन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। होमगार्ड अभ्यर्थियों ने समाहरणालय स्थित होमगार्ड कार्यालय के समक्ष जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नवगछिया, कहलगांव, नाथनगर, गोराडीह, सुल्तानगंज के अलावे कई जगहों से आए होमगार्ड अभ्यर्थियों ने होमगार्ड बहाली को लेकर जोरदार नारेबाजी के साथ हल्लाबोल प्रदर्शन किया। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी कई वर्षों से होमगार्ड की नियुक्ति के इंतजार में चल रहे है। अभ्यर्थियों ने अपनी नियुक्ति को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन को ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का कहना है कि हम लोग विगत वर्ष 2011 की बहाली की सभी शर्तों को पूर्ण करते हुए हम लोग सफल हुए है, मेडिकल तथा औपधिक मेघा सूची में मैं भी हम लोगों का नाम प्रकाशित हुआ है, लेकिन हम लोग अंतिम मेघा सूची से वंचित रखा गया है। जबकि अंतिम मेघा सूची का चयनित अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र जांच हुआ तो बहुत अभ्यर्थी फर्जी पाए गए थे। जिसके कारण बहुत सीट खाली रह गई और हम लोग इससे भी वंचित कर दिया गया है। जबकि यह बहाली सत्र 2011 का है और भर्ती प्रक्रिया 2022 में लिया गया था, जिसके कारण हम लोगों की उम्र सीमा समाप्त हो गया है, अब हम लोग दूसरा कोई फॉर्म नहीं भर सकते हैं, इस पर अगर संज्ञान नहीं लिया गया, तो हम लोग बाध्य होकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे, और अपने हक को लेकर रहेंगे।

शॉपिंग मॉल में लगी आग, मॉल सहित आसपास के इलाकों में मची अफरा-तफरी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। मौसम के बढ़ते तपिस में इन दिनों जिले के आसपास इलाके में अगलगी की घटनाएं काफी बढ़ गई है। ताजा मामला शहरी क्षेत्र में बने एक शॉपिंग मॉल में अचानक आग लग गई।

आग लगते ही मॉल परिसर में मौजूद लोगों के बीच अफरा तफरी मच गयी है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि पटेल बाबू रोड स्थित वी-मार्ट मॉल में अचानक आग लग गई जहां एक बड़ी घटना होते-होते रह गई। वी मार्ट मॉल के एक एसी में अचानक शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिसको देखते ही मॉल सहित आसपास के इलाके में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गयी थी। वही मॉल के कर्मचारियों और आसपास के लोगों के द्वारा एसी में लगी आग को बुझाने के प्रयास में जुट गयी। वही आधे घंटे तक कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वही आग लगने की घटना से मॉल सहित आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया।

30 अप्रैल को पूर्ववर्ती छात्रों का होगा सम्मेलन सह सम्मान समारोह

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। सीएमएस हाई स्कूल के प्रांगण में आगामी 30 अप्रैल को पूर्ववर्ती छात्रों का सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन को लेकर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता के दौरान विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र सह जिले के चिकित्सक डॉ. हेमशंकर शर्मा ने कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विद्यालय की स्थापना सत्र 1854 ईस्वी में की गई थी। जिसके बाद से विद्यालय में पढ़ाई कर चुके अबतक के कई छात्र देश के विभिन्न संस्थाओं और उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं, कुछ छात्र सेवा कार्य से मुक्त हो चुके हैं। वही अभी भी कई छात्र डॉक्टर और इंजीनियर के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में अपना नाम रोशन करने वाले कई लोग इसी स्कूल से पढ़कर आज बिहार और स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। जिसको लेकर विद्यालय परिसर में वैसे पूर्ववर्ती छात्रों का एक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों में काम कर रहे, वैसे छात्र जो यहां से पास आउट छात्र है आयोजित सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। वही कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को और बेहतर करने के लिए क्या कदम उठाए जाने हैं, उक्त दिशा में परिचर्चा के साथ साथ अपने जानकारी को साझा करने के साथ चर्चा की जाएगी।

पशु चोर गिरोह इलाके में है, सक्रिय, मवेशी चोरी की वारदात को धड़ल्ले से दे रहा हैं अंजाम

नाथनगर। जिले भर में मवेशियों की चोरी की वारदात घटित हो रही हैं। वही स्थानीय थाना क्षेत्र के कई इलाकों में बीते दिनों लगाता पशु की चोरी की घटना घटित हो रही हैं। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि इलाके में बीते दिनों खस्सी व बकरी की चोरी के आरोप में पुलिस ने दो युवक को मिजार्पुर गांव के पास से गिरफ्तार किया था। वही मामले को लेकर बताया जा रहा है कि इलाके के कसबा इलाके से दो बकरी चोरी करते दो चोर को ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ लिया था। जिसे लोगों ने काफी धुनाई कर पुलिस के हवाले किया था।

वही दूसरी ओर दोगच्छी के समीप एक गाय चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाँथ पकड़ लिया। ग्रामीण इतने आक्रोशित थे,कि उक्त चोर की जमकर धुनाई कर दी।जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे नाथनगर थाना पुलिस हवाले कर दिया। वही पुलिस ने गिरफ्तार चोर की पहचान अकबरनगर श्रीरामपुर गांव के रोहित यादव के रूप में की है। वही मामले को लेकर गाय के मालिक अकबरनगर खरैया के सौरभ कुमार ने बताया कि उसका गाय रननुचक बहियार इलाके से चोरी कर चोर ले भाग रहा था। काफी खोजबीन करने पर चोर दोगछि के समीप पकड़ लिया गया। जिसे स्थानीय थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। वही पुलिस गाय मालिक के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है।

गरीब शोषित वंचितों को पार्टी के मुख्यधारा से जोड़कर उनके हित में काम करें : प्रदेश अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । लोजपा (रामविलास) के जिला कार्यालय आदित्य आईटीआई नौवागढ़ी में लोकसभा की तैयारी को लेकर संगठन की संगठनात्मक समीक्षा की गई। की अध्यक्षता लोजपा (आर) के जिलाध्यक्ष विनय कुमार गुड्डू ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी रविशंकर सिंह उर्फ अशोक सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव सह सहायक प्रभारी संजय कुमार मंडल उपस्थित थे । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया ' मुख्य अतिथि रवि शंकर सिंह उर्फ अशोक सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा में अपनी पार्टी के जीत सुनिश्चित करने के लिए लेकर संगठन की मजबूती से बूथ स्तर की लड़ाई लड़ी जा सकती है ' उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक की कमेटी का विस्तार कर संगठन को मजबूत करना है ' लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हमेशा बिहार फर्स्ट एवं बिहारी फर्स्ट की हित को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं! हमारी पार्टी मजबूती की ओर अग्रसर है पार्टी के नीति सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास करें! संगठन की मजबूती के लिए प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी को समझने का प्रयास करें !जिससे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का बिहार हित में सपना पूरा हो सके! सभी लोगों को संगठन मजबूती को लेकर इमानदारी पूर्वक से कार्य करने की जरूरत है ' विशिष्ट अतिथि संजय कुमार मंडल ने कहा कि जनता की जन समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है ' साथ ही धरना एवं प्रदर्शन के माध्यम से जन समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रेरित भी किया ' बिहार में वर्तमान सरकार की कई गलत नीतियों के कारण लोकतंत्र की हत्या के साथ जनमानस पर प्रभाव पड़ा है जिससे अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिला अध्यक्ष विनय कुमार गुड्डू एवं जिला परिषद सदस्य संजय सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी जी का साफ निर्देश है जिला संगठन की मजबूती को लेकर प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत में जाकर संगठन का विस्तार करें ' जिला अध्यक्ष ने कहा कि गरीब ,शोषित, वंचितों को पार्टी के मुख्यधारा में लाकर इनके प्रति हितेषी के रूप में काम करें ' तारापुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी चंदन सिंह एवं जमालपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दुर्गेश सिंह ने कहा कि कार्यकताओं के बल पर ही चुनाव जीती जा सकती है ' क्योंकि कार्यकर्ता पार्टी का रीड होता है ' बिहार में सरकार की गलत नीति के कारण शराबबंदी कानून पूर्णरूपेण फेल हो चुका है ', आज बिहार में शराब के सेवन से कई का घर उजड़ चुका ' सरकार मुआवजा देकर वोट बैंक की राजनीति कर रही है ' सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि बिहार में युवाओं की राजनीतिक भविष्य की चिंता लोजपा(रामविलास)ही करती है !युवा कल्याण आयोग की मांग हमेशा लोजपा करते आ रही है! स्वर्गीय राम विलास पासवान के सपना को साकार करने के लिए युवाओं को राजनीतिक में आना अति आवश्यक है ',बैठक को युवा अध्यक्ष रंजीत पासवान, एससी /एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभय रजक, मजदूर सेल अध्यक्ष नवल किशोर पासवान ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद आमिर खान ने भी बैठक को संबोधित किया ' इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव कलावती देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पवन मंडल ने किया।

रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर पंडाल में श्रद्धालुओं ने बरसाये फूल

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर(मुंगेर) प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत मनियां गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक बाल ब्यास श्री रामजी त्रिपाठी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।

कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कत्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। कथावाचक ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ।उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई।कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत रुप से कथा सुनाई।

नगर आयुक्त पर एस्टीमेट घोटाला का लगा आरोप बुनियाद है : भाजपा नेता

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर।शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था और नगर आयुक्त के अथक प्रयास के बाद भी अगर ठीक नहीं होता है तो मुंगेर शहर के सड़कों का विकास और उस पर होती ओछी राजनीति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता शैलेंद्र चौधरी ने कहा हैं कि मुंगेर शहर में अगर विकास हो रहा है। यदि सचिव पद के लोग कार्य करवा रहे हैं तो उस पर राजनीति करना राजनीति को गाली देने के बराबर है। उन्होंने कहा कि यदि मुंगेर जिला का विकास होता है तो शहर और शहर के नागरिक आगे बढ़ते हैं।जब सड़के सही नहीं रहेगी, जब शहर के नाले सही नहीं रहेंगे, जब शहर की बिजली व्यवस्था सही नहीं रहेगी तो शहर का विकास कैसे होगा। जब सड़क को बनाया जाता है तो कुछ सालो के बाद जब उसका मेंटेनेंस किया जाता है या फिर उसको दोबारा बनाया जाता है तो उसके लिए सरकार को अपना फंड देना पड़ता है।जिसके लिए नगर निगम बोर्ड के लोग बिल पास करते हैं फिर उस पर कार्य किया जाता है और ऐसे ही कार्य मुंगेर की सड़कों पर हो रहा है मगर मुंगेर के कुछ ओझी राजनीति करने वाले नेता इसे बदनाम करने के लिए नगर निगम के प्रशासनिक व्यवस्था को बदनाम करने के लिए धमकी देकर दलाली खाने के चक्कर में रहते हैं वे लोग ही इसे घोटाले का नाम दे रहे हैं मैं उनसे सवाल पूछता हूं क्या है यह स्टीमेट घोटाला जरा इसको भी पूर्ण रूप से समझाना चाहिए और कोई पत्रकार अगर इस का साथ देता है तो यह भी शहर के विकास में बाधक है ।हम विपक्ष में हैं लेकिन जहां विकास होगा भाजपा उसके साथ है और जो भी इस विकास का रोड़ा बनेगा उसके खिलाफ भाजपा हमेशा तैयार रहेगी चाहे वह कोई भी नेता हो। ने कहा कि मुंगेर नगर निगम के नगर आयुक्त पर कुछ लोगों के द्वारा लगाया गया आरोप मुझे लगता नही हैं सही है। नगर आयुक्त के द्वारा जिस तरह से कार्य किया जा रहा है वह सही तरीका है और अगर जनता को रोड नहीं चाहिए तो जनता बोलेगी कि मुझे रोड नहीं चाहिए विकास नहीं चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि कुछ लोग ओझी मानसिकता वाले नेता नहीं बोलेंगे और नेता को लगता है कि जनता उसके साथ है तो वो उसे एक लिखित आवेदन दे, जिससे उस वार्ड के लोगो का हस्ताक्षर होना चाहिए। नही तो ऐसी ओछी मानसिकता वाली राजनीति बंद करनी चाहिए।

डीडीसी के दिशा-निर्देश में जिले के सभी प्रखंडों से पांच-पांच पंचायतों का किया गया चयन

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश एवं जिला उपविकास आयुक्त के मार्गदर्शन में पूर्णिया जिले के चयनित 65 पंचायतों में वीएचएसएनडी सत्र स्थलों को मजबूत करने के लिए सामाजिक व्यवहार में बदलाव (एसबीसी) को लेकर दो दिवसीय जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन शहर के एक निजी होटल में किया गया है। कार्यशाला में दूसरे दिन शुक्रवार को डीआईओ डॉ विनय मोहन, डीसीएम संजय दिनकर, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी आलोक कुमार, यूनिसेफ के शादान अहमद खान, क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद, एसएमसी मुकेश गुप्ता आदि के साथ केयर इंडिया के सोमेन मित्रा, पिरामल नम्रता सिन्हा और जियाद्दीन, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, जीविका के प्रतिनिधियों के अलावा चयनित पूर्णिया पूर्व, रुपौली, श्री नगर, बी कोठी, भवानीपुर, बैसा एवं जलालगढ़ प्रखंड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि यूनिसेफ बिहार के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के सभी प्रखंडों से पांच-पांच पंचायतों का चयन किया गया है। क्योंकि आरोग्य दिवस के दिन सभी तरह की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए स्थानीय स्तर पर सभी जनप्रतिनिधि, जीविका समूह से जुड़ी दीदियों के सहयोग से अपने कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करने की आवश्यकता है। सामाजिक व्यवहार में बदलाव (एसबीसी) में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से जिले के चयनित सभी 65 पंचायतों में वीएचएसएनडी को लेकर उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें आरोग्य दिवस सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में गर्भवती एवं धातृ माताओं के अलावा अभिभावकों को नवजात शिशुओं के जीवन की सुरक्षा किस तरह से करनी होती है, उचित देखभाल में सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन किस तरह से होना चाहिए, आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। क्योंकि बुधवार एवं शुक्रवार को आरोग्य दिवस का आयोजन जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर होता है। उस दिन सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं द्वारा अपने-अपने पोषक क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, एनीमिया, टीकाकरण, प्रसव पूर्व तैयारी, उच्च जोखिम वाले गर्भावस्था के अलावा धातृ महिलाओं को नवजात शिशुओं के लिए स्तनपान कराना क्यों जरूरी है, इस संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाती है। विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिस दौरान अन्य प्रकार की जानकारियां दी जाती हैं। पहले 6 माह तक नियमित रूप से शिशुओं को स्तनपान कराने से उसे कई तरह के संक्रमण से बचाया जा सकता है।

उच्च तकनीक आधारित शिक्षा को समर्पित समर्पण मिशन का हुआ शुभारम्भ

पूर्णिया । शहर के विवेकानन्द कॉलोनी स्थित कमलदेव पथ में समर्पण मिशन नामक एक निजी कोचिंग सेन्टर का उद्घाटन पूर्णिया की महापौर विभा कुमारी के द्वारा किया गया।

मेयर विभा कुमारी के साथ साथ समाजसेवी जितेंद्र कुमार, राष्ट्रीय पुरुस्कृत से सम्मानित रीता सिन्हा, महामाया प्रसाद सिन्हा के अलावा उदय शंकर सिंह, विजय सिन्हा, अंजनी कुमार वार्ड पार्षद, राजेश झा सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संस्थान का विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत अभिभाषण में संस्थान के संस्थापक अजय सिन्हा ने आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए "मिशन समर्पण" के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोचिंग संस्थान पूरी तरह से उच्च तकनीक पर आधारित है जिससे बच्चों का पढ़ाई की नींव मजबूत होगी।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल ने विष्णु पद मंदिर में किया पिंडदान , विष्णु पद प्रबंधन ने कोरिडोर की माग

गया। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गया के विष्णुपद मंदिर में पहुंचकर पिंडदान किया है. राज्यपाल बनने के बाद वे पहली बार गया पहुंचे हैं। उन्होंने विष्णुपद में भगवान विष्णु के चरण चिन्ह के दर्शन किए, इसके बाद अपने पूर्वजों का पिंडदान किया है। विष्णुपद प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल के अनुसार भगवान श्री विष्णु के चरण चिन्ह के दर्शन करने के बाद अपने पूर्वजों के मोक्ष की कामना को लेकर पिंडदान किया है. कर्मकांड उनके तीर्थ पुरोहित बच्चू लाल के द्वारा कराया गया है।वही विष्णुपद प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल के अनुसार उन्होंने एक मांग पत्र राज्यपाल को सौंपा है। मांग पत्र के माध्यम से तीर्थ यात्रियों के विष्णुपद में भीड़ को देखते हुए मांग की गई है। मांग किया गया है कि काशी की तरह गया जी को भी कॉरिडोर की तरह बनाया जाए। शंभूलाल विट्ठल ने बताया कि बिहार का राज्यपाल बनने के बाद राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर पहली बार गया पहुंचे हैं और पूर्वजों का विष्णुपद पहुंचकर पिंडदान किया है।

आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ की बैठक

गया।बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ गया के वैनर तले जिला कमेटी कि रामधनपुर में एक विशेष बैठक की अध्यक्षता अनीता झा जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गईजो बिन्दुवार इस प्रकार हैः- विभिन्न लंबित मुद्दा पर चर्चा के साथ विभाग के द्वारा पोषाहार को निजी करने की जो मंसा है इस पर अविलंब रोक लगाया जाए अन्यथा हम लोग का कठोर आंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे इसकी सारी जवाबदेही विभाग की होगी और सदस्यता पर जोर दिया गया।गया जिला के विभिन्न परियोजनाओं में केंद्र किराया का भुगतान किया जाए बार -बार जिला संघ के द्वारा सेविका सहायिका बहनों के ज्वलंत मुद्दों को लिखित रूप में विभाग को उपलब्ध कराने के बाद भी नजर अंदाज करने आदि पर चर्चा की अनीता झा ने बताया कि अगर समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो फिर अनिश्चित हड़ताल करने की घोषणा करते हैं।

लोक अदालत को ले ग्राम कचहरी के सरपंच के साथ बैठक

आरा : जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के तत्वाधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मिथिलेश कुमार के अध्यक्षता में प्रखंड आरा सदर भोजपुर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.05.2023 को लगने वाले लोक अदालत को लेकर भोजपुर जिले के पूरे ग्राम कचहरी के सरपंच के साथ बैठक किया गया।जिसमें बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है इसलिए जितने भी ग्राम कचहरी में छोटे बड़े सुलहनीय बाद हैं उसका सूची उपलब्ध कराया जाए।तथा इसका प्रचार प्रसार ग्रामीण स्तर पर करने के लिए कहा गया। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मैं आपसी रजामंदी एवं समझौते से एक ही दिन में केस का निष्पादन हो जाता है जिसका कोई अपील भी नहीं होता है।इस बैठक में आरा सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं आरा प्रखंड के सभी ग्राम कचहरी के सरपंच उपस्थित रहे।

मई माह में होगी बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा

आरा। वीर कुंवर सिंह विवि परीक्षा विभाग बीएड सत्र 2022-24 प्रथम वर्ष की परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा मई माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित होगी।परीक्षा का प्रोग्राम इसी सप्ताह में जारी किया जायेगा।परीक्षा के लिए चारों जिला में केंद्र बनाए गये है।बता दें कि परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भराया गया है।एडमिट कार्ड भी ऑनलाइन ही जारी किया जायेगा।परीक्षा में 2200 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर जिला ड्रेगन बोड के अध्यक्ष बने सुधीर शर्मा खिलाडियों मे खुशी

करपी (अरवल) पंकज ज्योति स्पोर्ट्स एकेडमी गांधी मैदान करपी के छह खिलाडियों का चयन ड्रेगन बोड के राष्ट्रीय स्तर पर होने से अरवल वासियों में खुशी एवं उत्साह का माहौल बना है. इस अवसर पर अरवल जिला ड्रेगन बोड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर शर्मा , कोषाध्यक्ष संतोष सिंह , सचिव कृष्णा कुमार समेत सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी . दसवीं राष्ट्रीय स्तर ड्रेगन बोड चैंपियनशिप जो मोतीहारी के मोतीझील में 27 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया गया है . जिसमें अरवल जिला के छह खिलाड़ी शामिल हुए , जो निम्न हैं 1. प्रीतम कुमार (करपी) 2. सोनू कुमार वर्मा (कमता) 3. दिलीप कुमार (करपी) 4. कृष्णा कुमार (करपी)5. कोमल कुमारी (करपी) 6. पल्लवी कुमारी (करपी) जिला सचिव कृष्णा कुमार ने बताया कि अरवल जिला से पहली बार छह खिलाडी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ।

जाति आधारित गणना के लिए किए जा रहे कार्यों का प्रधान सचिव ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

गया। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव सह गया जिला के प्रभारी सचिव बी० राजेन्दर के द्वारा आज 29 अप्रैल को नगर प्रखंड अंतर्गत नैली पंचायत के कोसडीहर गांव अंतर्गत वार्ड संख्या 06 में चल रहे जाति आधारित गणना के द्वितीय चरण के तहत किए जा रहे कार्यों का स्थल पर स्वयं जाकर निरीक्षण किया गया है। इस दौरान जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम, वरीय उप समाहर्ता गया अमृता ओशो, जिला सांख्यकी पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर मौजूद थे।शनिवार के निरीक्षण के क्रम में संबंधित प्रगणकों को प्रथम चरण में संधारित पंजी को साथ में लेकर सत्यापन करते हुए घर घर जाकर द्वितीय चरण से संबंधित सभी आंकड़ों को प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में अंकित करने का निर्देश दिया गया है। जाति आधारित गणना से संबंधित कार्य एवं आंकड़ों की जानकारी उपस्थित प्रगणक से लिया गया है।

प्रधान सचिव ने जिला सांख्यकी पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आईटी सहायकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की सहायता से सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के स्मार्टफोन में बिहार जाति आधारित गणना ऐप को इंस्टॉल कराना सुनिश्चित करें, ताकि गणना प्रपत्र पर भरे गए आंकड़ों को मोबाइल ऐप पर उसी दिन एंट्री कराया जा सके। जाति आधारित गणना के निमित्त अनुश्रवण करने का भी निर्देश दिया है।प्रधान सचिव ने उपस्थित वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन क्षेत्र मे भ्रमण कर जाति आधारित गणना का निरीक्षण करें। जिससे गणना सुचारू रूप से ससमय संपन्न हो सके।मालूम हो कि बिहार जाति आधारित गणना का प्रथम चरण 7 जनवरी से 21 जनवरी 2023 के बीच संपन्न हुआ था। जबकि इसका द्वितीय चरण 15 अप्रैल से 15 मई के बीच आयोजित है। गणना के दौरान सभी परिवारों से सदस्यों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी के साथ सामाजिक एवं आर्थिक विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रगणक द्वारा प्राप्त की जाएगी एवं इसे गणना प्रपत्र पर कोड के माध्यम से अंकित करते हुए परिवार के मुखिया या प्रधान का स्वघोषणा उपरांत हस्ताक्षर लिया जाएगा एवं उसके बाद प्रगणक द्वारा इसकी प्रविष्टि मोबाइल ऐप पर की जाएगी।

वहा पर उपस्थित प्रगणक से जानकारी लेने पर बताया गया कि उनके क्षेत्र में 608 की संख्या में आबादी है। मकानों का नंबर इन देने का कार्य पूर्ण किया गया है। सभी हाउसहोल्ड का पूरी विवरने को लिखते हुए हाउसहोल्ड के मालिक द्वारा हस्ताक्षर की पंजी में करवाया जा रहा है। प्रधान सचिव ने प्रगणक द्वारा विभिन्न प्रपत्रों में भरे गए कागजातों का पूरी अच्छी तरीके से जांच किया एवं प्रगणक से जानकारी प्राप्त किया गया है। एक अन्य प्रगणक ने बताया कि उनके क्षेत्र में 87 की संख्या में मकान है, जिनमें से 52 मकान ने गणना का कार्य पूर्ण कर लिया है तथा 52 में से 35 मकानों के हाउसहोल्ड का ऑनलाइन अपलोड भी कर दिया गया है। प्रधान सचिव ने काफी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि काफी अच्छे तरीके से जिले में जाति आधारित गणना का कार्य संपन्न हो रहा है।

प्रधान सचिव ने स्थानीय ग्रामीण प्रमोद कुमार जो ऑल इंडिया टूरिस्ट बस ड्राइवर हैं, उनसे जाति आधारित गणना के संबंध में जानकारी लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग उनके घर आए थे एवं जाति आधारित गणना कार्य के लिए कुछ व्यक्तिगत जानकारियां लेते हुए एक प्रपत्र में भरने का कार्य किया है एवं अंतिम में हस्ताक्षर भी करवाया गया है। इस कार्य से ग्रामीण काफी खुश है। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने अनुरोध किया कि इस महादलित टोले में पेयजल की अत्यंत समस्या है। जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को तुरंत निर्देश दिया कि 24 घंटे के अंदर एक नए चापाकल लगवाना सुनिश्चित करें। तत्काल पानी टैंकर के माध्यम से इस क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारू रखें।

मेरी जवाबदेही और जिम्मेवारी पहले से और अधिक बढ़ी : वीरेन्द्र गोप

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश के राज्य कमेटी का विस्तार करते हुए वीरेन्द्र गोप को पुनः प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। अपने मनोनयन पर गोप ने कहा कि मुझे पुनः प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किये जाने से मेरी जवाबदेही और जिम्मेवारी पहले से और अधिक बढ़ी है, उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह जिम्मेवारी देकर मुझ पर भरोसा करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूँ।उनके मनोनयन पर राजद नेताओं ने बधाई दिया है बधाई देने वालों में मुख्य रूप से गया जिला राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव श्री सुभाष यादव, गया महानगर राष्ट्रीय जनता दल के नव मनोनीत प्रधान महासचिव विजय सिंह चंद्रवंशी, नालंदा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक आजाद नव मनोनीत प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा, जय प्रकाश शर्मा, पंकज यादव छात्र राजद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव यादव,गया जिला राजद किसान सेल के प्रधान महासचिव अवधेश यादव, रामबाबू यादव गया जिला राजद के वरिष्ठ नेता उज्जैर अहमद,मोहम्मद वसीम अकरम,संतोष यादव तथा ज्ञानदत्त प्रजापति शामिल है।

129 समंजित कर्मियों को योगदान का जारी किया गया पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। पटना हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों में बहाल 129 तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के योगदान को ले पत्र जारी कर दिया है। हालांकि योगदान सशर्त कराया गया है।विवि ने कहा है कि योगदान करने की अनुमति इस शर्त के साथ दी जाती है कि वेतन, एरियर, आदि का भुगतान राज्य सरकार से राशि प्राप्त होने के बाद किया जायेगा। मालूम हो कि विगत 13 अप्रैल को हाईकोर्ट ने अस्सी के दशक में बहाल समंजित कर्मियों की बहाली को वैध ठहराते हुए राहत दी थी। कोर्ट ने समंजित कर्मियों को वित्तीय लाभ देने का आदेश दिया था। विगत दिनों कोर्ट ने कर्मचारियों के समायोजन से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए वीर कुंवर सिंह विवि के कुलसचिव और शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को तलब भी किया था। इधर, कोर्ट के न्यायदेश के अनुपालन को ले विवि ने एक कमेटी गठित की थी।कमेटी के निर्णय के आलोक में योगदान संबंधित अधिसूचना जारी की गयी है।विवि की ओर से पत्र निर्गत होने पर कर्मियों में खुशी देखी गयी। मालूम हो कि वर्ष 2010,11, 12 और 13 में विवि के 17 अंगीभूत कॉलेजों में 14 अंगीभूत कॉलेजों में 129 कर्मचारियों का समंजन हुआ था। इसमें संबसे अधिक कर्मचारी महाराजा कॉलेज में है। महिला कॉलेज, एसबी कॉलेज,एचडी जैन कॉलेज आरा, डीके कॉलेज डुमरांव,शेरशाह कॉलेज, एसपी जैन कॉलेज सासाराम सहित अन्य जगह नियुक्त किये गये थे।कई कर्मी रिटायर्ड हो चूके है, जबकि कुछ का निधन भी हो चूका है।

टाडा बंदियों की नही हुई रिहाई तो होगा न्याय मार्च : कुणाल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा – माले का दो दिवसीय जिला कमिटी की बैठक कोइलवर के गीधा में समाप्त हुई। बैठक में देश और जिले के राजनीतिक परिस्थिति पर विस्तृत मंथन हुआ। 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा हुई । पार्टी द्वारा चलाया गया लोकतंत्र बचाओ जनसंवाद अभियान में गरीबों द्वारा उठाए गए सवालों पर गंभीरता से चर्चा हुई। समीक्षा में देखा गया कि हजारों गरीबों के घर फर्जी बिजली बिल भेजा गया है। आवास, पेंशन योजना में धांधली सहित मनरेगा में कटौती किया जा रहा है। जिस पर पार्टी ने निर्णय लिया है कि इन सवालों पर धारवाहिक आंदोलन चलाया जाएगा। इसी क्रम में 29 मई को फर्जी बिजली बिल के खिलाफ तीनो सबडिवीजन ऑफिस पर जनता का अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

इस मौके पर राज्य सचिव ने कहा कि राज्य में गरीबों की महागठबंधन सरकार चल रही है ले 27 बंदियों को रिहा किया गया। लेकिन 22 साल से सजा काट रहे गरीब टाडा बंदियों की रिहाई नही हो रही है। उन्होंने कहा कि इस जिले में भी इस मुद्दे पर गंभीर चिंता और आक्रोश है। सरकार अगर उनकी रिहाई नही करती है तो माले भदासी से पटना तक न्याय मार्च करेगी। उन्होंने कहा कि भोजपुर सहित पूरे राज्य में गरीबों के घर फर्जी बिजली बिल भेजा जा रहा है। भोजपुर के लिए बड़े दुख और शर्म की बात है कि यहाँ के सांसद आरके सिंह उर्जा मंत्री है इसके बाउजूद गरीबो को फर्जी बिल से तबाह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि आरके सिंह अपने धिकारियों की निर्देशित कर की तमाम फर्जी बिल को खत्म करें और गरीबों को दूसरे राज्यों के तर्ज पर मुफ्त बिजली दे , कृषि कार्य के लिए बिजली उपलब्ध कराए। उत्तर प्रदेश जे तर्ज पर गरीबों के घर बुलडोजर चलाया जा रहा है गरीबों का घर उजड़ा जा रहा है जिसके खिलाफ शहरी गरीब मोर्चा आंदोलन करेगी।

हमने देखा कि सासाराम और फुलवारीशरीफ सहित भाजपा पूरे राज्य में दंगा फैलाना चाह रही है। बिहार को गुजरात बनाना चाह रही है। इसके खिलाफ हमे आंदिलन किया है और आगामी 23 मई को फुलवारी शरीफ में इंसाफ मंच का राज्य सम्मेलन होने वाला है । इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, राज्य सचिव कुणाल, जिला सचिव जवाहरलाल सिंह, केंद्रीय कमिटी सदस्य व अगिआंव विधायक मनोज मंजिल, राजू यादव, तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, चंद्रदीप सिंह, राज्य कमिटी सदस्य इंदु सिंह, शिवप्रकाश रंजन, सबीर, संजय जी रमेश सिंह, नीलम कुंवर, नंद जी , विष्णु ठाकुर, विजय, उपेंद्र भारती, रघुवर पासवान, कामता सिंह, दसई राम, दिलराज प्रीतम सहित कई सदस्य शामिल थे।

भोजपुर में सरेआम हाथ में हथियार लेकर फायरिंग करते युवक का वीडियो हुआ

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले में सरेआम हाथ में हथियार लेकर फायरिंग करता एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में उक्त युवक सरेआम हाथ में हथियार लहराते एवं फायरिंग करते नजर आ रहा है। वही यह वायरल वीडियो 14 अप्रैल के सुबह की बताई जा रही है। इस संबंध में स्थानीय थाना ने प्राथमिकी भी दर्ज कर ली है। लेकिन अभी तक हवाई फायरिंग कर रहे उक्त युवक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। बता दें कि यह पूरा मामला जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के मिल्की ईश्वरपुरा गांव की है। जहां अहले सुबह एक युवक हाथ में हथियार लेकर घूमता नजर आता है। जिसे देखने के बाद स्थानीय लोग उसका वीडियो बनाने लगते हैं और उसका पीछा करने लगते हैं। तभी खुद का पीछा करता देख उक्त युवक द्वारा हवाई फायरिंग कर दी जाती है। फायरिंग करने के बाद उक्त युवक दौड़ कर भागने लगता है। फायरिंग की घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण उसको पकड़ने के लिए उसका पीछा करने लगते हैं। लेकिन वह दौड़ कर भागने में सफल हो जाता है। जिसके पश्चात स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय थाना को दी जाती है और ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन भी दिया गया है। लिखित आवेदन में कहा गया है कि हवाई फायरिंग करता उक्त शख्स शाहपुर थाना क्षेत्र के कि ईश्वरपुरा गांव का निवासी धनंजय तिवारी का पुत्र अभिमन्यु तिवारी है। फायरिंग कर अभिमन्यु तिवारी द्वारा गांव में दहशत फैलाया जा रहा है। लिखित आवेदन के अनुसार अभिमन्यु तिवारी ने कई लोगो पर भी गोलियां चलाई है। लेकिन इस घटना में किसी लोगों को नहीं लगी है। वहीं इस विषय में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझे हर्ष फायरिंग की सूचना नहीं मिली है और ना ही थानाध्यक्ष द्वारा मुझे ऐसी सूचना दी गई है हालांकि अगर किसी भी शख्स द्वारा फायरिंग की गई है तो उस शख्स को गिरफ्तार करके उस पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

जल संरक्षण करना सभी का कर्तव्य : नरेन्द्र प्रताप

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। यूथ फॉर सेवा" के द्वारा बालिका उच्च विद्यालय एवं शिशु संस्थान में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता संगोष्ठी तथा करियर कॉंसिलिग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाराज कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० डॉ० नरेन्द्र प्रताप पालित ,समाजसेवी श्रीमती रीता सिंह, यूथ फॉर सेवा के प्रदेश संयोजक आनंद कुमार, प्रधानाध्यापक श्री जगदीश सिंह, डॉ निरुपमा सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जविलत कर किया। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद जी और भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र से किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित करते हुए महाराजा कॉलेज भूगोल विभागाध्यक्ष व सिडिकेट सदस्य नरेन्द्र प्रताप पालित ने सरल शब्दो में जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण के गुर छात्र छात्राओं को सिखाए और भविष्य में जल को बर्बाद होने से बचाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नरेन्द्र प्रताप पालित ने कहा की लोग अंधाधूध जल का दोहन कर रहे हैं ।

बेवजह हमें पानी बर्बाद होने से रोकना होगा आज हम देख रहे हैं की देश के अधिकांश हिस्से में जल संकट विकराल रूप ले चुका हैं । हमें छोटे छोटे प्रयास कर अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण करना चाहिए।

विद्यालय के व्यवस्थापक राम जी तिवारी ने पर्यावरण प्रदूषण के कारण पक्षियों की कई प्रजातियों के विलुप्त होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा हमारी पृथ्वी प्राकृति के जीवन चक्र के सिद्धांत पर आधारित है और किसी प्रजाति विशेष का विलुप्त होना आनेवाले समय में किसी भीषण प्राकृतिक विपदा के आने का संकेत है जिसका कारण हम मनुष्य ही होगें। यदि आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो जियो और जीने दो के सिद्धांत का पालन सभी को करना होगा और जिससे जितना बन सके पशु पक्षियों के संरक्षण में सहयोग करना होगा। उपस्थिति छात्र छात्राओं ने भी श्री तिवारी जी की बातों का समर्थन करते हुए अपने अपने घरों के छत पर पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की शपथ ली और आस पास के लोगों को भी प्रेरित करने की बात कही।

करियर कॉंसिलिग के सत्र में श्रीमती रीता सिंह ने छात्राओं को बताया कि सबसे पहले अपनी रुचि के अनुसार अपने लक्ष्य को निर्धारित करें इसके बाद तब तक चैन न बैठें जब तक लक्ष्य हासिल न हो जाए। सीखे गए पाठ का बार बार अभ्यास ही हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करता है। छात्र छात्राओं में स्वच्छ प्रतिस्पर्धा की भावना होनी चाहिए क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही हमारे अंदर लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जनून पैदा करता है और हम सफलता की ऊंचाईयों पर पहुंच पाते हैं।

भोजपुर में तीन दिन से लापता महिला का शव पोखरे से हुआ बरामद

आरा। भोजपुर जिले में तीन दिन से लापता एक महिला का शव पोखरे से बरामद हुआ है। उसका शव संदेश थाना क्षेत्र के खंडोल गांव स्थित महावीर मंदिर के समीप पोखरे से शनिवार की सुबह शव बरामद हुआ है। शव से मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतका संदेश थाना क्षेत्र के खंडोल गांव निवासी सरोज राम की 42 वर्षीया पत्नी रेणु देवी है। इधर मृतका के पति सरोज राम ने बताया कि वह तीन दिन दोपहर करीब 12 बजे घर से निकली थी। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद परिजन लगातार उसकी खोज करते रहे पर उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था। शनिवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने गांव में स्थित महावीर मंदिर के समीप इसके बाद उन्होंने सूचना के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट अरवल जिला संगठन का हुआ विस्तार

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिले के अंबेडकर वाचनालय में शनिवार को नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के अरवल जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार अमर के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान संगठन का विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के अरवल जिला अध्यक्ष के पद पर चंद्र भूषण कुमार को चुना गया जबकि संरक्षक के पद पर भुनेश्वर कुमार को चुना गया वहीं उपाध्यक्ष रामकुमार एवं बैजू कुमार सचिव सुजीत कुमार सोनी, महासचिव पंकज नारायण मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष के रूप में राधेकांत शर्मा को चुना गया। *(नौ सदस्यीय कार्यकारिणी का भी किया गया गठन) जिसमें रणविजय कुमार, कुंदन कुमार, संजय सोनार, अनिरुद्ध कुमार ,अरविंद कुमार, रंजन कुमार,अंजनी कुमार, निशांत मिश्रा,सुधीर कुमार को रखा गया इसके अलावा तीन सदस्यीय मार्गदर्शन मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें देवेंद्र कुमार,अमरेश कुमार अमर एवं अजीत कुमार को रखा गया इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार ने कहा कि संगठन ने जिस उद्देश्य से हमें अध्यक्ष पद से नवाजा है आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि उनके आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा फ्लैट इस मौके पर संगठन के सदस्य रहे पत्रकार उपेंद्र कुमार ब पत्रकार सुनील सौरव के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जहां उपस्थित संगठन के सदस्यों ने दो मिनट के मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

भोजपुर में हथियारबंद अपराधियों ने पंचायत समिति सदस्य की गोली मारकर की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलापुर गांव स्थित ठाकुर टोली में शुक्रवार की देर शाम हथियारबंद अपराधियों ने पंचायत समिति सदस्य सह मिठाई दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक को करीब चार गोली मारी गई है। सरेशाम इस वारदात के बाद गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव बाजार स्थित पुरानी पानी टंकी निवासी स्व.नंद कुमार साह उर्फ ढोरा साह के 40 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार साह है। वह पूर्वी बेलाउर के पंचायत समिति सदस्य सह मिठाई दुकानदार थे। वह पहली बार पूर्वी बेलाउर से पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीते थे। इधर मृतक की पत्नी मीना देवी ने बताया कि उनका पुत्र आयुष का एक आरा में दोस्त है जिसका पिस्टल खराब हो गया था और उसने गांव के ही ऋषि नामक युवक को उसका पिस्टल बनाने के लिए दिया था। जिसके बाद आरा निवासी युवक बराबर उनके पुत्र आयुष पर पिस्टल दिलवाने का दबाव बना रहा था और कह रहा था कि तुम ही ने उसे दिलवाया है। जिसको लेकर वे लोग करीब 4 महीने से लगातार ऋषि को बोल रहे थे कि उसका पिस्टल दे दो। अगर नहीं देना है तो वह भी बोल दो। हम लोग उसका पैसा दे देंगे। लेकिन वह बराबर आजकल कह टाल देता था। शुक्रवार की सुबह उसने कहा कि मैं आज पैसा दे दूंगा। साथ ही उसने उनके पति के कहा कि शाम में जब आप पार्टी मनाने आएंगे। उसी समय मैं पैसा दे दूंगा। जिसके बाद ऋषि ने उनके पति से ही पार्टी मनाने के लिए पैसे भी लिए। शुक्रवार की देर शाम करीब 7 बजे ऋषि ने फोन कर उनके पति दिलीप कुमार साह घर से गांव में ही स्थित ठाकुर टोली में पार्टी मनाने के लिए बुलाया था। जिसके बाद वह अपने एक अन्य साथी के साथ ठाकुर टोली चले गए। तभी कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि उन्हें गोली लग गई है। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने देखा कि उन लोगों द्वारा उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है और वह खून से लथपथ मृत अवस्था में जमीन पर गिरे पड़े हैं।

जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते हैं स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे सदर अस्पताल भेज दिया। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं दूसरी ओर मृतक की पत्नी मीना देवी ने गांव के ही ऋषि नामक युवक एवं उसके अन्य दोस्तों पर अपने पति की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि मृतक की हत्या उन्होंने क्यों कि। इसका कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। उधर घटना की सूचना मिलते हैं भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार,एएसपी सह सदर एसडीपीओ चंद्र प्रकाश घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों समीर घटना की पूरी जानकारी ली। वही भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव में दीपक साह नाम के व्यक्ति जो पंचायत समिति सदस्य भी हैं और दुकानदारी भी है। उनके साथ बैठकी कर रहे कुछ लड़कों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी है आगे की जानकारी प्राप्त की जा रही है। हत्या के कारण क्या है संदिग्धों के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस त्वरित रूप से मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में बड़े थे। मृतक के परिवार में पत्नी मीना देवी व एक पुत्र आयुष कुमार एवं एक पुत्री पल्लवी कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मीना देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

श्री शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झांकी के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई

करपी अरवल। प्रखंड क्षेत्र पिड़हो गांव में श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश शोभा यात्रा में क्षेत्र के करीब 551 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकल कर रघुनाथपुर रामपुर चाय बाला बिगहा घराना श्री संकट मोर बंधवा गांव होते हुए देवकुंड स्थित सप्तधारा तालाब से आचार्य गणेश मिश्रा एव देवकुंड मठ के महंत श्री कन्हैया पूरी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भर कर 4 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पुनः कलश पिड़हो गांव यज्ञ स्थल पहुंची जहां आचार्य गणेश मिश्रा बनारसी ने भक्तो को संबोधित करते हुए कहा की यज्ञ शब्द जिसका अर्थ है देव पूजा संगतिकरण और दान संसार के सभी श्रेष्ठकर्म यज्ञ कहे जाते हैं। वही समाजसेवी डॉ ज्योति प्रसाद उर्फ शत्रुघन पंडित के नेतृत्व में मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई शंकर भगवान, राम लक्ष्मण व बजरंग बली की झांकी श्रद्धालुओं सहित हाथी घोड़े लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था इस मौके प

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.16 अरब की तगड़ी गिरावट, पाकिस्तान में हो रहा सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर पिछले सप्ताह अच्छी खबर नहीं मिली। यह लगातार दो सप्ताह चढ़ने के बाद पिछले सप्ताह घट गया। बीते 21 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में 2.16 अरब डॉलर की भारी कमी हुई है। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 584.248 अरब डॉलर रह गया है। इससे पहले 14 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 1.65 बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी और यह 586.41 बिलियन के स्तर पर था। इसी सप्ताह पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जबकि वहां का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इससे पहले वहां लगातार तीन सप्ताह तक विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट हुई थी।

रिजर्व बैंक की तरफ से से जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते 21 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 2.16 अरब डॉलर की कमी हुई है। इसी के साथ अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार 584.248 अरब डॉलर रह गया है। इससे पहले 14 अप्रैल 2023 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 1.657 अरब डॉलर और उससे एक सप्ताह पहले 6.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। अक्टूबर 2021 में भारत

का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

फॉरेन करेंसी एसेट्स में भी कमी: रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों पर गौर करें तो 21 अप्रैल 2023 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना अपना फॉरेन करेंसी असेट भी घटा है। आलोच्य सप्ताह के दौरान यह 2.146 अरब डॉलर घट कर 514.489 अरब डॉलर रह गया है। उल्लेखनीय है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

गोल्ड रिजर्व भी घट गया: आलोच्य सप्ताह के दौरान देश के सोने के भंडार का मूल्य घट गया है। बीते 21 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान यह 2.4 करोड़ डॉलर घट कर 46.151 अरब डॉलर तक गिर गया है।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह के दौरान भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान यह 1.9 करोड़ डॉलर बढ़ कर 18.431 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.4 करोड़ डॉलर घटकर 5.176 अरब डॉलर रह गया है।

पाकिस्तान में बढ़ा: पाकिस्तान के आर्थिक हालात की बात करें तो इस समय वहां कंगाली जैसी स्थिति दिखती है। हालांकि, वहां बीते 20 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 30.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले 14 अप्रैल को भी 39.42 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। हालांकि, इससे पहले लगातार तीन सप्ताह वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में कभी हुई थी।

बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर पांच माह में सबसे कम, क्रूड उत्पादन 2.8 फीसदी घटा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के आठ बुनियादी उद्योगों में उत्पादन की वृद्धि दर मार्च, 2023 में सालाना आधार पर 3.6 फीसदी रही।वृद्धि की यह रफ्तार अक्तूबर, 2022 के बाद पांच माह में सबसे कम है। उस समय बुनियादी उद्योगों में उत्पादन की वृद्धि दर सबसे कम 0.7 फीसदी रही थी। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च, 2022 में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 4.8 फीसदी की दर से बढ़ा था।फरवरी, 2023 में इसकी वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम महीने मार्च में कच्चे तेल का उत्पादन 2.8 फीसदी घट गया।बिजली क्षेत्र में 1.8 फीसदी और सीमेंट में 0.8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, कोयला उत्पादन में 12.2 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन 9.7 फीसदी, इस्पात क्षेत्र 8.8 फीसदी, प्राकृतिक गैस 2.8 फीसदी और रिफाइनरी उत्पाद 1.5 फीसदी की दर से बढ़ा। वित्त वर्ष 2022-23 में आठ बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023 में 7.6 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2021-22 10.4 प्रतिशत से कम है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में कोर सेक्टर या प्रमुख बुनियादी ढांचा उद्योगों का भारांश 40.27 प्रतिशत है।

कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग और मालिक पर 21 करोड़ जुर्माना : वहीं, पावर ऑफ अटॉर्नी का दुरुपयोग कर ग्राहकों के धन की हेराफेरी के लिए सेबी ने शुक्रवार को कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. (केएसबीएल) व उसके प्रवर्तक कोमांदुर पार्थसारथी को सात साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।साथ ही, 21 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है। सेबी ने आदेश में कहा, पार्थसारथी अगले 10 साल तक किसी भी सूचीबद्धकंपनी में निदेशक या अन्य मुख्य पद पर नियुक्त नहीं हो सकते हैं।

सिद्धार्थ मोहंती जून 2024 तक एलआईसी के चेयरमैन नियुक्त, जून 2025 में होंगे रिटायर

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने सिद्धार्थ मोहंती को 29 जून, 2024 तक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चेयरमैन नियुक्त किया है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। 29 जून 2024 के बाद वह जून 2025 तक एलआईसी के सीईओ और एमडी रहेंगे। मोहंती जून 2025 में सेवानिवृत्त होंगे। मोहंती जो एलआईसी के चार प्रबंध निदेशकों में से एक हैं, को मार्च में तीन महीने के लिए अंतरिम अध्यक्ष नामित किया गया था। एमडी के रूप में एलआईसी में शामिल होने से पहले मोहंती एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के एमडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत थे, जो कि देश का सबसे बड़े मोरगेज फाइनेंसरों में से एक है।

कैम्पा कोला को देशभर में वितरित करने के लिए हुई साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। उड़ान ने पूरे भारत में कैंपा कोला वितरित करने के लिए रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ साझेदारी की है। बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उड़ान ने यह साझेदारी पूरे भारत में कैंपा कोला उत्पादों को वितरित करने के लिए की है। रिलायंस रिटेल की सहायक कंपनी आरसीपीएल ने अगस्त 2022 में 22 करोड़ रुपये में प्रतिष्ठित पेय ब्रांड कैम्पा कोला का अधिग्रहण किया था और इस साल मार्च में इसे फिर से लॉन्च किया। वितरण साझेदारी से उड़ान को शुरू में 50,000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोरों तक पहुंचने की अनुमति मिलेगी, जो अंतत : दो महीने में एक लाख स्टोर तक बढ़ जाएगी। उड़ान की ओर से कोला, ऑरेंज और क्लियर लाइम सहित तीन नए कैंपा कोला फ्लेवर, 200 मिलीलीटर, 500 मिलीलीटर और 2,000 मिलीलीटर की बोतल में वितरित किए जाएंगे। उड़ान में एफएमसीजी कारोबार के प्रमुख विनय श्रीवास्तव ने कहा कि बी2बी ई-कॉमर्स यूनिकॉर्न उड़ान का विशाल खुदरा विक्रेता आधार और कम खर्चीला वितरण नेटवर्क पूरे भारतीय बाजार में कैम्पा कोला ब्रांड को अपनी पैठ बनाने में मदद करेगा। कैंपा कोला के लिए आरसीपीएल के साथ साझेदारी उड़ान के प्रोजेक्ट विस्तार का हिस्सा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में एफएमसीजी और खाद्य श्रेणी के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने से जुड़ी पहल है। उड़ान ने दावा किया है कि उसकी पहुंच कम से कम 3,000 की आबादी वाले हर ग्रामीण बाजार तक है। उड़ान वर्तमान में ग्रामीण उत्तर प्रदेश में इस परियोजना को अमलीजामा पहना रहा है। कैंपा कोला 70 और 80 के दशक के दौरान भारत में स्पार्कलिंग बेवरेज कैटेगरी में मार्केट लीडर थी, उस समय कैटेगरी में कोई विदेशी ब्रैंड नहीं था। हालांकि, 1991 में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के आर्थिक सुधारों के बाद देश में बाहर के शीतल पेय ब्रांडों की वापसी हुई और कैंपा कोला 2010 के दशक के अंत तक लगभग निष्क्रिय हो गया था।

चैटजीपीटी पर निवेशकों ने की पैसों की बरसात, अरबों की वैल्यूएशन पर मिली 300 मिलियन डॉलर की फंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। ओपन के एआई आधारित चैट जीपीटी चैटबॉट को यूजर्स के साथ-साथ निवेशकों से भी काफी प्यार मिल रहा है। चैटजीपीटी चैटबॉट का संचालन करने वाली कंपनी ओपनएआई को निवेशकों से करीब 300 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है। कंपनी को ये फंडिंग 27 से 29 अरब डॉलर वैल्यूएशन पर मिली है। सामचार एजेंसी रॉयटर्स ने टेकक्रंच के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि चैटजीपीटी चैटबॉट को चलाने वाली कंपनी ओपनएआई को 27 अरब डॉलर से लेकर 29 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर 300 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है। कंपनी को ये फंडिंग शेयर सेल के माध्यम से मिली है। यूरोपीय देश इटली ने चैटजीपीटी से बैन को करीब एक महीने बाद हटा दिया है। पिछले महीने इटली ने डाटा प्राइवेसी को लेकर आ रही आपत्तियों को देखते हुए चैट जीपीटी को बैन कर दिया था। इटली में बैन हटने के बाद ओपनएआई के प्रवक्ता की ओर से कहा गया कि चैट जीपीटी चैटबॉट इटली में उपयोग के दोबारा से उपलब्ध है। हमें अपनी सेवाएं दोबारा से शुरू करते हुए खुशी हो रही है और हम हमेशा पर्सनल डाटा के प्रोटेक्शन के प्रतिबद्ध हैं। मौजूदा समय में चैट जीपीटी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। चैट जीपीटी एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट है, जिसका इस्तेमाल बड़े स्तर पर गाने, निबंध और अन्य कार्यों में उपयोग किया जा रहा है। चैटजीपीटी डाटा कहा से ले रहा है। इसको लेकर संशय बना हुआ है, जिस वजह से कई देशों में इस पर बैन लग चुका है तो कुछ देशों इसे सपोर्ट कर रहे हैं।

आईएमएफ का अनुमान- भारतीय अर्थव्यवस्था इस वित्तीय वर्ष में लगभग 6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अनुमान के मुताबिक, वित्तीय क्षेत्र में उथल-पुथल, महंगाई के दबाव, रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव और पिछले तीन वर्षों में कोविड-19 महामारी के जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगी।

उच्च ब्याज दरों के कारण आर्थिक गतिविधियों में कमी से आईएमएफ ने अपने वैश्विक वृद्धि के अनुमान में सुधार किया है। इसने चेतावनी दी कि वित्तीय प्रणाली की उथल-पुथल में तेज वृद्धि से उत्पादन मंदी के स्तर के करीब पहुंच सकता है। आईएमएफ के अनुसार, चालू वर्ष में भारत में महंगाई दर 4.9 फीसदी तक और अगले वित्त वर्ष में 4.4 फीसदी तक कम हो जाएगी। रिपोर्ट में वैश्विक विकास दर 2023 में 2.8 फीसदी के निचले स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, हालांकि यह 2024 में 3 फीसदी तक बढ़ सकता है।

वैश्विक जीडीपी में फ्रांस-ब्रिटेन से ज्यादा होगा भारत का हिस्सा: वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी 2028 तक फ्रांस और ब्रिटेन को पार करने की उम्मीद है। इससे भारत वैश्विक आर्थिक विकास को चलाने में एक प्रमुख देश बन जाएगा। वैश्विक विकास में 75 फीसदी योगदान देने वाले 20 देशों के साथ, चीन, अमेरिका और इंडोनेशिया के साथ भारत शीर्ष योगदानकर्ताओं में बना हुआ है, जिसने एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कोविड-19

से पैदा चुनौतियों से निपटने के लिए डिजिटलीकरण का लाभ उठाने में भारत के प्रयासों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, भारत न केवल तूफान से निपटने में सफल रहा है, बल्कि विकास और रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए हैं। 2023 में वैश्विक विकास में भारत का योगदान 15 फीसदी रहने की भी उम्मीद जताई गई है। जॉर्जीवा ने कहा, भारत ने बजट में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पूंजीगत खर्च में वृद्धि की है। इससे लंबे समय के विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार होगा और भारत को सतत विकास हासिल करने में मदद मिलेगी।

हिमालया वैलनेस कंपनी ने तनाव प्रबंधन के लिए हिमालया अश्वगंधा का नया अभियान शुरू किया

मुंबई, एजेंसी। आज कल की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए, भारत के प्रमुख वैलनेस ब्राण्ड में से एक, हिमालया वैलनेस कंपनी ने अब स्ट्रेस नहीं, डिस्ट्रेस कीजिए नामक अभियान की शुरुआत की है। जिस्मे जीवन पे अनसुलझे तनव से होने वाले असर और इस तनको संभलने के प्राकृतिक तारिको को दर्शन है । आधुनिक जीवन शैली के स्वयं के ऐसे बहुत तनाव के कारण हैं 7 , जिन पर किसी का ध्यान नहीं जाता, या वह सामान्य लगते है, लेकिन इनसे जो तनाव पैदा होता है वह किसी के शरीर, विचारों, भावनाओं और व्यवहार तक को प्रभावित करता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, यह अभियान तनाव पहुँचाने वाले कुछ विशेष कारणो पर रोशनी डालता है, साथ ही दैनिक जीवन में तनाव को कम करने और अव्यस्थित तनाव को शांत करने में मदद करने के लिए हिमालया अश्वगंधा की भूमिका पर ज़ोर देता है।तीन प्रभावशाली डिजिटल विज्ञापनों की मदद से इस अभियान में तीन अलग-अलग हालात, तथा

वातावरण के लोग कैसे तनाव को दूर करने के लिए संघर्ष करते हैं, यह बताया गया है। इस विज्ञापन में तनाव के असर को दिखाया गया है, जहाँ नायक लगातार तनाव के कारण नींद, की कामी, क्रोध और थकान महसूस करता है। यही संदेश और भी मजबूत हो जाता है जब विज्ञान मैं डॉक्टर तनव को संभलने में हिमालय अश्वगंधा के फायदे बताते हैं। अश्वगंधा एक एडॉप्टोजेनिक जड़ीबूटी है, जिसका उपयोग सदियों से शरीर को तनाव से मुकाबला कर तनावमुक्त रहने में मदद करता है। यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ा कर चिंता और तनाव को दूर करने में भी मदद करता है।लोगों के जीवन पर तनाव के असर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तनाव के प्रभाव को सही तरीके से ठीक करने के लिए इस अभियान को रणनीतिक रूप से रेडियो, इंटरनेट और डिजिटल मीडिया के माध्यम से विस्तृत रूप से चलाया गया है।मुंबई के जाने-माने एंडोक्रिनोलॉजिस्ट और डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. संजीव शाह कहते हैं, क्रोध, नींद न आना और थकान जैसी सामान्य समस्याओं को अक्सर कई लोग नज़रअंदाज़ कर देते है, ज़्यादातर जीवन शैली से जूड़ी समस्याएं तनाव से पैदा होती हैं।एक रिसर्च के अनुसार , भारत में 70त्न से भी अधिक युवा रोज़ाना तनाव झेलते है। तनाव कई लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है। अनियंत्रित तनाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जिसमें नींद न आना, थकान, चिंता और अवसाद शामिल है। जीवनशैली में कुछ सरल बदलाव जैसे चलना, व्यायाम करना, शौक पूरा करना और धूम्रपान और शराब पीने से परहेज करना तनाव को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद कर सकता है।

हिमालया वैलनेस कंपनी में ओटीसी व्यवसाय के प्रमुख विकास बंसी कहते हैं, इस अभियान के साथ, हम इस सच्चाई को उजागर करना चाहते हैं कि तनाव सबसे आम ट्रिगर है और इससे शारीरिक, भावनात्मक और व्यवहारिक परिवर्तन हो सकते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप जीवनशैली में बहुत समस्या हो सकती है। एकीकृत रेडियो और डिजिटल अभियानों से हिमालया अश्वगंधा और हिमालया वैलनेस कंपनी, जो प्राकृतिक स्वास्थ्य देखभाल के समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, और जो लोगों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करते है, के बारे में, जागरूकता पैदा होने की उम्मीद है।

अमेरिका में फिर संकट में आया एक और बैंक, शेयर 75 फीसदी गिरे

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में फर्स्ट रिपब्लिक बैंक पर एक बार फिर से संकट के बादल मंडराते हुए नजर आ रहे हैं। अमेरिकी नियामकों की ओर से टेकओवर की खबरों के बीच बैंक के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है और शेयर अब तक निचले स्तरों के पर पहुंच गए हैं। बैंक का शेयर शुक्रवार को 43 प्रतिशत और पिछले पांच कारोबारी सत्रों में 75 प्रतिशत तक फिसल चुका है। सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने के बाद अमेरिका यह तीसरा बैंक है, जो संकट में आ गया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फर्स्ट रिपब्लिक को बचाने के लिए अमेरिकी नियामकों जैसे एफडीआईसी, ट्रेजरी डिपार्टमेंट और फेडरल रिजर्व आदि आपस में बातचीत कर रहे हैं। इस हफ्ते सोमवार को फर्स्ट रिपब्लिक बैंक की ओर से पहली तिमाही के नतीजे जारी किए गए थे। सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने से पहले 9 मार्च 2023 को बैंक में 173 अरब डॉलर की जमा थी, जो कि 21 अप्रैल को गिरकर 102.7 अरब डॉलर की रह गई है। वहीं, जनवरी से मार्च में 100 अरब डॉलर की निकासी देखने को मिली है, जिससे इस बैंक की फाइनेंशियल स्थिति पर हर किसी को संदेह हो रहा है। बता दें, अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के बंद होने के बाद फर्स्ट रिपब्लिक बैंक में जमा की निकासी का सिलसिला बना हुआ है। इस कारण बैंक कैपिटल की कमी से जूझ रहा है। फिच रेटिंग और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को भी डाउनग्रेड कर दिया है। फर्स्ट रिपब्लिक बैंक अपनी कैपिटल की जरूरत को पूरा करने के लिए फेडरल रिजर्व और फेडरल होम लोन बैंक आदि से लोन ले चुका है। साथ ही जेपी मॉर्गन से भी क्रेडिट लाइन ली गई है और 11 बैंकों ने मिलकर कुल 30 अरब डॉलर का कैपिटल इस बैंक को दिया था।

महिन्द्रा यूनिवर्सिटी के फिजिक्स के प्रोफेसर डॉक्टर दिबाकर राय चौधरी एसईआरबी साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवार्ड फॉर रिसर्च से सम्मानित

हैदराबाद, एजेंसी। महिन्द्रा युनिवर्सिटी में फिजिक्स के प्रोफेसर डॉक्टर दिबाकर राय चौधरी को एसईआरबी परियोजनाओं के प्रिंसिपल इनवेस्टिगेटर्स (पीआई) के असाधारण निष्पादन के लिए भारत सरकार के एसईआरबी द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित एसईआरबी साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एसईआरबी-स्टार सहयोग में तीन वर्षों के लिए 15,000 रूपये प्रति माह की फेलोशिप, प्रति वर्ष 10 लाख रूपये का अनुसंधान अनुदान और प्रति वर्ष एक लाख रूपये ओवरहेड शुल्क शामिल है।

महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर येजुलू मेदुरी ने इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के लिए प्रोफेसर राय चौधरी को बधाई दी। प्रोफेसर राय चौधरी जर्मनी के टेक्निकल युनिवर्सिटी ऑफ डरम्सटैड से 2008 में पीएचडी हैं। इसके बाद उन्होंने जर्मनी में 2008 से 2009 तक युनिवर्सिटी ऑफ डुइसबर्ग-एसेन, 2009 से 2013 तक अमेरिका के लॉस एलमोस नेशनल लैबोरेटरी और 2013 से 2015 तक ऑस्ट्रेलिया की ऑस्ट्रेलियन नेशनल युनिवर्सिटी में वैज्ञानिक के तौर पर काम किया और इसके बाद वह महिन्द्रा इकोल सेंट्रल (अब महिन्द्रा युनिवर्सिटी) में शामिल हुए। उनके अनुसंधान में नोवल फोटोनिक डिवाइस की डिजाइन, सिमुलेशंस और फैब्रिकेशन शामिल था और साथ ही वह सूचना, सेंसिंग और ऊर्जा से जुड़े क्षेत्रों में इनके उपयोग की संभावनाएं तलाशते रहे और उन्होंने साइंस, एप्लायड फिजिक्स लेटर्स, एडवांस्ड ऑप्टिकल मैटेरियल्स, साइंटिफिक रिपोर्ट्स, ऑप्टिक एक्सप्रेस, फिजिकल रिव्यू बी, ऑप्टिक्स लेटर्स आदि सहित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जर्नलों में करीब 86 परिपत्र प्रकाशित कराए। उनका वर्तमान एच इंडेक्स 31 है और कुल प्रशस्ति पत्र करीब 5000 है। वह इस समय भारत में फोटोनिक्स और ऑप्टिक्स से जुड़े क्षेत्रों में काम कर रहे उच्च प्रख्यात अनुसंधानकर्ताओं में से एक हैं। उनके कार्यों का विभिन्न वैज्ञानिक पत्रिकाओं जैसे वर्ल्डवाइड साइंस, फिज ऑर्ग, नैनोटेक्नोलॉजी न्यूज़, नैनोटेक्नोलॉजी नाउ, लेजर फोकस वर्ल्ड, टेराहर्ट्ज टेक्नोलॉजी आदि द्वारा उल्लेख किया जाता है। उनके अनुसंधान को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स जैसे एप्लायड फिजिक्स लेटर्स, फिजिका स्टेटस सॉलिडःआरआरएल और जर्नल ऑफ एप्लायड फिजिक्स द्वारा कवर पेज पर जगह दी गई है। वह वर्तमान में ऑप्टिका (पूर्व में ऑप्टिकल सोसाइटी ऑफ अमेरिका, ओएसए) के प्रतिष्ठित जर्नल ऑप्टिक्स लेटर्स के संपादकों में से एक हैं। साथ ही वह इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स (ब्रिटेन) और फेलो ऑफ तेलंगाना एकैडमी ऑफ साइंस (एफटीएएस) के भी फेलो हैं।

आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने नियंत्रित दवा वितरण के लिए नैनोक्ले के साथ टाइमबोम्ब लिम्डि मार्बल विकसित किया



गुवाहाटी, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी में शोधकर्ताओं ने नैनो क्ले का उपयोग करके तरल मार्बल विकसित किया है जिसे दवा वितरण और कैस्केड रासायनिक प्रतिक्रियाओं के लिए पूर्व-क्रमादेशित किया जा सकता है। परंपरागत रूप से किसी भी बीमारी के इलाज के लिए हम गोलियां, कैप्सूल, सिरप, मलहम आदि के रूप में दवाएं लेते हैं।नियंत्रित दवा वितरण प्रणाली एक अधिक कुशल तकनीक है जो वांछित समय पर धीरे-धीरे विशिष्ट साइट पर आवश्यक खुराक देने के लिए होती है। दवा को उसके घुलनशील रूप में लोड करना और छोड़ना एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू है- जिसे इस तरल मार्बल से प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. उत्तम मन्ना, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग और सेंटर फॉर नैनोटेक्नोलॉजी, आईआईटी गुवाहाटी के नेतृत्व में एक शोध टीम ने दवाओं के नियंत्रित रिलीज और प्रोग्राम्ड केमिकल रिएक्शन के लिए लिम्डि मार्बल एप्रोच का इस्तेमाल किया है। टीम ने टाइम बम प्रकार के रिलीज प्रभाव और एक सहज रासायनिक प्रतिक्रिया करने के लिए तरल मार्बल्स को इंजीनियर किया है।सामान्य बूंदों के विपरीत, एक तरल संगमरमर एक गैर-चिपकने वाली, गैर-गीली बूंद है। यह एक छोटी बूंद को महीन हाइड्रोफोबिक कणों यानी वाटर-रिपेलिंग पार्टिकल्स के साथ लपेटकर बनाया जाता है। लिम्डि मार्बल्स को रोल किया जा सकता है, निचोड़ा जा सकता है, और यहां तक ??कि पानी के पूल में रखे बिना छलकते हुए तैर भी सकते हैं। प्रकृति में पित्त बनाने वाले एफिड तरल मार्बल बनाते हैं जो शहद के लेप को वे एक पाउडर मोम में स्रावित करते हैं। लिम्डि मार्बल्स नरम गोलाकार ठोस होते हैं जिनका उपयोग उनके अंदर तरल को बदलकर कई अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है। कुछ उदाहरण सेंसर प्लेटफॉर्म, सॉफ्ट रोबोटिक्स, हीलिंग एजेंट, बायोसिस्टम्स आदि के क्षेत्र में हैं।शोध की चुनौती के बारे में बताते हुए डॉ. मन्ना ने कहा,प्रकाश, तापमान, बिजली जैसे उत्तेजना के जवाब में एक तरल संगमरमर से दवाओं की रिहाई पहले की सूचना दी गई है। लेकिन समय-निर्धारित रिलीज अभी तक हासिल नहीं हुई थी। हमने पानी के कुंड पर तैरने वाले तरल संगमरमर के जीवनकाल को रासायनिक रूप से संशोधित किया है। नैनो क्ले मार्बल्स नैनोक्ले के खोल से बने थे जो तरल को धारण करता है। सामग्री के समय पर जारी करने के लिए मार्बल्स को प्रोग्राम करने के लिए, शोधकर्ताओं ने नैनोक्ले को रासायनिक समूहों के साथ संशोधित किया जो या तो जल-प्रेमी (हाइड्रोफिलिक) या जल-घृणा (हाइड्रोफोबिक) थे।

जन्मदिन स्पेशल

रोहित शर्मा के नाम दर्ज हैं 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड

● अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में 3 दोहरे शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड ● आईपीएल में सबसे सफल कप्तान

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा फिलहाल अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। रोहित का जन्म 30 अप्रैल 1987 को नागपुर के बंसोड़ में हुआ था, लेकिन वह अपनी टीम के साथी खिलाड़ियों को बर्थडे पार्टी दे चुके हैं। 30 अप्रैल को रोहित 36 साल के हो जाएंगे, लेकिन राजस्थान के खिलाफ होने जा रहे मैच के बाद भी टीम सेलिब्रेट करेगी और अगर टीम मैच जीती तो जश्न दोगुना होगा। रोहित ने शनिवार को वानखेड़े पर आईपीएल में जीती पांचों ट्रॉफी के साथ फोटोशूट किया। मुंबई फ्रेंचाइजी जन्मदिन पर उनकी एक वीडियो जारी होगी, जिसमे वह आईपीएल से जुड़ी अपनी यादों को साझा करेंगे। वह आईपीएल में भी सबसे सफल कप्तान है, उन्होंने मुंबई इंडियंस को 5 बार चैंपियन बनाया है। आज हम आपको रोहित शर्मा के 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में बताएंगे जिसमें नंबर 3 वाले का टूटना मुश्किल है।

रोहित शर्मा के वर्ल्ड रिकॉर्ड-

1. रोहित शर्मा ने वनडे करियर का सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। उनके द्वारा खेली गई 264 रनों की पारी वनडे क्रिकेट की सबसे बड़ी पारी है। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ 173 गेंदों में 225 मिनट मैदान पर रुकते हुए यह पारी खेली थी, जिसमें 33 चौके व 9 छक्के शामिल रहे थे।
2. किसी भी एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड भी रोहित के नाम है। रोहित ने 2019 में 5 शतक जमा दिए थे। रोहित ने वर्ल्ड कप में भारत के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 122 रन बनाए थे. पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 140 रन, इंग्लैंड के खिलाफ 102 रन, बांग्लादेश के खिलाफ 104 रन और श्रीलंका के खिलाफ रोहित शर्मा ने 103 रन बनाए थे।
3. रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में 3 दोहरे शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। जहां हर बल्लेबाज एक दोहरा शतक पूरा करने के लिए तरस जाता है तो वहीं रोहित ने 3 लगाकर सबको हैरान किया है। उनके इस रिकॉर्ड की बराबरी करना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं। यहां तक कि इस वर्ल्ड रिकॉर्ड का टूटना भी मुश्किल दिख रहा है। रोहित ने 2 नवंबर 2013 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 209, फिर 13 नवंबर 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 264 व 13 दिसंबर 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 208 रनों की पारी खेली थी।
4. एक साल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के मामले में भी रोहित आगे है, उन्होंने 2019 टीमों फॉर्मेट में मिलाकर कुल 77 सिक्स लगाए थे। वहीं दूसरे स्थान पर सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 44 मैचों में 74 छक्के लगाए थे।
5. रोहित एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं। रोहित ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2019 में हासिल की थी। उन्होंने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 7 छक्के लगाकर मैच में कुल 13 छक्के लगाए थे। वसीम अकरम ने 1996 में पाकिस्तान के शेखुपुरा में जिम्बाब्वे के खिलाफ 12 छक्के लगाए थे।
6. इसके अलावा कोहली इंटरनेशनल टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 4 शतक लगाए है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर कलिन मुनरो है, जिन्होंने 3 शतक लगाए है।

रोहित शर्मा का इंटरनेशनल करियर-

- टेस्ट मैच - 49, रन 3379, सर्वश्रेष्ठ 212, शतक 9, अर्धशतक 14
- वनडे मैच - 243, रन 9825, सर्वश्रेष्ठ 264, शतक 30, अर्धशतक 48
- टी20 मैच -148, रन 3853, सर्वश्रेष्ठ 118, शतक 4, अर्धशतक 29

इस्तीफा बड़ी चीज नहीं है ,पर अपराधी बनकर नहीं दूंगा: बृजभूषण

'मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं' मुझे सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा है

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का कहना है कि वह अपराधी बनकर अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने साफ कर दिया है कि पूरी तरफ निर्दोष हैं और जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं।

धरने पर बैठे पहलवानों के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि इस्तीफा देना उनके लिए कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, किन्तु वह अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं देंगे। महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दिल्?ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज कीं। विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में बृजभूषण ने कहा,'मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं । मुझे सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा है। मैं हर तरह की जांच का सामना करने को तैयार हूं।

उन्?होंने कहा, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना मेरे लिए कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है, लेकिन मैं अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं अपराधी नहीं हूं। इस्तीफा देने का मतलब है कि मैंने इनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात कर उनके प्रति समर्थन जताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बाहुबली एवं माफिया के सामने नतमस्तक हो गई है। इस पर उन्होंने कहा, आज दिखाई पड़ गया कि इस पूरे विवाद के पीछे किसका हाथ है। मैं शुरू से कह रहा हूं कि इसमें एक उद्योगपति और कांग्रेस का हाथ है। इन्हें मुझसे कष्ट है। जब मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई तो अब पहलवान क्यों धरने पर बैठे हैं? वे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्रालय के खिलाफ क्यों बोल रहे हैं? यह खिलाड़ियों का धरना नहीं, षड्यंत्रकारियों का धरना है। हम बहाना हैं, निशाना हमारे ऊपर कहीं है।

बृजभूषण ने कहा , महिला पहलवानों की सभी मांगें मान ली गई हैं। मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, फिर भी वे धरने पर बैठे हैं। क्यों?' उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और महासंघ के अध्यक्ष के चुनाव के साथ अपने आप ही इस्तीफा हो जाएगा। नए चुनाव तक वह सिर्फ कार्यवाहक की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सवाल दागा कि यदि वह पिछले 12 साल से खिलाड़ियों का यौन शोषण कर रहे था, तो वे आज तक कभी पुलिस स्टेशन, फेडरेशन अथवा सरकार के पास शिकायत लेकर क्यों नहीं गए?

सीधा जंतर-मंतर पर धरना देने क्यों पहुंच गए। पहलवानों के धरना प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित और साजिश बताते हुए भाजपा सांसद ने दावा किया कि उन्होंने जांच समिति को एक ऑडियो सौंपा है, जिसमें एक शख्स किसी से कह रहा है कि एक लड़की की व्यवस्था कर दो, उसे (बृजभूषण को) फंसाने के लिए। बृजभूषण ने दावा किया कि पूरा हरियाणा और यूपी का अखाड़ा उनके साथ है और सिर्फ एक परिवार का अखाड़ा ही उनके खिलाफ है।

पहलवानों का प्रदर्शन

कपिल सिब्बल ने कहा बृजभूषण की अंतरात्मा की कोई आवाज नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर बरसते हुए शनिवार को कहा कि उनकी अंतरात्मा की कोई आवाज नहीं है । सीनियर एडवोकेट सिब्बल उच्चतम न्यायालय में पहलवानों के वकील है । सिब्बल ने ट्वीट किया ,'' पहलवानों का प्रदर्शन ¬बिजली और पानी कटा लेकिन वे लड़ेंगे और कामयाब होंगे । दोषी की अंतरात्मा की कोई आवाज नहीं है ।'' प्रदर्शनकारी पहलवानों के लिये लगातार बढ रहे समर्थन के बीच दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ सात महिला पहलवानों द्वारा लगाये गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के सिलसिले में शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज की । पहली प्राथमिकी एक अवयस्क पहलवान के आरोपों पर पोस्को कानून के तहत दर्ज की गई जबकि दूसरी मर्यादा को ठेस पहुंचाने के संबंध में है ।

टेनिस प्लेयर विटालिया डियाचेंको का दर्द-

मैं एयरपोर्ट पर सोई, मुझे थर्ड क्लास सिटीजन की तरह ट्रीट किया

मास्को (एजेंसी)। रूसी टेनिस खिलाड़ी विटालिया डियाचेंको ने आरोप लगाया है कि उन्हें रशियन प्लेयर होने के कारण एयरपोर्ट पर मानसिक तौर पर प्रताडऩा सहनी पड़ी। रूसी टेनिस खिलाड़ी विटालिया डियाचेंको ने कहा कि उन्हें काहिरा में एक फ्लाइट में सवार होने से मना कर दिया गया।

जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने उन्हें टिकट बेचने से मना कर दिया। डायचेंको ने कहा- मैं हवाई अड्डे पर सोई। मेरे साथ तीसरे दर्जे के नागरिक की तरह व्यवहार किया गया वो भी मेरी राष्ट्रीयता के कारण। 32 वर्षीय ने कहा कि वह वारसॉ और नीस के माध्यम से कोर्सिका के एक टूर्नामैंट में जाना चाहती थी।

उधर, एयरलाइन लुफ्थांसा ने एक ईमेल में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान पोलैंड के आंतरिक मंत्रालय द्वारा यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद 2022 में जारी प्रतिबंधों के कारण खिलाड़ी को अनुमति नहीं दी। डायचेंको जिसे महिला टेनिस संघ द्वारा दुनिया में 250वां स्थान दिया गया है, ने कहा कि उसने

तब लुफ्थांसा के साथ एक टिकट खरीदने की कोशिश की, लेकिन उसे बताया गया कि वह केवल स्पेन के माध्यम से शेंगेन क्षेत्र में प्रवेश कर सकती है क्योंकि उसने उसे वीजा जारी किया था।

मेरे लिए जितना पैसा केकेआर ने खर्च किया, उतना मेरे देश ने कभी नहीं किया: रसेल

मुंबई (एजेंसी)। दुनियाभर में आईपीएल लीग की तूती बोलती है। जितना पैसा आईपीएल खिलाड़ियों पर लगाता है, अन्य कोई भी क्रिकेट लीग उतना खर्च नहीं कर पाती। यहां खिलाड़ियों को करोड़ों की रकम में टीम के साथ जोड़ा जाता है। सिर्फ जोड़ा ही नहीं, बल्कि उनकी फिटनेस पर भी फ्रेंचाइजी द्वारा पूरा ध्यान रखा जाता है। वहीं विंडीड के धुरंधर आंद्रे रसेल ने यह कहकर बड़ा दावा किया है कि किसी अन्य फ्रेंचाइजी या यहां तक कि उनके देश ने भी उनके उपचार में उतना पैसा खर्च नहीं किया है जितना कि केकेआर ने वर्षों में उनके लिए किया है।

रसेल 2014 से केकेआर फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए हैं और वर्षों से टीम के अहम खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने टीम के लिए आईपीएल खिताब जीतने में भी भूमिका निभाई। हालांकि, रसेल का इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है, लेकिन हाल ही में आरसीबी पर केकेआर की जीत में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई, जहां उन्होंने एक सेट विराट कोहली का बड़ा विकेट लिया। पिछले कुछ सालों में ये ऑलराउंडर घुटने की समस्या से जूझ रहे हैं। रसेल ने अब खुलासा किया है कि केकेआर ने स्टार स्पोर्ट्स पर उनके इलाज में मदद की है। केकेआर स्टार ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने उनके लिए चीजें संभव कीं क्योंकि उन्होंने उन्हें अपने घुटनों पर इलाज कराने के लिए भेजा था।

रसेल ने कहा, केकेआर वास्तव में मेरे लिए बहुत कुछ करता है जहां वे मुझे मेरे घुटनों पर उचित इलाज कराने के लिए भेजते हैं। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह कुछ खास है। कोई अन्य फ्रेंचाइजी या यहां तक कि मेरा देश वास्तव में मुझ पर इतना अधिक पैसा खर्च नहीं करता है।

रसेल ने कहा कि वह केकेआर का हिस्सा बनकर खुश हैं और आईपीएल में खुद को किसी अन्य टीम के लिए खेलते हुए नहीं देखते हैं। उन्होंने कहा, मैं यहां खुश हूं। मुझे इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनने के लिए कोई अन्य फ्रेंचाइजी नहीं दिख रही है क्योंकि मैं यहां लगभग 9 साल से हूं। इतने सालों से यहां हूं, मैं इन लोगों से मिलता हूं, हर साल इनके करीब आता हूं। जब क्रिकेट नहीं है, तब भी मैं मिस्टर वेंकी मैसूर के संपर्क में रहता हूं। मैं उसकी ओर देखता हूं, मैं वास्तव में उसका सम्मान करता हूं।

आज मुंबई के सामने होगी राजस्थान

मुंबई (एजेंसी)। खराब दौर से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को रोकने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । राजस्थान इस समय अंकतालिका में शीर्ष पर है जिसने चेन्नई सुपर किंग्स पर पिछले मैच में एकतरफा जीत दर्ज की । पिछले तीन में से दो मैच गंवाने के बावजूद संजू सैमसन की टीम हर विभाग में बेहतरीन फॉर्म में है । दूसरी ओर मुंबई की डैथ गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है जिसकी वजह से उसे पिछले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा । पिछले सप्ताह वानखेड़े स्टेडियम पर हुए मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 96 रन देकर पंजाब को चमत्कारिक जीत दर्ज करने का मौका दिया । मुंबई के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योकि राजस्थान की बल्लेबाजी में काफी गहराई है । रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी । मुंबई इस समय दस टीमों में आठवें स्थान पर है । गेंदबाजी में देखना होगा कि कोहनी की चोट से जूझ रहे इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर खेलने के लिये फिट हैं या नहीं । जासन बेहरेनडोर्फ, रिले मेरेडिथ और अर्जुन तेंदुलकर महंगे साबित हुए हैं । दूसरी ओर राजस्थान के बल्लेबाज इस पिच पर 200 से अधिक रन बना सकते हैं । उनके पास जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल जैसे शीर्षक्रम के बल्लेबाज हैं तो मध्यक्रम में संजू सैमसन, देवदत्त पड्डिकल , शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल उतरते हैं । जुरेल ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है । राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत उसकी गेंदबाजी हैं जिसमें युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन जैसे धुरंधर स्पिनर हैं । दोनों मिलकर आठ मैचों में 23 विकेट ले चुके हैं । बायें हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट प्रभावी रहे हैं और छह मैचों में नौ विकेट चटका चुके हैं ।

टीमें -

राजस्थान रॉयल्स- संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम ज़म्पा।

मुंबई इंडियंस- रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरन ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ, नेहल वढेरा, ऋतिक शौकीन, अरशद खान, डुआन जानसेन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

अगर ऐसा हुआ तो कोहली करेंगे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में कप्तानी : रवि शास्त्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा अगर किन्हीं कारणों से उपलब्ध नहीं रहते हैं तो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जैसे बड़े मैचों में विराट कोहली को कप्तानी सौंपी जानी चाहिए । शास्त्री ने आगे कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर स्थगित हुए आखिरी टेस्ट में कप्तानी के लिये कोहली को कहना चाहिये था चूंकि रोहित उस मैच के लिये उपलब्ध नहीं थे । शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा ,'' ऐसे बड़े मैच के लिये मैं चाहूंगा कि रोहित फिट रहें क्योंकि वह कप्तान हैं । लेकिन अगर किन्हीं कारणों से वह नहीं खेल पाते हैं तो भारतीय टीम को उस दिशा में सोचना चाहिये ।'' उनसे पूछा गया था कि रोहित के नहीं खेलने पर क्या कोहली को टीम की कप्तानी करनी चाहिये । शास्त्री ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिये भी ऐसा ही किया जाना चाहिये था । उन्होंने कहा ,'' रोहित के चोटिल होने पर मुझे लगा था कि विराट कप्तान होंगे ।'' उन्होंने कहा ,'' अगर मैं कोच होता तो यही सुझाव देता । मुझे यकीन है कि राहुल (द्रविड़) ने भी यही किया होगा । मेरी उससे बात नहीं हुई है । विराट की कप्तानी में भारत ने श्रृंखला में 2 . 1 की बढत बनाई थी ।'' फाफ डु प्लेसी के चोटिल होने के कारण कोहली इस समय आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तानी भी कर रहे हैं । डु प्लेसी 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर खेल रहे हैं । शास्त्री ने कहा ,'' वह अपने खेल का पूरा मजा ले रहा है । पिछले साल जब हम बात कर रहे थे कि क्या उसे ब्रेक की जरूरत है या नहीं है ।

पहलवानों के प्रदर्शन में पहुंचे अरविंद केजरीवाल, बोले-

2011 में इसी जंतर मंतर से देश की राजनीति बदल गई

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जंतर मंतर पर पहलवानों का धरना जारी है। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल धरना स्थल पर पहुंचे हैं। केजरीवाल धरना स्थल पर बैठे पहलवानों से मुलाकात कर रहे हैं। कल भी आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज और आतिशी धरना स्थल पर पहुंचे थे। केजरीवाल खुद भी इन दिनों कई आरोपो में घिरे हुए हैं। जंतर मंतर पर उन्होंने कहा कि ये जगह बहुत पवित्र है। 2011 में हमने यहीं से आंदोलन शुरू किया और देश की राजनीति बदल दी। ये पहलवान यहीं से देश की खेल व्यवस्था बदल देंगे।

एफआईआर दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा – केजरीवाल ने कहा कि हमारे देश के नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी पिछले एक हफ्ते से जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं, क्यों कि इनकी सरकार के एक बड़े नेता ने इन बेटियों के साथ गलत काम किया। ये बड़े दुख की बात है कि ये महिलाएं सामान्य महिलाएं नहीं



हैं, इन्होंने अपनी मेहनत से देश का नाम रोशन किया है। पूरी दुनिया ने इसे देखा है। अगर इनके साथ किसी आदमी ने गलत काम किया तो उसपर एफआईआर करवाने के लिए, सजा दिलवाने के लिए इन्हें यहां धरना देना पड़ा।

पूरा देश खिलाड़ियों के साथ – हमारे समाज में ऐसे ही किसी भी लड़की के लिए खेलों में नाम कमाना वैसी ही मुश्किल है। मैं इन पहलवानों को सलाम करता हूं। मैं ये कहना चाहता हूं एक एक भारतीय जो देश से प्यार करता है, वो आपके साथ खड़ा है। जो भी चाहता है कि हमारा देश ओलंपिक में आगे बढ़े वो आपके साथ खड़ा है आप अकेले नहीं हो।

पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए सुनाया किस्सा – अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा, एक बुजुर्गे आए बोले मोदी जी ने सही नहीं किया, ...ये बेचारी लड़कियां दुराचारी के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज कराने के लिए संघर्ष कर रही हैं, तो मन में सवाल उठ रहा है कि मोदी जी उसको क्यों बचा रहे हैं । जब मैंने पूछा ऐसे आदमी को सब क्यों बचा रहे हैं। तो उन्होंने बोला का ऐसा संदेश जा रहे है देश में कि अगर इनकी पार्टी के किसी आदमी गलत काम करेगा तो उसका बाल भी बांका नहीं किया जाएगा।

जंतर मंतर से बदल दी थी देश की राजनीति – दुख की बात है कि एक एफआईआर कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। जंतर मंतर देश की पवित्र धरती है। 2011 में हमने भी यहीं से आंदोलन शुरू किया, जिसने देश की राजनीति बदल दी। इन बच्चों के आंदोलन से देश की खेल व्यवस्था बदल जाएगी। मैं सबसे यही कहना चाहता हूं सब छुट्टी लेकर यहां आओ और इनका साथ दो। ये पहलवान अपने लिए नहीं लड़ रहे ये देश के लिए लड़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने इन बच्चों के लिए पानी रोक दिया, बिजली काट दी। हमें तो इन बच्चों को कंधे पर उठाना चाहिए थे। मुख्यमंत्री के नाते मुझसे जो बन पड़ेगा वो मैं इनके लिए करूंगा।

कप्तानी में धोनी जैसे हैं हार्दिक पांड्या, उसने कुछ अच्छी आदतें ली हैं : गावस्कर

कोलकाता (एजेंसी)। भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि गुजरात टाइटन्स के कप्तान

हार्दिक पांड्या अपने व्यक्तित्व को टीम पर नहीं थोंपते जो उन्हें महेंद्र सिंह धोनी जैसा बनाता है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, कई बार कप्तान अपना व्यक्तित्व और टीम का व्यक्तित्व एक जैसा करने की कोशिश करते हैं। टीम का और कप्तान का रवैया एक सा हो यह जरूरी नहीं है।

उन्होंने कहा, हार्दिक अपनी सोच गुजरात टाइटन्स पर थोंपने की कोशिश नहीं कर रहे। यह एक कप्तान के तौर पर उनकी विरासत होने वाली है। वह इस मामले में महेंद्र सिंह धोनी से बहुत मिलते हैं और उन्होंने अपने पूर्व भारतीय कप्तान से कुछ अच्छी आदतें ली हैं। गावस्कर का मानना है कि पांड्या की इस खासियत के कारण गुजरात कुछ करीबी मुकाबले हारने के बावजूद मजबूती से आईपीएल में वापसी कर पाई। गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स फिलहाल सात मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली के हसनपुर के पास झाड़ियों में लगी आग, लगा भीषण जाम

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित हसनपुर के पास मौजूद झाड़ियों में आग लगने की जानकारी सामने आ रही है। आग लगने से आसपास के इलाके में पूरे आसमान पर धुएं का गुबार एकत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि हसनपुर इलाके में आग लगने से वहां काफी लंबा जाम लग गया है।

जामा मस्जिद इलाके में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग, दुकान को गोलियों से भूना ; अस्पताल में तोड़ा दम

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में जामा मस्जिद थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े फायरिंग की घटना सामने आई है। फायरिंग कबूतर मार्केट में शेख कलीमुल्लाह दरगाह के पास हुई है। गोली एक शख्स को लगी थी, जिसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस के अनुसार, दोपहर साढ़े तीन बजे गोली चलने की सूचना मिली। पूछताछ करने पर पता चला कि तीन व्यक्ति पैदल आए थे और इमरान उर्फ नन्हे(35) पर ताबड़तोड़ गोली चला दीं। इमरान लक्ष्मी नगर का रहने वाला था। गोलीबारी के दौरान वह अपनी दुकान पर बैठे थे।

हमलावरों ने इमरान पर तीन गोलियां चलाईं। घायल होने पर पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, जहां उसने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हमलावरों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है और घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

एक लाख का इनामी बदमाश मनोज आसे पुलिस मुठभेड़ में घायल, हत्या के साथ अपहरण-रंगदारी के मामले हैं दर्ज

नोएडा । एसटीएफ टीम पर हमला करने व बीस से अधिक मामलों में वांछित एक लाख रुपये के इनामी बदमाश मनोज आसे के साथ पुलिस की मुठभेड हो गई। पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एच्छर चौकी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान, स्वात टीम प्रभारी यतेंद्र कुमार, एच्छर चौकी इचार्ज अनुज सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। हाल में शासन द्वारा तैयार प्रदेश के बड़े माफिया की सूची में मनोज आसे व उसके गैंग का नाम भी शामिल है। मनोज आसे पिछले लंबे समय से जरायम की दुनिया में शामिल है। पूर्व में वह सुंदर भाटी गैंग में था। वर्ष 2016 सुंदर के भतीजे अनिल से विवाद के बाद मनोज ने अपना अलग गैंग बना लिया था। स्क्रैप, कंपनियों में वाहन लगने के साथ ही वह फैक्ट्रियों से रंगदारी वसूलता था। कुछ वर्ष पूर्व उसने एसटीएफ की बुलेट प्रूफ गाड़ी पर गोली चला दी थी और फरार हो गया था। उसके ऊपर हत्या के पांच, अपहरण, रंगदारी, धमकी सहित विभिन्न मामले में अलग-अलग कोतवाली में बीस से अधिक मामले दर्ज हैं। गौतमबुद्ध नगर के साथ ही वह दिल्ली-एनसीआर में भी सक्रिय था। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

कार में मिला विस्तारा एयरलाइंस के मैनेजर का शव, ऑफिस जाने को कहकर निकले, लेकिन नहीं पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। बिसरख कोतवाली क्षेत्र की ला रेजिडेंसिया सोसाइटी में खड़ी कार में विस्तारा एयरलाइंस के मैनेजर का शव मिला। शव के पास से पुलिस को एक दवा का पत्ता, ब्लैक हिट और सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संभावना जताई जा रही है कि नशीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की गई है। पुलिस की टीम विभिन्न दृष्टि से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोसायटी में निशांत(32) अपने पिता के साथ रहते थे। वह गुरुग्राम में विस्तारा एयरलाइंस में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। वह कृष्णा नगर, थाना कृष्णा नगर दिल्ली-51 में रहते थे। लगभग दो वर्ष पूर्व वह ला रेजिडेंसिया सोसाइटी में शिफ्ट हुए थे।



किसी और की पार्किंग में थी कार

वह बृहस्पतिवार को कार्यालय जाने के लिए घर से निकलते थे, लेकिन कार्यालय नहीं पहुंचे थे। शुक्रवार लगभग दस बजे लोगों ने सूचना दी कि दूसरे व्यक्ति की पार्किंग में खड़ी कार में एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कार अंदर से बंद थी।

पिता ने दूसरी चाबी से खोली कार: सूचना के बाद मृतक के पिता कार की दूसरी चाबी लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि वह चालक की सीट पर मृत पड़े थे। बगल की सीट पर एक दवा का पत्ता व ब्लैक हिट रखा था।

नींद की ज्यादा गोलियां खाना वजह!: दवा का पत्ता नींद की गोली का बताया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि मृतक ने नींद की अधिक गोली या जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने बताया कि निशांत अपने पिता चंदर मोहन के साथ रहते थे। चंदर मोहन सीए हैं।

एक साल पहले मां ने की आत्महत्या: लगभग एक वर्ष पूर्व चंदर मोहन की पत्नी ने बिल्डिंग से कूद कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद निशांत की पत्नी बच्चे को लेकर कोटा अपने मायके चली गई थी। इस कारण उनका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। घर में निशांत व उनके पिता अकेले रहते थे।

पत्नी-बच्चे के जाने के बाद से थे तनाव में: बताया जा रहा है कि पत्नी व बच्चे के जाने के बाद से निशांत तनाव में रहते थे। कार से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि वह मां और पिता से बहुत प्यार करते हैं। बच्चे को बहुत प्यार देना। मौत के लिए स्वयं को उत्तरदायी बताया है।

पुलिस का कहना है कि सभी दृष्टि से मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि निशांत का व्यवहार बहुत अच्छा था, वह मिलनसार थे।

बदमाशों ने ठगी का ढूंढा नया तरीका; यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब करने का दिया काम, महिला से ठगे 20 लाख

गुरुग्राम, एजेंसी। साइबर ठगों ने आनलाइन जाब देने के नाम पर एक और महिला को अपना शिकार बनाया है। ठगों ने यूट्यूब सब्सक्राइब करने और उसके बाद इनवेस्ट करने के नाम पर उनसे 20 लाख 68 हजार रुपये की ठगी की। महिला ने साइबर थाना ईस्ट में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

थाने में दी शिकायत में सेक्टर 57 निवासी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि पांच अप्रैल को उनके वाट्सएप पर डायना के नाम से मैसेज आया। उसने मुझे टेलीग्राम ज्वाइन करने और टास्क पूरे करने पर पैसे देने की बात कही। पहली बार यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब करने पर महिला के खाते में 150 रुपये भेज दिए गए। इसके बाद महिला को बिटक्वाइन में इनवेस्ट कर कमाई डबल करने का लालच दिया गया।

अभिलाषा ने एक हजार रुपये इनवेस्ट कर दिए। थोड़ी देर बाद उनके खाते में 15 सौ रुपये भेज दिए गए। इसके बाद 7 हजार के बदले 10 हजार और फिर 25 हजार रुपये खाते में भेजे गए। अभिलाषा ठगों के जाल में फंस गईं। इसके बाद ठगों ने उन्हें प्रीमियम ग्रुप में जोड़कर पहले एक लाख फिर दो लाख और फिर तीन लाख रुपये बिटक्वाइन में इनवेस्ट कराए। उनसे 24 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 20 लाख 68 हजार रुपये जमा करा लिए गए।

इसके बाद ठगों ने टास्क में गलती की बात कह पैसे वापस करने से मना कर दिया। साथ ही पैसे वापस पाने के लिए और आठ लाख रुपये इनवेस्ट करने की बात कही। इस पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने परिवार के लोगों को इसकी जानकारी दी। बीते दिनों भी ठगों ने दो महिलाओं को पार्ट टाइम जाब देने के नाम पर ठगी की थी। इनमें से एक महिला से छह लाख और दूसरी महिला से 11 लाख रुपये ठग लिए थे।

साइबर अपराध के 300 हॉटस्पाट पर छापेमारी, 14 गांवों से 125 आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। लोगों को तरह-तरह के मैसेज भेज कर ठगी करने वाले साइबर अपराध से जुड़े ठगों को पकड़ने में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने साइबर अपराध के 300 हाटस्पाट स्थानों पर छापेमारी कर 14 गांव से 125 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षकों के नेतृत्व में 102 टीमों का गठन कर करीब पांच हजार पुलिसकर्मियों ने एक साथ छापेमारी की। आरोपितों में 10 हजार रुपये का इनामी बदमाश शब्बीर भी शामिल है। शब्बीर पर अलग-अलग थानों में 30 से अधिक मामले दर्ज हैं।

नूंह के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला की इस छापेमारी अभियान में विशेष भूमिका रही। आरोपितों के कब्जे से बैंक के एटीएम, स्मार्टफोन, लैपटाप, आधारकार्ड और एटीएम स्वैप मशीन के साथ ही अन्य सामान बरामद किया गया है।

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के डीआइजी सिमरजीत सिंह ने एसटीएफ के भोंडसी स्थित मुख्यालय पर पत्रकारों को छापेमारी अभियान की पूरी जानकारी दी। उनके साथ नूंह के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला भी मौजूद रहे।

डीआइजी सिमरजीत सिंह ने बताया कि पिछले काफी दिनों से साइबर अपराध से संबंधित इनपुट मिल रहे थे। इनपुट के आधार पर साइबर अपराध के हाटस्पाट क्षेत्रों को चिन्हित कर इन ठिकानों पर भारी पुलिसबल के साथ एकसाथ छापेमारी की गई। पांच हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टीमें गठित की। जिसमें एक पुलिस अधीक्षक, छह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा 14 पुलिस उपाधीक्षकों का नेतृत्व रहा।

102 टीमों ने चलाया पूरी रात छापेमारी अभियान: साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की 102 टीमों ने पूरी रात छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने एक साथ पुन्हाना, पिनंगवा, फिरोजपुर झिरका, बिछौर एरिया के 14 चिंहित गावों में छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया।

रात 11.30 बजे इस अभियान की शुरुआत सुबह करीब छह बजे तक अभियान जारी रहा। पापड़ा, मामलीका, जयवंत, खेड़ला पुन्हाना, लुहींगा कलां, गोकलपुर, गोधोला, गोधोली, नई, तिरवाड़ा, अमीनाबाद, बिछोर, जमालगढ़ गांव में छापेमारी की गई।

3 बहनों के इकलौते भाई की बर्बर हत्या:

स्कूल में बदल जाता उसका सेक्शन तो बच जाती जान, टीचर से की थी ये शिकायत

नई दिल्ली, एजेंसी। बदरपुर के मोलड़बंद इलाके में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां स्कूल गए 12 वर्षीय बच्चे को उसके ही क्लासमेट्स ने पत्थरों से कूच-कूच कर जान ले ली और फिर उसका शव एक नाले के पास छोड़ गए। मृतक बच्चे की पहचान सौरभ के रूप में हुई है। वह ताजपुर पहाड़ी स्थित एक सरकारी स्कूल में आठवीं का छात्र था और परिवार का इकलौता बेटा था।

सौरभ की मौत के बाद से ही उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सौरभ तीन बहनों का एक ही भाई था। भाई की मौत के बाद से ही बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उनका एक ही सवाल है कि अब वो किसे राखी बांधेंगी।

पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला कि सौरभ ने उन्हें स्कूल में सिगरेट पीते देख लिया था और अधिकारियों को बताने की धमकी दी थी, इसलिए उसे मार दिया।

काश बदल देते सौरभ की क्लास का सेक्शन: सौरभ की मां दर्पण ने भी कहा था कि उसके बेटे को स्कूल के कुछ छात्र परेशान करते थे और कक्षा में तरह-तरह का नशा भी करते थे। इससे सौरभ को उसकी कक्षा का नया सेक्शन पसंद नहीं आ रहा था और उसने शिक्षकों से अपना सेक्शन बदलने के लिए भी कहा था। लेकिन, अन्य सेक्शन में जगह न होने से यह संभव नहीं हो सका।

दर्पण ने बताया कि सौरभ गुरुवार को स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा, तो मामले की सूचना पुलिस को दी और फिर उन्हें बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली। वहीं, मामले के एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, दो लड़कों ने बच्चे को वहां मारकर फेंक दिया था, जिसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को कॉल करके दी थी।

पुलिस ने बताई ये बात: पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि 27 अप्रैल की रात लगभग 8.20 बजे बदरपुर थाने में एक बच्चे को बदरपुर के मोलड़बंद स्थित खाटूश्याम पार्क के पास नाले में दो लड़कों द्वारा मारकर फेंकने की सूचना मिली। कालर महिला ने पुलिस को बताया कि बच्चे का शव नाले में पड़ा है।

मौके पर पहुंची थाना पुलिस को खाटूश्याम पार्क और ताजपुर रोड गांव के बीच स्थित नाले में 12-13 साल की उम्र के बच्चे का शव मिला। शव नाले में नीचे डूबा हुआ था। शव के पास से स्कूल बैग बरामद हुआ, जबिक उससे थोड़ी ही दूरी पर खून से सने चार-पांच पत्थर और खून में सना सफेद गमछा भी पड़ा था। क्राइम टीम ने भी मौके से जरूरी सुबूत जुटाई है। पुलिस के अनुसार, सौरभ के सिर पर पत्थरों से बुरी तरह प्रहार किया गया था।

विदेश मंत्री ने डोमिनिकन में भारतीय दूतावास का किया उद्घाटन

दोनों देशों के बीच व्यापार पहुंचा 1 बिलियन डॉलर

डोमिनिकन, एजेंसी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर सेंटो डोमिंगो की यात्रा पर पहुंच हुए हैं। डोमिनिकन गणराज्य देश की यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। वहीं, विदेश मंत्री ने आज देश के उपराष्ट्रपति रकील पेना के साथ डोमिनिकन गणराज्य में भारत के दूतावास का उद्घाटन किया है। उद्घाटन समारोह के दौरान वहां डोमिनिकन के उपराष्ट्रपति समेत कई नेता मौजूद रहे थे।

विदेश मंत्रा ने क्या कहा?: उद्घाटन समारोह के बाद जयशंकर ने कहा कि हमारे राजनीतिक संबंध सौहार्दपूर्ण हैं और हम बहुपक्षीय क्षेत्रों में अपने संबंधों को और अधिक मजबूत करते रहेंगे। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे रेजीडेंट मिशन की उपस्थिति सहयोग के नए चरण को चिह्नित करेगी और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक क्षेत्रों में हमारे संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगी।

व्यापार का कारोबार 1 बिलियन डॉलर: भारतीय दूतावास के उद्घाटन समारोह से पहले विदेश मंत्री डोमिनिकन गणराज्य में व्यापार कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि डोमिनिकन गणराज्य उस व्यापार से संबंधित है जो 20 साल पहले हमारे राजनयिक संबंध स्थापित करने से पहले 12 मिलियन डॉलर था। वहीं, अब दोनों देशों के बीच व्यापार का कारोबार अब लगभग 1 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

व्यापार का हो विस्तार: जयशंकर ने यह भी कहा कि हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि कई अधिकारी और व्यापार प्रतिनिधिमंडल भारत का दौरा कर रहे हैं और हमारे व्यवसाय के साथ जुड़ रहे हैं। मुझे लगता है कि आज हमारे लिए चुनौती यह है कि कैसे व्यापार का विस्तार किया जाए, कैसे तेजी लाया जाए, सहयोग के क्षेत्र का विस्तार कैसे करें और यही हमारी बैठक का मुख्य उद्देश्य है।

कोलंबिया की यात्रा पर भी थे विदेश मंत्री: डोमिनिकन गणराज्य में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि यह एक राजनीतिक यात्रा है, लेकिन निश्चित रूप से यह एक व्यावसायिक यात्रा अधिक है। इससे पहले जयशंकर ने कोलंबिया की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत लैटिन अमेरिका के साथ अपना व्यापार बढ़ाना चाहता है जो 50 अरब डॉलर के करीब पहुंच रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि खनन, ऊर्जा, कृषि और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में निवेश में अच्छी खासी ग्रोथ से इसे और बढ़ावा मिलेगा।

किम जोंग की बहन ने किया अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन का अपमान, सियोल के साथ रक्षा समझौते की निंदा की

सियोल, एजेंसी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग की शक्तिशाली बहन किम यो जोंग ने कहा है कि अमेरिकाऔर दक्षिण कोरिया का समझौता प्योंगयांग के प्रति उनकी अत्यधिक शत्रुता को दर्शाता है। इसका करारा जवाब दिया जाएगा। साथ ही कहा कि उत्तर कोरिया अपनी सैन्य शक्ति का अधिक उत्तेजक प्रदर्शन करेगा। किम यो जोंग ने आगे ये भी कहा कि अगर कोरियाई प्रायद्वीप के करीब सैनिक अभ्यास की संख्या में इजाफा होगी तो निश्चित तौर उनका देश जवाब देगा।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया का समझौता: बता दें कि 26 अप्रैल को अमेरिकाऔर दक्षिण कोरिया ने किम जोंग उन को चेताते हुए कहा कि अगर किम जोंग उन ने दुस्साहस दिखाने की कोशिश की तो उसे तगड़ा जवाब देंगे और वो परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के साथ साथ शासन सत्ता का अंत भी होगा। वाशिंगटन में यून के साथ बाइडेन की बैठक कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ते तनाव के बीच हुई है।

इस शिखर सम्मेलन के दौरान,बाइडेन और यून ने नए परमाणु निवारक प्रयासों की घोषणा की है। दोनों देशों ने उत्तर कोरिया के परमाणु हमले, परमाणु सलाहकार समूह की स्थापना, और परमाणु और रणनीतिक हथियार संचालन योजनाओं पर जानकारी साझा करने में सुधार की स्थिति में द्विपक्षीय राष्ट्रपति परामर्श की योजना के लिए भी प्रतिबद्ध किया।

उत्तर कोरिया ने किया 100 मिसाइलों का प्रशिक्षण: 2022 की शुरुआत के बाद से, उत्तर कोरिया ने लगभग 100 मिसाइलों का परीक्षण किया है। इसमें अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के कई प्रदर्शन शामिल हैं और दक्षिण कोरिया पर सिम्युलेटेड परमाणु हमलों के रूप में उत्तर में वर्णित कम दूरी की लॉन्चिंग भी शामिल है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के आने वाले हफ्तों या महीनों में व्यापक रूप से आगे बढ़ने की उम्मीद है। वह एक परमाणु शक्ति के रूप में उत्तर की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से एक अभियान चला सकता है।

बाइडेन का किया अपमान: किम यो जोंग ने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरियाई समझौते ने उत्तर के खिलाफ सबसे शत्रुतापूर्ण और आक्रामक कार्रवाई को अंजाम दिया है। बाइडेन का अपमान करते हुए किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया उनकी बेतुकी टिप्पणी को पूरी तरह से खारिज करता है।

बोरिस जॉनसन ऋण विवाद के बाद बीबीसी अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

लंदन, एजेंसी। बीबीसी के अध्यक्ष रिचर्ड शार्प ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट के बाद इस्तीफा दे दिया कि क्या वह पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को ऋण की सुविधा में अपनी भागीदारी का ठीक से खुलासा करने में विफल रहे। बीबीसी ने कहा कि बैरिस्टर एडम हेप्प इंस्टाल को सार्वजनिक नियुक्ति आयुक्त द्वारा उन दावों की जांच के लिए नियुक्त किया गया था जो पहली बार संडे टाइम्स में सामने आए थे।

अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए, शार्प ने कहा कि रिपोर्ट, जो शुक्रवार को प्रकाशित हुई थी, उसने पाया कि जब मैंने सार्वजनिक नियुक्तियों के लिए शासन कोड का उल्लंघन किया, तो उन्होंने कहा कि एक उल्लंघन अनिवार्य रूप से नियुक्ति को अमान्य नहीं करता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में पाया गया है कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के लिए ऋण की सुविधा, व्यवस्था या वित्तपोषण में कोई भूमिका नहीं निभाई। शार्प ने कहा कि ऐसा नहीं करना एक अनावश्यक था और इसके लिए माफी मांगी। एक बयान में, उन्होंने कहा कि वह विचलित नहीं होना चाहते थे, यह कहते हुए कि बीबीसी की अध्यक्षता करना एक सम्मान की बात थी। वह जून तक पद पर बने रहेंगे जब तक कि उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं हो जाती। उनके इस्तीफे के जवाब में, बीबीसी बोर्ड ने कहा, हम रिचर्ड के फैसले को स्वीकार करते हैं और समझते हैं। हम रिचर्ड को अपना धन्यवाद देना चाहते हैं, जो एक मूल्यवान और सम्मानित सहयोगी रहे हैं और बीबीसी के एक बहुत प्रभावी अध्यक्ष रहे हैं। बीबीसी बोर्ड का मानना है कि रिचर्ड ईमानदार व्यक्ति हैं।

रूस से तेल खरीदेगा पाकिस्तान, अमेरिका को कोई आपत्ति नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी। अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत मसूद खान ने इस बात की पुष्टि की है कि इस्लामाबाद रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीद रहा है। पाकिस्तान और अमेरिका के बीच संबंधों के भविष्य पर विल्सन सेंटर के दक्षिण एशिया संस्थान द्वारा वाशिंगटन डीसी में एक सम्मेलन में बोलते हुए खान ने कहा कि वाशिंगटन के साथ सकारात्मक परामर्श के बाद इस्लामाबाद ने रूसी तेल के लिए अपना पहला ऑर्डर दिया था।

दूत ने कहा, हमने रूसी तेल के लिए पहला ऑर्डर दिया है, और यह अमेरिकी सरकार के परामर्श से किया गया है। इस गिनती पर वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच कोई गलतफहमी नहीं है।

दूत ने कहा, उन्होंने (अमेरिका) सुझाव दिया है कि हम प्राइस कैप से नीचे या ऊपर कुछ भी खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं और हमने उस समझौते का पालन किया है। मुझे लगता है कि वाशिंगटन को कोई आपत्ति नहीं है। खान के बयान को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रतिध्वनित किया, जिन्होंने कहा कि प्रशासन ने इस सौदे का विरोध नहीं किया।

पटेल ने कहा, हर एक देश अपने फैसले खुद ले रहा है क्योंकि यह अपनी ऊर्जा आपूर्ति से संबंधित है।

उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन ने इस तरह की खरीद के लिए दरवाजे और विकल्प खुले छोड़ दिए थे, नीति में बदलाव जिसने पिछले साल मास्को पर हमला करने और यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद रूसी तेल पर राज्यों को प्रतिबंधित कर दिया था।

उन्होंने कहा, जी7 के माध्यम से अमेरिका, मूल्य कैप का एक बड़ा समर्थक रहा है, इसका एक कारण यह सुनिश्चित करना है कि रूसी ऊर्जा को बाजार से दूर रखने के लिए कदम नहीं उठाए जा रहे हैं क्योंकि हम समझते हैं कि आपूर्ति की मांग है।

रूस से कच्चे तेल के आयात की खबर की पुष्टि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी की, जिन्होंने कहा कि उनकी सरकार कच्चे तेल की पहली खेप प्राप्त करने के लिए तैयार है। यह निर्णय बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह न केवल नकदी की तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान का समर्थन करता है और राहत देता है, बल्कि यह सरकार के लिए एक सकारात्मक विश्वास को भी बढ़ावा देता है जो पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की महत्वपूर्ण वित्तीय योजना के पुनरुद्धार की प्रतीक्षा के आलोक में भुगतान संकट के संतुलन को टालने के लिए संघर्ष कर रही है।

जानकारों का कहना है कि कच्चे तेल के लिए रूस के साथ पाकिस्तान की डील का विरोध नहीं करने का अमेरिका का फैसला इस बात का संकेत है कि वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच संबंध पटरी पर लौट रहे हैं। राजदूत खान ने कहा, हम व्यवसाय में वापस आ गए हैं। यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका पाकिस्तान के विदेशी सैन्य वित्तपोषण और विदेशी सैन्य बिक्री को बहाल करे, जिसे डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले प्रशासन द्वारा निलंबित कर दिया गया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555